अस्याः परिभाषायाः ज्ञापकं वर्तते ''वाह ऊठ्'' इति सूत्रे ऊठ्ग्रहणमिति। तथा हि– यदीयं परिभाषा न स्यात्तर्हि ''वाह ऊठ्'' इत्यस्य स्थाने ''वाहः'' इत्येव सूत्रं क्रियताम्। तत्र पूर्वसूत्रात्सम्प्रसारणमित्यनुवर्त्य सूत्रार्थस्स्याद्धस्य वाहस्सम्प्रसारणमिति। तेन विश्वोपपदाद्वधातोः ण्यन्ताद् ''वहश्च'' (अ.3।2।64) ण्विप्रत्यये सर्वापहारिलोपे ''कृत्तद्धितसमासाश्च''(अ.1।2।46) इति सूत्रेण प्रातिपदिकसंज्ञायां द्वितीयाबहुवचने शसि विश्ववाह् अस् इति स्थिते वकारस्य सम्प्रसारणे उकारे ण्विप्रत्ययनिमित्तके लघूपधगुणे विश्व ओह् अस् इति स्थिते ''वृद्धिरेचि'' (अ. 6।1।88) इति सूत्रेण वृद्धौ विश्वौहः इति रूपं सिद्ध्यति।

एवं पूर्वोक्तरीत्या ऊठ्ग्रहणं व्यर्थीभूयेमां परिभाषां ज्ञापयति। ज्ञापनोत्तरमन्तरङ्गकार्यस्य लघूपधगुणदृष्ट्या बहिरङ्गकार्यसम्प्रसारणस्यासिद्धत्वादुणस्याप्राप्त्या विश्वौहः इति रूपं न स्यादिति हेतोः विश्वौहः इति रूपस्य सिद्ध्यर्थमूठग्रहणं स्वांशे चरितार्थं भवति।

परिभाषायाः लोकन्यायसिद्धत्वम्–

इदमन्तरङ्गत्वं लोकन्यायसिद्धत्वम्। यथा लोकेऽपि दृश्यते मनुष्याः प्रातः उत्थाय स्वशरीरकार्यं कुर्वन्ति, यतो हि सर्वेषामपेक्षया स्वशरीरमेवादावुपतिष्ठति। ततः सुहृदां, ततः स्वसम्बन्धिनाम्। एवं शब्दशास्त्रे शब्दश्रवणात्परं शब्दस्य शब्दशास्त्रकल्पितजातिः उपतिष्ठति।

तदनन्तरं जातिपुरस्कृतव्यक्तिभानं भवति। तदनन्तरं जातिविशिष्टव्यक्तौ लिङ्गसंख्याकारकाणां सम्बन्धमानं भवति। येन क्रमेण जात्यादीनां भानं भवति तेनैव क्रमेण तत्तद्बोधकशब्दानामप्युपस्थितिः भवति। तेनैव क्रमेण तेषां कार्यमपि विधीयते। अत एव पटुशब्दस्य स्त्रीलिङ्गे ङीप, ततस्तृतीयैकवचने टाविभक्तौ पटु इ आ. इति स्थितौ उकारस्य स्थाने तथा इकारस्य स्थाने समकाले यणादेशे प्राप्तेऽन्तरङ्गत्वात्पूर्वं पूर्वयणादेशः परयणादेशस्य बहिरङ्गतया परयणादेशं बाधते। तेन पट्ट्या इति रूपं सिद्ध्यति।

परिभाषायाः अनित्यत्वम्–

अस्माकं सम्प्रदाये अन्तरङ्गपञ्चकमिति प्रसिद्धमेव। अन्तरङ्गपरिभाषायाः अनित्यत्वादेवाग्रिमाश्चतस्रः परिभाषास्सिद्ध्यन्ति। ताः परिभाषाः यथा ''नाजानन्तर्ये बहिष्वप्रक्लृप्तिः'' (प.51), ''अन्तरङ्गानपि विधीन् बहिरङ्गो लुग्बाधते'' (प.52) ''पूर्वोत्तरपदनिमित्तकार्यात् पूर्वमन्तरङ्गोऽप्येकादेशो न''(प. 53), ''अन्तरङ्गानपि विधीन् बहिरङ्गो ल्यप् बाधते'' (प.54) इति। तत्र कथमन्तरङ्गपरिभाषायाः अनित्यत्वादेतासां परिभाषाणां सिद्धिः इति एकां परिभाषां स्वीकृत्य उदाहरणत्वेनोपस्थाप्यते। यथा ''नाजानन्तर्ये बहिष्ट्वप्रक्लृप्तिः'' इति।

अत्र अक्षैर्दीव्यति इत्यर्थे अक्षपूर्वकाद्दिब्धातोः क्विप्प्रत्यये ''च्छ्वोः शूडनुनासिके च'' (अ.6।4।19) इति सूत्रेण वकारस्य ऊठि कृते अक्ष दि ऊ इति स्थिते यणादेशः प्राप्तः। किन्तु क्विब्निमित्तकोठादेशस्य बहिरङ्गत्वाद् ''असिद्धं बहिरङ्गमन्तरङ्गे'' इति परिभाषया तस्यासिद्धत्वाद्यणादेशो न स्यादिति शङ्का वर्तते। अस्याः शङ्कायाः निवारणाय ''नाजानन्तर्ये बहिष्ट्वप्रक्लप्तिः'' इति परिभाषाऽऽरभ्यते। अव्यवहितोत्तरमचं निमित्तीकृत्यान्तरङ्गकार्यं कर्त्तव्यं भवति चेद्बहिरङ्गकार्यस्यासिद्धत्वं न भवतीति परिभाषार्थः। तेन ''नाजानन्तर्ये बहिष्वप्रक्लुप्तिः'' इति परिभाषासामर्थ्यादन्तरङ्गपरिभाषायाः अनित्यत्वज्ञापनात् अक्ष दि ऊ इति स्थितेऽचं निमित्तीकृत्यान्तरङ्गकार्ये यणादेशे कर्त्तव्ये बहिरङ्गकार्यस्य ऊठादेशस्यासिद्धत्वाभावाद्यणादेशे कृते विभक्तिकार्येऽक्षय्यूः इति रूपं सिद्ध्यति।

उपसंहारः–

नागेशभट्टकृतपरिभाषेन्दुशेखरस्यात्मस्वरूपान्तरङ्गपरिभाषा। यथा आत्मज्ञानं जीवनस्य मुख्यमुद्देश्यन्तस्य ज्ञानाय सर्वे प्रवर्तन्ते, तथैव परिभाषेन्दुशेखरस्यात्मस्वरूपान्तरङ्गपरिभाषाज्ञानाय सर्वैरपि प्रवर्तितव्यम्। तस्य मार्गप्रदर्शनाय ममायं प्रबन्धः। वस्तुतस्त्वन्तरङ्गपरिभाषा बहुविस्तृतत्वात्सर्वथा तस्याः आलोचनमसम्भवम्। अतो यावच्छक्यमत्र मया दर्शितमिति शम्।

तथ्यसूत्राणि–

1. परिभाषेन्दुशेखरः(सम्पा. विश्वनाथमिश्रः।)। पृष्टाङ्कः- 180
2. तत्रैव। पृष्टाङ्कः- 189
3. तत्रैव। पृष्टाङ्कः- 190 संकेताक्षरसूची

   अ.- अष्टाध्यायी।

   प.-परिभाषेन्दुशेखरः।

सन्दर्भग्रन्थसूची–

1. एन. एस रामानुजताताचार्य (सम्पा.)। शाब्दबोधमीमांसा। दिल्ली: राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्, 2005।
2. जानमदिरामकृष्ण (सम्पा.)। लघुमञ्जूषाभाट्टरहस्यविमर्शः। तिरुपतिः: राष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठम्, 2002।
3. झा रमेशचन्द्रः (सम्पा.)। पाणिनीयव्याकरणम्। वाराणसी: चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, 2005।
4. पाणिनिः। अष्टाध्यायी। स्पमा. -पुष्पादीक्षितः, दिल्ली: ज्ञानभारती पाब्लिकेशन्, 2009।
5. पाणिनिः। पाणिनीयशिक्षा। सम्पा.- रमाशङ्कर मिश्रः। वाराणसी: चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, 2015।
6. नागेशः। परिभाषेन्दुशेखरः। सम्पा. जयदेवशर्ममिश्रः। वाराणसी: चौखम्बा विद्याभवन, 2009 (प्रथमसंस्करणंम्)।
7. नागेशः। परमलघुमञ्जूषा। सम्पा.- जयशङ्करलालत्रिपाठी। वाराणसी: चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, 2006।
8. नागेशः। परिभाषेन्दुशेखरः। सम्पा. विश्वनाथमिश्रः। वाराणसी: चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, 2014 (प्रथमसंस्करणम्)।
9. भर्तृहरिः। वाक्यपदीयम् (ब्रह्मकाण्डम्)। सम्पा. सत्यनारायण खण्डूडी। वाराणसी: चौखम्बा विद्याभवन, 2006।
10. भट्टोजिदीक्षितः। सिद्धान्तकौमुदी(तत्वबोधिनीसहिता)। सम्पा. गिरिधरशर्मा, परमेश्वरानन्दशर्मा। दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, 1961 (प्रथमसंस्करणम्)।
11. युधिष्ठिरमीमांसकः सम्पा.। संस्कृत व्याकरण शास्त्र का इतिहास।। वारणसी: चौखम्बा पब्लिशर्स, 2003।

प्रभारी प्राचार्यः,

हरियाणासंस्कृतविद्यापीठम्,

बघौला, पलवलम, हरियाणा

स्मृतिषु वर्णितदण्डविधानस्य विवेचनम्

डॉ.कृष्णा शर्मा

शोधसारांशः – धर्मशास्त्रे चतसृणां विद्यानाम् उल्लेखः प्राप्यते। ताः आन्वीक्षिकी, त्रयी, वार्ता दण्डनीतिश्चेति सन्ति। वर्तमानसमये समाजे सर्वत्र भयस्य वातावरणं दृश्यते। अपराधनिरोधाय दण्डस्य महत्वपूर्णा भूमिका प्रतिभाति। शोधलेखेऽस्मिन् अपराधस्वरूपवर्णनेन सह व्यवहारस्य व्याख्याऽपि वर्णिता। दण्डविषये महाभारते भीष्मेनोक्तं यदुद्दंडानां दुष्टानां च दमनं करोति स दण्डःभवति। अतः चतसृषु विद्यासु अत्र दण्डस्य विशदं वर्णनं कृतम्।

विषयप्रस्तावना –

धर्मशास्त्रे आन्वीक्षिकी, त्रयी, वार्ता दण्डनीतिश्चेति चतस्रःविद्याः सन्ति। तत्र प्रथमा विद्या आत्मविश्लेषणात्मिका विद्या आन्वीक्षिकी, द्वितीया त्रिषु वेदेषु प्रतिपादितधर्माधर्मविवेचनीया विद्या त्रयी विद्या प्रकल्प्यते, तृतीया विद्या वार्ता वर्तते या च व्यापारविषयकज्ञानप्रदायिका, पशुपालनं, कृषिकार्यम्, अन्यवणिक्वृत्तिज्ञानप्रदर्शिका विद्या वार्ता विधीयते। चतुर्थविद्या दण्डनीतिः दण्डविषयिका, उचितानुचितकार्यफलप्रदायिका अस्ति। एतासु सर्वासु विद्यासु प्रधानविद्या दण्डनीतिः प्रतिपादिता यतोहि दण्डनीत्या एव सर्वे जनाः स्वकर्मरताः भवन्ति। दण्डनीत्याः प्रवर्तकः नृप एव भवति , सः सर्वेषां स्वामीरूपेण प्रतिष्ठितः अतएव सर्वप्रथमं नृपस्य सृष्टिरभवत्। मनुनोक्तम् –

अराजके हि लोकेऽस्मिन् सर्वतो विद्रुते भयात्।
रक्षार्थमस्य सर्वस्य राजानमसृजत्प्रभुः।। [1]

अस्मिन् संसारे यदा सर्वत्र अराजकता व्याप्ता अभवत् , सर्वे जनाः भयेन कम्पमानाः अभवन् तदा ईश्वरेण राज्ञः सृष्टिः कृता। यतोहि स एक एव अस्ति यः प्रजायाः संरक्षणं कर्तुं शक्यते। यदा कोऽपि नेता न भवति तदा प्रजायाः नेतृत्वं दुष्करं भवति, नेतृत्वप्रदानाय च दण्डशक्तिः आवश्यकी यया नृपः स्वप्रजायां धर्मस्थापनां कर्तुं शक्यते। प्राचीनस्मृतिशास्त्रेषु दण्डविधेः समुचितं वर्णनं प्राप्यते। दण्डभयेन जनाः स्वकर्मसु रताः भवन्ति। दण्डाभावेन सबलाः जनाः निर्बलजनेषु मात्स्यन्यायस्यारोपणं कृत्वा तान् प्रताडयिष्यन्ति। अतः दण्डस्य समुचितप्रयोग एव राजधर्मः। अपराधिजना एव दण्डनीयाः न च निरपराधिनः। अपराधविषयेऽपि स्मृतिकाराणां विस्तृतं विवेचनं प्राप्यते। स्मृतिचन्द्रिकायाः मन्तव्यमस्ति यत् नृपः केषाञ्चित् विषयाणामवलोकनं स्वयं कर्तुं शक्नोति। जनानां सूचनया, प्रार्थनापत्रस्योपस्थापनया विनाऽपि नैकान् प्रपञ्चान् अपराधस्वरूपेण स्वीकर्तुं शक्नोति। अन्योन्यस्य परस्परहितानां हानिप्रक्रिया अनुचिता प्रतीयते।अतः वधः, स्तेयं, स्त्रीसंग्रहणं, साहसं च शाश्वतम् अनुचितम् अपराधश्च स्वीक्रियते। यदा जनेषु कामक्रोधलोभमोहादीनां महारिपुणां समावेशो जायते तदा ते अपराधिनः बोध्यन्ते। मानवस्य विवेकः एतेषां महारिपुणामग्रे मन्दः जायते तदा सः अपराधं

प्रति अग्रेसरति। अपराधनिरोधाय अस्माकं स्मृतिशास्त्रेषु दण्डविधानस्योल्लेखः प्राप्यते। दण्डविधानेन जनेषु अपराधप्रवृत्तीनां निरोधो जायते। अपराधविषये नारदेनोक्तम् –

आज्ञालंघनकर्तारः स्त्रीविधो वर्णशंकरः।
परस्त्रीगमनचार्यं गर्भश्चैव पतिं विना।।
वाक्पारुष्यमवाच्यं यादण्डपारुष्यमेव च।
गर्भस्य पातनं चैवेत्यपराधा दशैव तु।।[2]

इमे दशविध– अपराधकर्मकर्तारःअपराधीपदेन बोध्यन्ते। अनुचितरीत्यनुसारं व्यवहृतव्यवहारः अपराधरूपेण गण्यते। प्राचीनकालादेव मनुयाज्ञवल्क्येनोक्तं यत् व्यवहारस्य यदि अनुचितप्रयोगः भवति तदा अपराधस्वरूपं परिवर्तितं भवति। अष्टादशव्यवहारपदानां विषये मनुस्मृत्यामुल्लिखितमस्ति यत्–

तेषामाद्यऋणादानं निक्षेपोऽस्वामिविक्रमः।
संभूय च समुत्थानं दत्तस्यानपकर्म च।।
वेतनस्यैव चादानं संविदश्च व्यतिक्रमः।
क्रयविक्रयानुशयो विवादःस्वामिपालयोः।।
सीमाविवादधर्मश्च पारुष्ये दण्डवाचिके।
स्तेयं च साहसं चैव स्त्रीसंग्रहणमेव च।।
स्त्रीपुंधर्मो विभागस्य द्यूतमाह्वय एव च।
पदान्यष्टादशैतानि व्यवहारःस्थितावेह।।[3]

मनु–नारद–बृहस्पति–याज्ञवल्क्येत्यादिषु स्मृतिकारेषु व्यवहारपदानां संख्यायाः विषये मतभिन्नता प्राप्यते। अत्र सर्वेषां मतानुसारं व्यवहारपदानि उल्लिखितानि सन्ति।

सर्वप्रथमं *कौटिल्यानुसारम्* – ऋणादानम्, उपनिधिः, अस्वामिविक्रयः, समयस्यानपाकर्म, विक्रीत–क्रीतानुशयः, सीमाविवादः, वाक्पारुष्यम्, दण्डपारुष्यम्, साहसम्, स्त्रीसंग्रहणम्, दायभागम्, द्यूतसमाह्वय, प्रकीर्णकः इत्यादयः।

याज्ञवल्क्यानुसारम् – संभूयसमुत्थानम्, दत्ताप्रदानिकः, वेतानादानः, ऋणादानम्, उपनिधिः, अस्वामिविक्रयः, संविदव्यतिक्रमः, क्रीतानुशयः, विक्रीयांसप्रदानम्, स्वामीपालविवादः, सीमाविवादः, वाक्पारुष्यम्, दण्डपारुष्यम्, स्तेयम्, साहसम्, स्त्रीसंग्रहणम्, दायविभागः, द्यूतसमाह्वयम्, अभ्युपेत्याशुश्रूषा, प्रकीर्णकः इत्यादयः।

नारदानुसारम्– निक्षेपः, अस्वामिविक्रयः, सम्भूय च समुत्थानम्, दत्ताप्रदानिकः, ऋणादानम्, वेतनस्यानपाकर्म , समयस्यानपाकर्म, क्रीतानुशयः, विक्रीयांसप्रदानम् , क्षेत्रविवादः , वाक्पारुष्यः, दण्डपारुष्यः, साहसम्, स्त्रीपुंयोगः, दायभागः, द्यूतसमाह्वयम् , अभ्युपेत्याशुश्रूषा, प्रकीर्णकः इत्यादयः।

बृहस्पत्यनुसारम्– कुसीदम्, निधिः, अस्वामिविक्रयः, सम्भूय च समुत्थानम्, अदेयाद्यः, भृत्यदानम्,

समयातिक्रमः, क्रयविक्रयानुशयः, भूवादः, वाक्पारुष्यः, दण्डपारुष्यः, स्तेयः, वधः, स्त्री-संग्रहणम् , स्त्रीपुंसंयोगः, दायभागः, अक्षदेवनम्, अशुश्रुषा, प्रकीर्णकः इत्यादयः।

याज्ञवल्क्यनुसारम् – धर्मशास्त्रप्रतिपादितमार्गविरुद्धमार्गेणाभिभूतःकस्मैश्चित् राज्ञे प्राड्विवाकाय न्यायाधीशायवा निवेदयति स एव व्यवहारविषयो भवति। व्यवहारपदशब्दस्यार्थविषये याज्ञवल्क्येनोक्तं यत्

स्मृत्याचारव्यपेतेन मार्गेणाऽऽधर्षितः परैः।
आवेदयति चेद्राज्ञे व्यवहारपदं हि तत्।।[4]

व्यवहारशब्दस्य विषये धर्मशास्त्रकाराणां मताः भिन्नाः सन्ति। कौटिल्येन व्यवहारपदस्य स्थाने विवादपदं प्रयुक्तम्। अतः विवादे स्वपक्षं सिद्धकरणार्थं साधनरूपेण प्रमाणस्यावश्यकता भवति येन सिद्धिर्भवति। प्रमीयते परिच्छिद्यतेऽनेनेति प्रमाणम्। लिखितम्, भुक्तिः, साक्षी चेति प्रमाणत्रयं प्रतिपादितम्। यत्र प्रमाणैः दोषी निर्दोषी वा सिद्ध्यति तत्र यं प्रति अभियोगं सिद्ध्यति तस्मै दण्डनीत्यनुसारं दण्डः विधीयते। स्मृतिग्रन्थेषु दण्डविषये दण्डनीतिः विस्तरेण वर्णिता अस्ति। मनोः मन्तव्यमस्ति यत् दण्डविधानेन दण्डभयेन वा जनाः स्वकर्मरताःभवन्ति। यथा –

तस्य सर्वाणि भूतानि स्थावराणि चराणि च।
भयाद्भोगाय कल्पन्ते स्वधर्मान्न चलन्ति च।।[5]

याज्ञवल्क्यनुसारं दुराचारिणामपराधिणां दमनमेव दण्डः। दमनं दण्डप्रक्रिया च दण्डः उच्यते। महाभारते भीष्मेनोक्तं यदुद्दण्डानां दुष्टानां च दमनं करोति स दण्डः भवति। मानवेभ्यःप्रमादनिरोधार्थं, धनरक्षार्थं, धर्मरक्षार्थं, लोकमर्यादानां-परम्पराणां रक्षार्थश्च दण्डविधानमावश्यकम्। दण्डविधिना सामाजिकसम्बन्धानां, दायादाधिकाराणां सर्वासां परम्पराणाश्च सम्यग् रूपेण परिपालनं कर्तुं समर्थाःभवन्ति जनाः।

उक्तश्च याज्ञवल्क्येन –

तद्वाप्य नृपो दण्ड दुर्वृत्तेषु निपातयेत्।
धर्मो हि दण्डरूपेण ब्रह्मणा निर्मितः पुरा।।[6]

दण्डोत्पत्तिविषये मनुनोक्तं –

तस्यार्थे सर्वभूतानां गोप्तारं धर्ममात्मजम्।
ब्रह्मतेजोमयं दण्डमसृजत्पूर्वमीश्वरः।।[7]

याज्ञवल्क्येनापि उक्तं यत् सृष्ट्यादौ ब्रह्मणा दण्डस्वरूपे धर्ममसृजत्, धर्मरक्षणार्थं स्थापनार्थश्च दण्डोत्पत्तिरभवत्। मनुना अस्मिन् प्रसंगे उक्तं यत्-

स राजा पुरुषो दण्डः स नेता शासिता च सः।
चतुर्णामाश्रमाणां च धर्मस्य प्रतिभूःस्मृतः।।
दण्डशास्ति प्रजाः सर्वा दण्ड एवाभिरक्षति।
दण्डः सुप्तेषु जागर्ति दण्डं धर्म विदुर्बुधाः।।[8]

अन्यवस्तुनां विनाशः, पशुनामाघातः, वापीकूपतडागानां नाशः, सीमालङ्घनं विनाशश्च, क्षेत्रेषु अग्निदाहः,

औद्योगिकविनाशः, राष्ट्रसम्पत्तिनां हानिः इत्यादयःअपराधश्रेण्यां गण्यन्ते। एतेषाम् अपराधानां दण्डविधानमपि भिन्नं कल्पितम्। नारदेनोक्तं यत् स्त्रीपुरुषैः सह अप्राकृतिकव्यवहारेऽपि वैश्याकुलस्य शुल्कस्य अष्टगुणं दण्डं निर्धारितम्।

उपर्युक्तविवरणेन ज्ञायते यत् आपराधिजनानां सन्मार्गं प्रति प्रेरणाय तथा समाजे अपराधानां पुनः प्रवृत्तिर्न भवेत् एतादर्थं जनाः स्वस्वधर्माचरणेषु रताः भवेयुः, सुखशान्तिप्राप्त्यर्थं मनुयाज्ञवल्क्यनारदबृहस्पति-इत्यादीनां स्मृतिशास्त्रेषु न्यायोचितदण्डव्यवस्था समुपवर्णिता अस्ति। अस्याःपरम्परायाः परिपालनाय कैश्चन् परिवर्तनैः सह अद्यापि ईदृशी दण्डव्यवस्था न्यायालयेषु व्यवह्रियते।

टिप्पणी –

1. मनुस्मृतिः 7 /03
2. नारदस्मृतिः
3. मनुस्मृतिः 8/4-7
4. याज्ञवल्क्यस्मृतिः
5. मनुस्मृतिः 7 /15
6. याज्ञवल्क्यस्मृतिः1/355
7. मनुस्मृतिः 7 /14
8. मनुस्मृतिः 7 /17-18

सहाचार्या, विभागाध्यक्षा
धर्मशास्त्रविभागः,
केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
एकलव्यपरिसरः, अगरतला, त्रिपुरा

व्यक्तिविवेके वचनप्रक्रमभेदः

डॉ. किशोरकुमारदलाई

अलंकारशास्त्रस्य ध्वनिविरोध्याचार्येषु ख्रीष्टसंवत्सरस्येकादशशताब्द्यां स्वजन्मना कश्मीरभुवं विभूषितवान् महिमभट्टः अन्यतमः। अनेन ध्वनिकृदानन्दवर्धनेन प्रवर्तितः ध्वनिसिद्धान्तो निराकृतः काव्यानुमितिः सिद्धान्तिता च। अस्य व्यक्तिविवेकनामा ग्रन्थः प्रसिद्धः वर्तते। अस्य प्रथमे विमर्शे ध्वनिलक्षणं साटोपं निराकृतम्, तत्र काव्यानुमितिश्च साधिता। द्वितीये विमर्शे काव्यगतमनौचित्यं तथा विस्तरेण स नवविचारं च प्रतिपादितवान्। यदन्यत्र न लभ्यते। तृतीये विमर्शे ध्वन्यालोकगतध्वन्युदाहरणेषु काव्यानुमितिः सविस्तरं सयुक्तिश्च प्रदर्शिता। प्रकृते द्वितीये विमर्शे विवेचितेष्वनौचित्येषु प्रक्रमभेदरूपस्य वचनक्रमरूपो भेदो विचार्यते। अत्र विचारणीया विषयबिन्दवः इमे सन्ति–

(1) अनौचित्यम्।

(2) औचित्यस्य भेदाः।

(3) प्रक्रमभेदप्रभेदस्य वचनप्रक्रमभेदः तदुदाहरणञ्च।

एतद् क्रमेण प्रदर्श्यते–

(1) गुणालङ्कारविशिष्टस्य शब्दार्थयुगलस्य काव्यस्यात्मा रसः। महिमभट्टः कथयति यद् रसस्य काव्यात्मत्वे कस्यचिदपि विदुषो विवादो न विद्यते।[1] अस्य काव्यात्मभूतस्य रसस्य प्रतीतौ यद् विघ्नं विदधाति तदनौचित्यं उच्यते।[2] अनौचित्यस्य एतद् लक्षणं ध्वनिकृतः अनेन श्लोकेन साम्यं वहति–

अनौचित्यादृते नान्यद् रसभङ्गस्य कारणम्।
प्रसिद्धौचित्यबन्धस्तु रसस्योपनिषत् परा।।[3]

इदमेवान्यैः आचार्यैं दोषपदेनापि निगद्यन्ते। अनौचित्यमिदं द्विधा भवति– शब्दगतम् अर्थगतञ्चेति। तत्रार्थगतमनौचित्यम् अन्यैराचार्यैः विचारितमिति महिमभट्टेन न विचारितम्। किन्तु व्याकरणशास्त्रस्य बीजस्य षड्विधस्य शब्दगतानौचित्यस्य एव प्रतिपादनं कृतम्।

(2) तत्रानौचित्यस्य षट् प्रकाराः इमे सन्ति यथा– विधेयाविमर्शः, प्रक्रमभेदः, क्रमभेदः, पौनरूक्त्यं, वाच्यावचनम्, अवाच्यवचनं चेति।

(3) उपक्रमः प्रारम्भो वा प्रक्रमोच्यते। तस्य भेदः प्रक्रमभेदः कथ्यते। येन शब्देन येन प्रकारेण च कस्यचित् कथनस्य प्रारम्भः क्रियते तेनैव तेन प्रकारेण च उपसंहारः कर्तव्यः। अन्यथा स्वरसवाहिन्याः प्रतीतेः भेदेन विच्छेदे सति रसप्रतीतौ व्यवधानं भवति यथा–''उदेति सविता ताम्रस्ताम्र एवास्तमेति च।'' इत्यत्र ताम्रशब्देन प्रारम्भे कृते यदि रक्तशब्देन उपसंहार क्रियते तदा शब्दस्यापि शाब्दबोधे विशेषणत्वेन प्रतीत्या शब्दरूपविशेषणभेदे सति अर्थस्यैकत्वेपि प्रतीतेर्भेदो भवति। अतः तादृशे स्थले ताम्रपदेन प्रारम्भस्य रक्तपदेनोपसंहारे प्रक्रमभेदो जायते। अत एवोक्त श्लोके 'ताम्र एव' इति 'ताम्र' शब्देनोपसंहारः कृतः। अस्य

प्रक्रमभेददोषस्य बीजं व्याकरणशास्त्रे लभ्यते। 'स्वामी' शब्दस्य योगे सति षष्ठी सप्तमी वा भवति। यथा– ''देवदत्तः गवाम् अश्वानां च अथवा गोषु अश्वेषु च स्वामी'' इत्यत्र महाभाष्यकारः सूचयति यद् यदा षष्ठ्या प्रारम्भः तदा पष्ठ्यैव समाप्तिः स्यात् एवं यदा सप्तम्याः प्रारम्भः तदा सप्तम्या एव समाप्तिः कार्या, किन्तु षष्ठ्या प्रारम्भः सप्तम्या समाप्तिः, सप्तम्या प्रारभ्य षष्ठ्या समाप्तिर्वा न कर्तव्या। यथा– देवदत्तः गवां अश्वेषु च स्वामी, अथवा देवदत्तः गोषु अश्वानां च स्वामी इति प्रयोगो न कर्तव्यः। इदं व्यक्तिविवेकस्य व्याख्याने रूय्यकेण एवं प्रकारेणोक्तम्– तथा ''स्वामीश्वराधिपतिदायादे'' इत्यत्र सूत्रे ''नहि भवति गवां स्वामी अश्वेषु चेति'' वदता भाष्यकृता स्पष्टमेव प्रक्रमभेदः प्रतिपादितः।[4]

प्रकृति–प्रत्यय–सर्वनाम–पर्याय–विभक्ति–उपसर्ग–वचन–तिङन्त–काल–कारकशक्ति–शब्दार्थक्रमवस्तु–भेदेन नानाविधो भवति। तत्र व्यक्तिविवेके वचनप्रक्रमभेदः कथं विचारितोऽस्तीति प्रदर्श्यते–

वचनप्रक्रमभेदः– ''येन वचनेन प्रारम्भः तेनैवोपसंहारः'' इति नियमो यत्र अतिक्रम्यते तत्र वचनप्रक्रमभेदो भवति। अस्योदाहरणद्वयं व्यक्तिविवेके लभ्यते। तत्र प्रथमोदाहरणं यथा–

काचित् कीर्णा रजोभिर्दिवमनुविदधौ मन्दवक्त्रेन्दुलक्ष्मी–
रश्रीकाः काश्चिदन्तर्दिश इव दधिरे दाहमुद्भ्रान्तसत्त्वाः।
भ्रेमुर्वात्या इवान्याः प्रतिपदमपरा भूमिवत् कम्पमानाः
प्रस्थाने पार्थिवानामशिवमिति पुरो भावि नार्यः शशंसुः।।[5]

अत्र ''काचित्'' इति एकवचनेन प्रारम्भः कृतः किन्तु ''काश्चित् नार्यः'' इत्यत्र बहुवचनेनोपसंहारो कृतः। अतो वचनप्रक्रमभेदो वर्तते। अत्र यदि ''काचित्'' इत्यस्य स्थाने काश्चित् इति यदा बहुवचनं क्रियते तदा बहुवचनेनैव प्रारम्भो उपसंहारश्च भवति। ततश्च वचनप्रक्रमभेदो निवर्तते।

वचनप्रक्रमभेदस्य द्वितीयमुदाहरणमिदं वर्तते–

''अभिवाञ्छितं प्रसिध्यतु भगवति युष्मत्प्रसादेन इति।''[6]

अत्र भगवति इति एकवचनान्तसम्बोधनेन प्रारम्भः कृतः, किन्तु ''युष्मत् प्रसादेन'' इत्यत्र युष्मच्छब्देन बहुवचन–निर्देशात् बहुवचनेनैव समाप्तिः कृतेति वचनप्रक्रमभेदः। यदि तु युष्मत् 'प्रसादेन' इत्यस्य स्थाने भवत्प्रसादेन इति पाठः क्रियते तदा वचनप्रक्रमभेदो निवर्तते।

एवं इह व्यक्तिविवेके यो वचनप्रक्रमभेदः प्रदर्शितः स विचारितः। इदमनौचित्यम् अन्यत्रापि काव्ये गवेषणीयं भवति।

सन्दर्भाः–

1. व्यक्तिविवेके, प्रथमविमर्शे पृ.111
2. व्यविवेके पृ.–182 द्वि.वि.
3. ध्वन्यालोके, 2 उद्योते
4. महाभाष्ये, 2.3.39
5. व्यक्तिविवेके, 2 विमर्शे, पृ.299
6. व्यक्तिविवेके, पृ.300

सहायकाचार्यः, साहित्यविभागः,
केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः, जयपुरपरिसरः, जयपुरम्

वेदार्थ में स्वर की उपयोगिता

डॉ. सुधीर कुमार शर्मा

वेदाध्ययन के सम्बन्ध में मनुस्मृतिकार कहते हैं कि जो द्विज वेद को न पढ़कर अन्यत्र श्रम करता है वह अपने जीते जी ही वंश सहित शीघ्र ही शूद्रता को प्राप्त होता है। अतः प्रत्येक द्विज का कर्तव्य है कि वह वेदाध्ययन कर अपना तथा अपने कुल का कल्याण करे

योऽनधीत्य द्विजो वेदमन्यत्र कुरुते श्रमम्।
स जीवन्नेव शूद्रत्वमाशु गच्छति सान्वयः।।[1]

किन्तु वेदार्थ को जाने बिना वेद पढ़ना श्रेयस्कर नहीं है। इस सम्बन्ध में महर्षि यास्क का कथन इस प्रकार है

स्थाणुरयं भारहारः किलाभूदधीत्य वेदं न विजानाति योऽर्थम्।
योऽर्थज्ञ इत्सकलं भद्रमश्नुते नाकमेति ज्ञानविधूतपाप्मा।।[2]

अर्थात् जो मनुष्य वेद पढ़कर उसके अर्थों को नहीं जानता वह भारवाही पशु अथवा ढूँठ वृक्ष के समान है, परन्तु जो अर्थ का ज्ञाता है वह यहाँ समस्त सुखों को प्राप्त होता है तथा कल्याण को प्राप्त करता हुआ अन्त में दुःखरहित होकर मोक्ष को प्राप्त करता है। इसी प्रकरण में महर्षि वेदव्यास भी महाभारत में अर्थसहित वेदाध्ययन के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुये कहते हैं–

यो हि वेदे च शास्त्रे च ग्रन्थधारणतत्परः।
न च ग्रन्थार्थतत्त्वज्ञस्तस्य तद्धारणं वृथा।।
भारं स वहते तस्य ग्रन्थस्यार्थं न वेत्ति यः।
यस्तु ग्रन्थार्थतत्त्वज्ञो नास्य ग्रन्थागमो वृथा।।[3]

अर्थात् जो वेदादि शास्त्रों को कण्ठस्थ करने में तत्पर है परन्तु उनके अर्थों से अनभिज्ञ है, उसका कण्ठस्थीकरण व्यर्थ ही है क्योंकि जो ग्रन्थ के तात्पर्य को नहीं समझता, वह ग्रन्थ को रटकर मानो उसका भार ही ढोता है। परन्तु जो ग्रन्थ के अर्थ तत्त्व को जानने वाला है उसका ग्रन्थ पढ़ना कदापि वृथा नहीं होता अपितु सार्थक कहलाता है। अतः सर्वकल्याण के लिये वेद परमावश्यक हैं तथा वेदों को हृदयंगम करने के लिये वेदार्थ-ज्ञान अनिवार्य है। अत एव बड़े-बड़े मनीषियों ने वेदों की रक्षा को कर्त्तव्य बताया है। इस सम्बन्ध में महाभाष्यकार महर्षि पतंजलि कहते हैं- 'रक्षार्थ वेदानामध्येयं व्याकरणम्'[4] अर्थात् वेदों की रक्षा के लिये व्याकरण शास्त्र पढ़ना चाहिए। व्याकरण शास्त्र को वेदों का मुख भी कहा गया है- '**मुखं व्याकरणं स्मृतम्।**'[5] वेदों को जानने के लिये व्याकरण उसी प्रकार उपयोगी है जिस प्रकार मानव शरीर में मुख उपयोगी होता है।

वेदों के वास्तविक अभिप्राय को समझने के लिए जितने साधन प्राप्त होते हैं उनमें स्वर-शास्त्र

प्रधानता रखता है। 'स्वर ज्ञान के महत्त्व का प्रतिपादन करते हुए पण्डित युधिष्ठिर मीमांसक अपनी 'वैदिक स्वर-मीमांसा' नामक पुस्तक में लिखते हैं कि- 'वेद के वास्तविक अभिप्राय तक पहुँचने के जितने साधन हैं, उनमें स्वरशास्त्र सब से प्रधान है। व्याकरण और निरुक्त जैसे प्रमुख शास्त्र भी स्वर-शास्त्र के अंग बनकर ही वेदार्थ-ज्ञान में सहायक होते हैं। स्वर-शास्त्र का विरोध होने पर ये दोनों शास्त्र पंगु बने रहते हैं। स्वर-ज्ञान के बिना न केवल मन्त्र का वास्तविक अभिप्राय ही अज्ञात रहता है अपितु स्वरशास्त्र की उपेक्षा से अनेक स्थानों में अर्थ का अनर्थ भी हो जाता है। इसलिये वेद के सूक्ष्मतम अभिप्राय तक पहुँचने के लिये उदात्त आदि स्वरों का ज्ञान नितान्त आवश्यक है।[6] उपर्युक्त विद्वद् वचन से यह तो स्पष्ट हो जाता है कि स्वरों का ज्ञान कितना आवश्यक है किन्तु उपर्युक्त प्रकरण में व्याकरण से तात्पर्य केवल शब्द-व्युत्पत्ति अर्थात् प्रकृति-प्रत्यय-विभाग से है क्योंकि स्वर-शास्त्र भी व्याकरण का एक प्रकरण देश है। निरुक्त अर्थ-निर्वचन शास्त्र है, शब्द व्युत्पत्ति शास्त्र नहीं है। इसी कारण व्याकरण और निरुक्त एक दूसरे के पूरक होते हुये भी पृथक्-पृथक् शास्त्र हैं।

महर्षि दयानन्द सरस्वती ने वेदार्थ में स्वरों की महत्ता को जानते हुये ही स्वर-विषयक 'सौवर' ग्रन्थ की रचना की जिसमें वे लिखते हैं

वेदार्थोपयोगितया संक्षेपत, स्वराणां व्यवस्था लिख्यते

अर्थात् वेद के अर्थ में उपयोगी होने से स्वरों की व्यवस्था संक्षेप से लिखते हैं। इसी प्रकरण में ऋग्वेद के प्रसिद्ध भाष्यकार वेंकट माधव कहते हैं–

अन्धकारे दीपिकाभिर्गच्छन्न स्खलति क्वचित्।
एवं स्वरैः प्रणीतानां भवन्त्यर्थाः स्फुटा इति।।[7]

अर्थात् यथा अन्धकार में मशालों की सहायता से चलता हुआ कहीं ठोकर नहीं खाता उसी प्रकार स्वरों की सहायता से किए गए अर्थ स्फुट (सन्देह-रहित) होते हैं, इत्यादि विद्वद्वचनों से वेदार्थ में स्वरों की उपयोगिता सुस्पष्ट ही है। अन्यत् महर्षि दयानन्द सरस्वती ने 'सौवरः' ग्रन्थ की भूमिका में सुस्पष्ट उल्लेख किया है कि- इस सौवर ग्रन्थ के बनाने का मुख्य प्रयोजन यही है कि जिससे सब मनुष्यों को उदात्तादि स्वरों की व्यवस्था का बोध यथार्थ हो जावे। जब तक उदात्तादि स्वरों को ठीक-ठीक नहीं जानते तब तक लौकिक एवं वैदिक वाक्यों अथवा छन्दों का स्पष्ट, प्रिय उच्चारण, गान और ठीक-ठीक अर्थ भी नहीं जान सकते है। उच्चारण आदि के यथार्थ न होने से लौकिक एवं वैदिक शब्दों से यथार्थ सुखलाभ भी किसी को प्राप्त नहीं होता है।[8] इस प्रकार लिखकर महर्षि दयानन्द महाभाष्य के पस्पशाह्निक के प्रसिद्ध उदाहरण को प्रकृत प्रसंग में दर्शाते हुये लिखते हैं- 'देखो इस विषय में प्रमाण–

दुष्टः शब्दः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्।।[9]

जो शब्द अकारादि वर्गों के स्थान प्रयत्नपूर्वक उच्चारण नियम और उदात्तादि स्वरों के नियम से विरुद्ध बोला जाता है उस को मिथ्याप्रयुक्त कहते हैं, क्योंकि जिस अर्थ को जताने के लिये उसका

प्रयोग किया जाता है उस अर्थ को वह शब्द नहीं कहता किन्तु उससे विरुद्ध अर्थान्तर को कहता है। इसलिये उच्चारण किया हुआ वह शब्द अभीष्ट अभिप्राय को नष्ट करने से वज्र के तुल्य वाणीरूप होकर यजमान अर्थात् शब्दार्थ सम्बन्ध की संगति करने वाले पुरुष ही को दुःख देता है। जैसे 'इन्द्रशत्रुः शब्द स्वर के विरोध से ही विरुद्धार्थक हो जाता है। इन्द्रशत्रु तत्पुरुष समास में तो अन्तोदात्त इन्द्र अर्थात् सूर्य का शत्रु मेघ बढ़कर विजयी हो। 'इन्द्रशत्रु' यहाँ बहुव्रीहि समास में पूर्वपद प्रकृति स्वर से आधुदात्त स्वर होता है और शत्रु शब्द का अर्थ यही है कि शान्त करने वा काटनेवाला– **इन्द्रोस्थ शमयिता वा शातयिता वा**[10] अतः तत्पुरुष समास में तो इन्द्र नाम सूर्य का शत्रु जिसका शत्रु शान्त करने वा काटने वाला है ऐसा अन्य पदार्थ मेघ आया। अधुना प्रकृत स्थान पर कोई व्यक्ति 'सूर्य को शान्त करने वाला मेघ है, इस आशय से इन्द्रशत्रु शब्द का उच्चारण करना चाहिए, परन्तु यदि इस 'इन्द्रशत्रु' पद में आधुदात्त उच्चारण कर दिया जाये तो उसका अभिप्राय नष्ट हो जायेगा अर्थात् भाव बदल जायेगा क्योंकि आधुदात्त उच्चारण से बहुव्रीहि समास में मेघ का शान्त करने वा काटने वाला सूर्य ऐसा भाव प्रकट होगा।

अतः जिसको अपना जैसा अर्थ (भाव) इष्ट हो उसको वैसे ही स्वर और वर्णों का नियमानुसार उच्चारण करना चाहिए। मनुष्यों को जब उदात्त आदि स्वरों का यथावत ज्ञान हो जाता है तब स्वरप्रयुक्त लौकिक एवं वैदिक शब्दों के नियत अर्थों को सहजता से जान लेता है। यथा किसी एक शब्द को आधुदात्त स्वरयुक्त देखा तो समझ में आयेगा कि अमुक अर्थ में अमुक जित् वा णित् प्रत्यय हुआ है, इसलिये इस का यही अर्थ होना चाहिए, इससे विपरीत अर्थ नहीं होगा, ऐसा निश्चय केवल स्वरज्ञ (स्वर ज्ञाता) को ही हो पाता है। उदाहरणार्थ यहाँ महर्षि दयानन्द 'सौवरः' ग्रन्थ की भूमिका में एक और उदाहरण प्रस्तुत करते हैं– जैसे स कर्त्ता, स कर्त्ता इन दो वाक्यों में दो प्रकार के स्वर होने से दो प्रकार के अर्थ होते हैं। प्रथम वाक्य में तृन् प्रत्ययान्त आधुदात्त कर्ता शब्द है। अतः अर्थ होगा वह अच्छा (साधु) करनेवाला है और दूसरे वाक्य में लुडन्त अन्तोदात्त कर्ता शब्द क्रियारूप है। अतः अर्थ होगा वह कल करेगा। एवंविध एक प्रकार के पदों का अर्थभेद स्वर व्यवस्था के जानने से ही समझ में आता है अन्यथा अज्ञान से वेदमन्त्रों के अर्थ का अनर्थ होकर बहुविध भ्रान्तियाँ उत्पन्न हो जाती है जिससे **'संशयात्मा विनश्यति'** की उक्ति चरितार्थ हो जाती है। अतः वेद के सूक्ष्मतम अभिप्राय को जानने के लिये स्वरों का ज्ञान अत्यन्त आवश्यक हो जाता है। एतदर्थ स्वरों को जानने के लिए उनके अंकन (चिह्न) प्रकार को जानना आवश्यक है।

वर्तमान में जितने भी सस्वर वैदिक ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं उनमें उदात्तादि स्वरों के अंकन प्रकार अर्थात् चिह्न भी एक जैसे नहीं हैं कहीं तो अत्यन्त विषमता उपलब्ध होती है। इसका विवरण पं. युधिष्ठिर मीमांसक अपनी पुस्तक 'वैदिक-स्वर मीमांसा में देते हैं–

1. ऋग्वेद[11], यजुर्वेद[12] तथा अथर्ववेद में प्रयुक्त नीचे की पडी रेखा अनुदात्त का चिह्न है। यथा अग्निमीळे[13] इषे त्वोर्जे त्वां[14] ये त्रिषप्ताः[15] उपर्युक्त मन्त्र स्थानों में नीचे की पड़ी रेखा (–) शतपथ ब्राह्मण (माध्य. काण्व.) में उदात्त का चिह्न है। यथा– इषे त्वोर्जे त्वेति[16]

2. ऋग्वेद (काश्मीर पाठ से अन्यत्र) यजुर्वेद (माध्य., काण्व., तैत्ति.) तथा अथर्ववेद में ऊपर की खड़ी रेखा स्वरित का चिन्ह है यही ऊपर की खड़ी रेखा ऋग्वेद के काश्मीर पाठ तथ मैत्रायणी संहिता में उदात्त के लिए प्रयुक्त होती है। यथा–

अग्निमीले[17]**, इषे त्वा सुभूताय**[18]

पं. युधिष्ठिर मीमांसक की कृति 'वैदिक-स्वर-मीमांसा' के अनुसार सामवेद में उदात्तादि स्वरों का अंकन रेखाओं के स्थान में 1,2,3 संख्याओं तथा उनके साथ क्वचित् 'क', 'र', 'उ' अक्षरों द्वारा होता है यथा अग्न आ याहि[19],

वैदिक ग्रन्थों में स्वर चिह्नों की इन विषमतओं के कारण स्वरज्ञाता भी किंचित् चिन्तन में पड़ जाता है तो स्वरशास्त्र के न जानने वालों की स्थिति क्या होगी। अतः स्वरों के विविध भेद एवं उनकी वेदार्थ में उपयोगिता और उनकी उपेक्षा से होने वाले भयंकर परिणाम तथा स्वर चिह्नों के विविध अंकन प्रकारों का ज्ञान अत्यन्त आवश्यक है।

स्वर कहते किसको हैं तथा स्वर शब्द से अन्य कौन-कौन से अर्थ ग्रहण होते हैं। सामान्यतः स्वर शब्द लौकिक और वैदिक दोनों वाङ्मय में प्रयुक्त होता है यथा– वाक् शब्द स्वर के अर्थ में प्रयुक्त है '**अधि स्वरे**'[20] सायणाचार्य इसका अर्थ **स्वरोपेते शब्दवति** अर्थात् 'स्वरों से युक्त शब्दात्मक वाक्' करते हैं। निघण्टु में भी स्वर शब्द वाङ्नामों में पढ़ा है। संहितोपनिषद् ब्राह्मण, शिक्षा शास्त्र, भरत नाट्यशास्त्र, प्रातिशाख्य, ऋक्तन्त्र और कातन्त्र आदि में स्वर शब्द उन अकारादि वर्गों के लिए प्रयुक्त होता है जिनका उच्चारण व्यंजनों की सहायता के बिना अर्थात् स्वतन्त्र रूप से होता है। यथा '**ववृतकरणाः स्वराः**'[21] '**अकाराद्याः स्वरा ज्ञेया औकारान्ताश्चतुर्दश**'।[22], '**एते स्वराः**[23], **तत्र चतुर्दशादौ स्वराः**[24] इत्यादि। पाणिनीय वैयाकरण इन अकारादि स्वरों का अच् प्रत्याहार से और फिट् सूत्रकार 'अष्' प्रत्याहार से व्यवहार करते हैं।

संगीत-शास्त्र और उससे संबद्ध प्रकरणों में षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पंचम, धैवत और निषाद नामक ध्वनि-विशेषों के लिए 'स्वर' शब्द का प्रयोग होता है यथा–

षड्जश्च ऋषभश्चैव गान्धारो मध्यमस्तथा।
पचंमो वश्चैव निषादः सप्तमः स्वरः।।[25]

'**स्वराः षड्जर्षभगान्धारमध्यमपंचमधैवतनिषादाः**'[26] उव्वट ने ऋक्प्रातिशाख्य की व्याख्या में इन षड्जादि स्वरों को यम नाम से उद्धृत किया है।[27] पूर्व वर्णित षड्जादि सप्तक ही सामगान में क्रुष्ट, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, मन्द्र और अतिस्वार्य नाम से उल्लिखित हैं।

नासिका के दाएं-बाएँ रन्ध्र से प्रवाहित होने वाले प्राण के लिए भी स्वर शब्द प्रयोग में आता है। इस प्रकार सूर्य, सोम, प्रजापति, पशु, श्री, प्रणव इत्यादि के लिए भी स्वर शब्द पृथक्-पृथक् शास्त्रों में उपलब्ध होता है।

महाभाष्य में सात स्वरों का निर्देश किया गया है–

'सप्त स्वरा भवन्ति–उदात्तः, उदात्ततरः, अनुदात्तः अनुदात्ततरः स्वरितः, स्वरिते य उदात्तः सोऽन्येन विशिष्टः, एकश्रुतिः सप्तमः'।[28]

महाभाष्यानुसार उदात्त, उदात्ततर, अनुदात्त, अनुदात्ततर, स्वरित, स्वरित के आरम्भ में विद्यमान उदात्त (अन्य उदात्त से भिन्न) तथा एकश्रुति ये सप्त स्वर माने जाते हैं। नारदीय शिक्षा में भी सामगानोपयोगी सात स्वरों का उल्लेख मिलता है– षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पंचम, धैवत और निषाद्। क्रुष्ट, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ मन्द्र और अतिस्वार्य कहा गया है।[29] महर्षि दयानन्द 'सौवर' ग्रन्थ में महाभाष्य का उदाहरण देते हुये समझाते हैं– **'स्वयं राजन्त इति स्वराः, अन्वग्भवति व्यंजनम्'।।**[30] स्वर उनको कहते हैं जो बिना किसी की सहायता से उच्चरित और स्वयं प्रकाशमान हों और व्यंजन वे होते हैं जिनका उच्चारण स्वर के आधीन हो। पुनः अष्टाध्यायी के सूत्रों तथा महाभाष्य के प्रत्युदाहरणों से उदात्त, अनुदात्त, स्वरित, स्वरित के भेद, एकश्रुति, उदात्त से परे जिस अनुदात्त को स्वरित विधान किया उस (अनुदात्त) से परे उदात्त वा स्वरित हो तो उस अनुदात्त को स्वरित न होना, यज्ञकर्म अर्थात् यज्ञसम्बन्धी कर्म में एकश्रुति स्वर का विधान इत्यादि स्वरों के नियमों का सुस्पष्ट वर्णन किया है। इन समस्त नियमों को जानकर ही स्वर-विषय हृदयंगम होता है, तदनन्तर ही वेदार्थ में बुद्धि गति करती है अन्यथा स्वर-नियमों के अज्ञान से अर्थ का अनर्थ हो जाता है। भर्तृहरि भी अनेकार्थक शब्दों के अर्थनियमन के लिए अनेकप्रकार के हेतुओं का वर्णन करते हैं जिनमें स्वर भी हैं–

सामर्थ्यमौचिती देशः कालो व्यक्तिः स्वरादयः।
शब्दार्थस्यानवच्छेदे विशेषस्मृतिहेतवः।।[31]

वेंकटमाधव जैसे विद्वान् भी स्वविरचित स्वरानुक्रमणी के आरम्भ में पदार्थज्ञान के हेतुओं में स्वर का निर्देश करते हुये लिखते हैं– **'नामाख्यातविभागश्च स्वरदेवावगम्यते'** अर्थात् नाम और आख्यात का विभाग स्वर से ही जाना जाता है। अनन्तर अपनी स्वरानुक्रमणी का प्रयोजन दर्शाते हुये लिखते हैं–

'अनुक्रमणिका षष्ठी स्वरतोऽर्थस्य निर्णयः।
प्रदर्शयति मन्त्रेषु ग्राह्या सा निपुणैर्नृभिः।।[32]

अर्थात् षष्ठी अनुक्रमणी मन्त्रों में स्वर से अर्थ का निर्णय दर्शाती है। उसे बुद्धिमान मनुष्यों को ग्रहण करना चाहिये।

संस्कृत वाङ्मय में ऐसे शब्द अतिस्वल्प हैं जो कि एक अर्थ के वाचक हों, अधिकांशतः शब्द अनेकार्थक हैं और उसमें भी वैदिक शब्दों का तो कोई उदाहरण ही मिलेगा जो एकार्थक हो। अतः कहाँ किस शब्द का क्या अर्थ ग्रहण करना चाहिए इसके लिये आचार्यों ने अनेक उपाय बतायें हैं उनमें स्वर-ज्ञान भी अति विशिष्ट है। इसके अभाव में वेदार्थ यथार्थ से वंचित रह जाता है। अतः वेद के सूक्ष्मतम, विशालतम शाब्दिक चमत्कारों के ज्ञान के लिए स्वर-ज्ञान भी अत्यावश्यक है। वेदार्थ में स्वर की अनुपयोगिता को दर्शाने वाले व्यक्तियों के लिए वेंकटमाधव का कथन निम्नानुसार है–

भाषमाणास्तमेवार्थमथ सम्प्रति मानवाः।
मयाविनो लिखन्त्यन्ये व्याख्यानानि गृहे गृहे।।[33]

सन्दर्भाः–

1. मनुस्मृति 2.1683.
2. निरुक्त 1.18
3. महाभारत शान्तिपर्व 305, 13, 14
4. पस्पशाहिक, महाभाष्य
5. ऋक्प्रातिशाख्य पाणिनीय शिक्षा 41,42
6. वैदिक-स्वर-मीमांसा, पं. युधिष्ठिर मीमांसक
7. स्वरानुक्रमणी 1.8
8. भूमिका, सौवरः
9. महाभाष्य 3.1
10. निरुक्त अध्याय -2
11. काश्मीर पाठ के अतिरिक्त
12. माध्यन्दिन, काण्व., तैतिः
13. ऋग्वेद 1.1.1
14. यजुर्वेद 1.1.1
15. अथर्ववेद 1.1.1
16. माध्य.शत. 1.7.1.2
17. ऋग्वेद काश्मीर पाठ 1.1.1
18. मैत्रायणी. 1.1.1
19. सामवेद 1.1.1
20. ऋग्वेद 8.72.7
21. पाणिनीय शिक्षा 3.8
22. नाट्यशास्त्र 14.8
23. ऋक्प्रातिशाख्य 1.3
24. कातन्त्र 1.1.2
25. नारदशिक्षा 1.2.4
26. पिगंलसूत्र 3.64
27. ऋक्प्रातिशाख्य 13.44 की उव्वट व्याख्या
28. महाभाष्य 1.2.33
29. तैत्तिरीय प्रातिशाख्य- 23.14
30. महाभाष्य 1.2.23
31. वाक्यपदीयम
32. स्वरानुक्रमणी
33. मन्त्रार्थानुक्रमणी

सह-आचार्य,
संस्कृत विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

लोक कल्याणकारी राज्य और कौटिल्य

डॉ. सीमा अग्रवाल

सारांश– प्रस्तुत पत्र लोककल्याणकारी राज्य की अवधारणा को स्पष्ट करता है। पत्र में राजतंत्र की समाप्ति से अहस्तक्षेपवादी राज्य से लोककल्याणकारी राज्य में परिवर्तन की यात्रा को स्पष्ट करते हुए राज्य के लोककल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डाला गया है। प्रस्तुत पत्र प्राचीन भारतीय चिन्तन के साथ लोककल्याणकारी राज्य की नवीनतम अवधारणा के सम्बन्ध का विश्लेषण करता है। पत्र में विशेष रूप से कौटिल्य के चिन्तन में राज्य के कार्यक्षेत्र की समीक्षा की गई है। कौटिल्य ने अपनी पुस्तक अर्थशास्त्र में राज्य के जिन विस्तृत एवं लोककल्याणकारी कार्यों पर चर्चा की है वह उसे वर्तमान लोककल्याणकारी राज्य की अवधारणा के निकट ले आता है। प्रस्तुत पत्र में यही विश्लेषण करने का प्रयास है कि प्राचीन भारतीय चिन्तन भी सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक राजनीति की दृष्टि से समृद्ध था एवं वर्तमान धारणाओं के साथ प्रासंगिकता रखता है।

Key Words

लौकिक – इस लोक का
पारलौकिक – आध्यात्मिक या इस लोक से बाहर
दुर्भिक्ष – अकाल
द्यूतक्रीड़ा – जुआ

राजनीति सिद्धान्त के क्षेत्र में लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा अधिक पुरानी नहीं है। सामंतवादी राज्य से नकारात्मक या अहस्तक्षेपवादी राज्य और नकारात्मक से सकारात्मक या कल्याणकारी राज्य में परिवर्तन काफी संघर्षों और चुनौतियों के बाद सम्भव हो पाया। इसके लिए वर्तमान समाज एवं राजनीतिक सिद्धान्त ने लम्बी यात्रा की है।

औद्योगिक क्रान्ति, पुनर्जागरण, ज्ञानोदय इत्यादि के फलस्वरूप उदारवाद अस्तित्व में आया तब व्यक्ति की स्वतन्त्रता की रक्षा के लिए राज्य की नकारात्मक भूमिका पर बल दिया।[1] उदारवाद ने सामंतवाद के पतन के बाद राजनीति को मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था के अनुरूप मोड़ने के लिए अहस्तक्षेप या लैसे-फेयर नीति का समर्थन किया। उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध तक प्रायः पूरे यूरोप, अमेरिका में इसी नीति का समर्थन होता रहा कि राजय को कम से कम कार्य करने चाहिये या स्वंय को कुछ बुनियादी कार्यों जैसे कानून, व्यवस्था एवं सुरक्षा तक सीमित रहना चाहिये। इस समय राज्य पुलिस राज्य या प्रहरी राज्य की भूमिका में था।[2]

असीमित स्वतन्त्रता, नगरों, उद्योग-धन्धों एवं व्यापार के राष्ट्रव्यापी एवं विश्वव्यापी विस्तार के

बाद भी किसानों, मजदूरों एवं आमजन की स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ बल्कि बाजार-नियमों एवं पूंजीवाद की घोर विषमताओं के कारण मजदूर वर्ग का बेहद शोषण होने लगा। एक व्यक्ति की आर्थिक स्वतन्त्रता दूसरे के उत्पीड़न का स्रोत बन गई। मुक्त बाजार के भयानक परिणाम सामने आ रहे थे। साथ ही इस शोषण के कारण उदारवाद को मार्क्सवाद एवं समाजवाद की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। सम्पूर्ण विश्व में मजदूर आन्दोलनों एवं साम्यवादी क्रान्तियों की बाढ़ आ गयी इसलिए उदारवाद को संशोधन कर नागरिकों के कल्याण विशेषतः निर्बल एवं निर्धन व्यक्ति के कल्याण को महत्व देना पड़ा। सकारात्मक उदारवाद के अन्तर्गत यह माना जाने लगा कि राज्य को अपनी भूमिका का विस्तार कर सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए यही कल्याणकारी राज्य की संकल्पना के रूप में सामने आया।

जब से अहस्तक्षेप के सिद्धान्त का पतन हुआ तब से आधुनिक राज्य अपने नागरिकों के कल्याण के लिए बहुत सजग हो गये हैं। कल्याणकारी राज्य न केवल सामाजिक या सार्वजनिक सेवाओं की यथेष्ट व्यवस्था करता है अपितु नियम व कानून बनाकर व्यक्तियों और संस्थाओं की गतिविधियों को नियंत्रित भी करता है। आज का लोककल्याणकारी राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य, न्यूनतम आय, सामुदायिक आश्रय, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार, बिजली-पानी, ईंधन, परिवहन, डाक-तार, सड़क, पुल, पुस्तकालय, खेल के मैदान, आपदा में सहायता, बीमारी, बुढ़ापे, अशक्तता में सहायता इत्यादि की व्यवस्था करता है।[4]

इस तरह से देखा जाये तो लोककल्याणकारी राज्य की अवधारणा 20वीं शताब्दी की घटना है लेकिन यदि लोककल्याणकारी राज्य के इन कार्यों के संदर्भ में प्राचीन भारतीय विचारक कौटिल्य द्वारा प्रतिपादित राज्य के कार्यक्षेत्र की समीक्षा की जाये तो हम पाते हैं कि भारतीय राजनीतिक चिन्तन के इतिहास में कल्याणकारी राज्य की अवधारणा अत्यन्त प्राचीन है।

कौटिल्य का अर्थशास्त्र भारतीय चिन्तन की नीतिशास्त्र परम्परा का प्रतिनिधि ग्रन्थ है। अर्थशास्त्र राज्य की सैद्धान्तिक और व्यावहारिक, दोनों प्रकार की समस्याओं से सम्बन्धित है। इसीलिए यह प्रजा को संतुष्ट रखने के लिए कौटिल्य ने लोककल्याणकारी राज्य की धारणा प्रस्तुत की है जो वर्तमान कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के साथ प्रासंगिकता रखती है।[5]

अर्थशास्त्र में राज्य के कार्यक्षेत्र को अत्यन्त विस्तृत माना गया है तथा प्रजा की भौतिक सुरक्षा एवं उसके लौकिक एवं पारलौकिक कल्याण के लिए विभिन्न गतिविधियों को सम्पन्न करने के लिए राज्य की आवश्यक भूमिका को स्वीकार किया गया है।[6]

कौटिल्य ने राज्य की सम्पूर्ण संस्थाओं को मनुष्य के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक कल्याण का साधन बना दिया है। कौटिल्य ने जहाँ एक ओर राज्य के अस्तित्व के सैद्धान्तिक पक्ष में यह स्पष्ट किया है कि राज्य जनता के लौकिक और पारलौकिक कल्याण के लिये ही अस्तित्व में है वहीं उसने जनता के कल्याण के लिए राज्य के कार्यों की विस्तृत सूची प्रस्तुत करके राज्य

के लोककल्याणकारी स्वरूप को भली-भाँति स्पष्ट किया है जो आज के कल्याणकारी राज्य से भी बेहतर दिखाई देता है।

कौटिल्य ने सभी प्रकार के आंतरिक एवं बाह्य संकटों से प्रजा की रक्षा को राज्य का प्राथमिक कर्त्तव्य माना है। उनके अनुसार अशान्ति एवं असुरक्षा वाली मत्स्य न्याय की अवस्था से मुक्ति के लिए ही राज्य की उत्पत्ति हुई है।[7]

कौटिल्य ने न केवल बाह्य आक्रमणों, अपराधों एवं समाजकंटकों से प्रजा के जीवन की रक्षा को राज्य का दायित्व माना है अपितु प्रजा की सम्पत्ति एवं सदाचार की रक्षा का भार भी राज्य को सौंपा है। कौटिल्य ने राज्य को धर्म की रक्षा के साथ ही पति-पत्नी, पिता-पुत्र, भाई-बहिन, गुरू-शिष्य इत्यादि के सम्बन्धों की पवित्रता की रक्षा का दायित्व भी सौंपा है।

कौटिल्य ने आठ प्रकार की दैवीय विपत्तियों- आग, बाढ़, महामारी, दुर्भिक्ष, सांप, शर और भूत-प्रेत इत्यादि से जनता की रक्षा करने एवं सहायता के आवश्यक उपाय करने का कार्य राज्य का माना है।

प्रजा-रक्षण के इस कार्य के साथ ही कौटिल्य ने 'प्रजा को न्यूनतम हानि हो' ऐसे प्रयास करने का दायित्व भी राज्य का माना है। इसीलिए राज्य को यथासंभव युद्धों से बचाने के प्रयास पर बल दिया गया है।

कौटिल्य ने दरिद्रों, गर्भवती स्त्रियों, नवजात शिशुओं, अनाथों, वृद्धों इत्यादि को साहायता पहुंचाने का भार राज्य पर डालकर सामाजिक सुरक्षा की विस्तृत व्याख्या की है।

राज्य के लोककल्याणकारी कार्यों की सूची में कौटिल्य ने जनसाधारण के लिए मनोरंजन की व्यवस्था, नाटकों, द्यूत क्रीडा, सार्वजनिक भवनों में शयन और बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ जनता के नैतिक कल्याण के लिए मद्य-निषेध तथा अन्य अनैतिक कार्यों के नियंत्रण का भी प्रावधान किया है।

कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में राज्य के विस्तृत कार्यों के लिए अनेक विभागों के गठन का प्रावधान किया है जिससे वह जन सुरक्षा एवं जन कल्याण के कार्यों को नियमित एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कर सके।

कौटिल्य ने जनता के आवागमन के लिए सड़कों और जलमार्गों के निर्माण, नदियों पर पुल के निर्माण की व्यवस्था की है। स्वास्थ्य की रक्षा के लिए चिकित्सालयों की सफाई एवं संचालन की व्यवस्था, नैतिक एवं बौद्धिक कार्यों में लगे लोगों, तथा पीड़ित एवं वंचितों के जीवन निर्वाह की व्यवस्था. पर्यावरण की रक्षा के लिए वन एवं ज्यानों क विकास, विस्तार की व्यवस्था, जलाशयों की स्वच्छता की व्यवस्था, कृषि उपयोगी भूमि के विस्तार, समुचित सिंचाई इत्यादि की व्यवस्था करके कौटिल्य का लोक कल्याणकारी राज्य मनुष्य के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक कल्याण का साधन प्रतीत होता है।

इस लोक कल्याणकारी राज्य की तुलना वर्तमान वेलफेयर स्टेट से की जाये तो यह उससे बेहतर दिखाई देता है साथ ही यह संकेत देता है कि वेलफेयर स्टेट का सिद्धान्त प्राचीन भारतीय दर्शन में बहुत पहले ही प्रतिपादित हो चुका था।

वितरणात्मक न्याय के कौटिल्य के इस सूत्र में राज्य के लोक कल्याणकारी स्वरूप का सुन्दर चित्रण दिखाई देता है।

अलब्धलाभायः लब्धपरिरक्षिणो, रक्षितविधिनी वृद्धस्यतीयेषु प्रतिपादिनी च।।

संदर्भ सूची –

1. ओ.पी. गावा – राजनीति सिद्धान्त की रूपरेखा, पृष्ट संख्या 435-450
2. ओ.पी. गावा – राजनीति सिद्धान्त की रूपरेखा, पृष्ठ 448
3. विल किमलिका – समकालीन राजनीति दर्शन
4. डैविड मार्श – द वैलफेयर स्टेट
5. बी.एल. सालेटोर – एन्सीएन्ट इण्डियन पॉलिटिकल थॉट एण्ड इन्स्टीट्यूशन्स, एशिया पब्लिकेशन हाऊस, मुम्बई
6. प्रमुख भारतीय राजनीतिक चिन्तक – प्रो. मधुकर श्याम चतुर्वेदी, कॉलेज बुक हाऊस, 2006
7. कौटिल्य अर्थशास्त्र, प्रथम अधिकरण, तेरहंवा अध्याय, 6-7
8. अर्थशास्त्र द्वितीय अधिकरण, प्रथम अध्याय 9, 10, 11, 22, 24, 34, 35
9. चाणक्य प्रणीत सूत्र-4

सहायक आचार्य,
आधुनिक विभाग,
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
जयपुर परिसर, जयपुरम

वर्तमान मे चरित्रमाध्यम से शिक्षा प्रदान

डॉ. हरिओम शर्मा

प्राचीन शिक्षा व्यवस्था में गुरु-शिष्यों की प्रगाढ़ता, पूर्ण समर्पणता, अपने-अपने कर्त्तव्यों के प्रति सजगता में मूलभावना थी कि प्रत्येक व्यक्ति का विकास चतुर्दिक हो, साथ ही किसी भी क्षेत्र में वह अपने आपको असमर्थ न पाए। अतः गुरु कुलीय व्यवस्था में अपने आपको पूर्ण समर्पित कर देता था। जिससे उसका चारित्रिक विकास सुसंगठित होता था। इसके पीछे गुरु-शिष्य की दिनचर्या का महत्त्वपूर्ण योगदान था। यह थी वैदिक शिक्षा की मुख्य विशेषता, इसके आगे बौद्ध शिक्षा व मुस्लिमकालीन शिक्षा में विभिन्न दृष्टिकोण देखने को मिलते हैं। आधुनिक शिक्षा में तो और भी पृथकता दिखलाई देती है। लेकिन किसी भी शिक्षा प्रणाली की सर्वोत्तम कसौटी यह है कि - क्या वह व्यक्ति के नैतिक तथा आध्यात्मिक अभ्युत्थान के लिए उसकी शक्तिओं का पूर्ण विकास करती है, अथवा नहीं ? इस दृष्टिकोण से यह ऐतिहासिक सत्यता दिखलाई देती है कि मध्यकालीन शिक्षा - प्रणाली, व्यक्ति के नेतृत्व के गुणों का विकास करने में असमर्थ रही और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण व्यक्तिओं की पूर्ति नहीं कर सकी।[1]

यदि मध्यकालीन शिक्षा प्रणाली में प्रखर व्यक्तित्व का निर्माण करने की क्षमता होती, तो सम्भवत: भारत का मानचित्र लालरंग से न रंगा गया होता। इसी का प्रभाव आधुनिक शिक्षा प्रणाली में दिखलायी देता है। जिसमें शिक्षा के बीजारोपण में विदेशी व्यापारिक कम्पनियों का बोलबाला रहा है। जिनमें पुर्तगाली, फांसीसी, डच, डेन आदि मिशनरियों का प्रमुख स्थान है और डेन मिशनरियों को भारत में आधुनिक शिक्षा का पथ-प्रदर्शक माना जाता है। क्योंकि भवनों के आतंको से हिन्दू-शिक्षा व्यवस्था की नींव डगमगा चुकी थी। इसी दिशा में इन मिशनरियों ने निःशुल्क शिक्षा की योजना बनाकर और भारी संख्या में व्यक्तिओं को ज्ञान का रसास्वादन कराकर पथ-प्रदर्शक का कार्य किया, जिसमें जीगेनबल्ग (Ziegenbalg) के जीवन काल में ही 1716 में ट्रानक्यूबर में अध्यापकों की दीक्षा के लिए, एक प्रशिक्षण महाविद्यालय खोल दिया था। जहाँ से प्रशिक्षित अध्यापकों को प्राथमिक स्कूलों में नियुक्त कर दिया जाता था।[2]

इस प्रकार यह प्राचीन शिक्षा-व्यवस्था से लेकर आधुनिक शिक्षा-व्यवस्था का बीजारोपण स्पष्ट होता है। लेकिन आज चरित्र माध्यम से शिक्षा प्रदान करना एकाकी रूप में रह गया है। क्योंकि आज धार्मिक और नैतिक शिक्षा को संकुचित कर दिया, जिसमें धर्मनिरपेक्षता के सिद्धान्त को समाहित कर लिया गया है। इसी कारण आध्यात्मिक अतृप्ति से चारों तरफ अशांति ही दिखलायी देती है। किसी भी धार्मिक दर्शन में चार बातों की प्रमुखता होती है–

(1) तत्त्वज्ञान (मेटाफिजिक्स), (2) ज्ञान शास्त्र (इपिस्टेमोलोजी), (3) नीतिशास्त्र (इथिक्स)

तथा (4) कर्मकाण्ड (रिचुअल)। यहाँ नीति-शास्त्र ही व्यवहार का मूल्यांकन करने में अपनी महती भूमिका निभाता है। जिसमें व्यक्ति के सद् और असद् में अन्तर करके विवेक सम्मत लेने तथा सदाचार का प्रशिक्षण दिया जाता है। अतः यह नीतिशास्त्र ही नैतिकता का जनक है। जिसमें धर्म पूर्व आवश्यकता है। यदि धर्म कारण है तो नैतिकता परिणाम, जिसकी पूर्णता का समागम भारतीय धर्मग्रन्थों में पूर्णतः मिलता है। जैसे-श्रीमद्भगवद्गीता सम्पूर्ण विश्व के लिए अनूठा ग्रन्थ है। इसी तरह अरस्तू ने ''निकोमेकियन एथिक्स'' में पश्चिमी नीतिशास्त्र को विवेचित किया है। अतः जो सच्चे अर्थों में धार्मिक है, नैतिक आचरण युक्त अवश्य होगा और दुराचारी विद्वान् से सदाचारी मूढ़ उत्तम माना गया है। लेकिन आज दुराचारी विद्वानों की अधिकता दिखलायी देती है, जो समयपरस्त हैं। अपने आपको ऐसी प्रवृत्तियों में सलंग्न कर देते हैं। जो सामाजिक बन्धनों की डोर को भी अनायास ही तोड़ डालती है। स्वार्थवश अपने अस्तित्व को विस्मृत करते हुए, उन असामाजिक तत्त्वों को अंजाम देते हैं। जबकि छात्र का चारित्रिक विकास शिक्षक के चरित्र का अनुगामी होता है। वह गुरु को जिस परिस्थिति-काल देश में अनुप्राणित मानता है। उसी परिस्थिति में वह भी अनुरंजित हो जाता है। लेकिन प्राचीन काल से ही चरित्र निर्माण शिक्षा का एक आवश्यक उद्धेश्य रहा है। जैसेकि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी भी शिक्षा का चरम-लक्ष्य चरित्र निर्माण मानते थे। लेकिन यह धार्मिक व नैतिक शिक्षा के बिना अधूरा है। बालक पर बड़ों के आचरणों का प्रभाव पड़ता है। ब्रिट्रिशकाल में तो बच्चों के आदर्श राजनीतिक आन्दोलनकारी होते थे। लेकिन आज आदर्श व्यक्ति हैं, राजनेता या सिने जगत की हस्तियाँ, ये दोनों ही अनुकरणीय आदर्श प्रस्तुत करने में असमर्थ हैं। विद्यालय में अध्यापक और परिवार में माता-पिता अपने विशेष दायित्वों से विमोहित होते जा रहे हैं। जिससे आज का युवा दिशाविहिन हो गया है। जैसा कि कोठारी शिक्षा आयोग ने भी कहा है कि युवा पीढ़ी चारित्रिक संकट से गुजर रही है। जिसमें धर्म ही चरित्र निर्माण में सहायक हो सकता है। मन्दिर-मस्जिद, गुरूद्वारे और गिरजाधर सभी राजनीति प्रेरित हैं और हमारे राजनेता इनका दुरूपयोग कर रहे हैं। जिससे बेईमानी, व्यक्तिगत, स्वार्थ, सामाजिक लाभ से महत्त्वपूर्ण अधिकारों की माँग, कर्त्तव्यों की उपेक्षा, समाज विरोधी गतिविधियों में वृद्धि, आदर्शहीन व सिद्धान्तहीन कृत्यों में वृद्धि तथा निःस्वार्थ एवं निष्काम समाज सेवा का लोप तथा रिश्वत व कालाबाजारी का बोलवाला बढ़ता ही जा रहा है। यहाँ तक कि हाल ही समाचार एजेन्सियों के माध्यम से पता चला है कि जो व्यक्ति उच्चपदासीन रहकर, अपने कर्त्तव्य के प्रति वफादारी से युक्त होना चाहिए, वहीं आज विदेशी (पाकिस्तान) मुल्कादि के लिए जासूसी में लिप्त है। जिससे यह बात सामने आती है कि हमारे देश में नागरिकों का चारित्रिक पतन किस हद तक जा सकता है। जिसकी कल्पना करना ही असम्भव है। सुप्रसिद्ध अंग्रेज लेख स्माइल्स के अनसार चरित्र मानवजीवन का मुकुट मणि है। मनु के शब्दों में व्यक्ति का प्रथमधर्म सदाचार है। चरित्रवान् मनुष्य का विशेष महत्त्व बतलाया गया है। अतः मनुष्य को अपने चरित्र की यत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिए।''[3] महाभारत में भी बताया गया है कि मनुष्य को आचार (चरित्र) की यत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिए, धन तो आता जाता रहता है। जिसमें वित्त से यदि

व्यक्ति दुर्बल है तो वह क्षीण नहीं कहा जा सकता, किन्तु वृत्त (चरित्र) से नष्ट होने वाला तो सर्वथा नष्ट हो जाता है।[4] इसी में आगे वशिष्ठ धर्म सूत्र में बताया गया है कि ''चरित्रहीन अथवा आधारहीन व्यक्ति की इहलौकिक और पारलौकिक स्थिति कैसी होती है? जैसी कि षड् अंगों सहित वेद भी आचारहीन व्यक्ति को पवित्र नहीं करते, और वे मृत्युकाल में उन्हें इसी प्रकार छोड देते है, जैसे पंख निकल आने पर पक्षी घोंसला छोड़ देते हैं।[5] अतः चरित्र वह रत्न है, जो समाज में व्यक्ति को प्रतिष्ठित करता है। अनेक उदाहरणों के माध्यम से चरित्र निर्माण की आवश्यकता बलवती होती है। इसीमें आचार्य रेवानन्द जी गौड़ कल्याण में चरित्र निर्माण को मानव जीवन का आवश्यक अंग मानते हुए स्पष्ट करते हैं कि- आज स्थिति भयावह है। इस जगत् के शिक्षक-शिक्षार्थी और शिक्षा ये तीनो अंग आत्मस्वरूप से विमुख हैं। जिसमें धर्मनिरपेक्ष प्रशासन का अनर्थीकरण सिद्ध होता है। जिसमें लॉर्ड मैकाले की दुरभिसन्धि सफल हुई, इसी के फलतः जो शिक्षा अमृतलता थी, वह विषवल्लरी बन गयी। सम्पूर्ण राष्ट्र इस विष से आहत है। जिसमें विद्यार्थी वर्ग पर सबसे अधिक कुप्रभाव है। इसमें वह वेशभूषा, आचार-विचार से कल का नास्तिक डॉक्टर, इंजीनियर और अध्यापक बनकर वातावरण को दूषित करता रहेगा।''[6] माँ सरस्वती के पावन मन्दिर का पुजारी जुआरी, विद्यालय भ्रष्ट राजनीति के अखाडे और छात्रावास असामाजिक तत्त्वों के अड्डे बने हैं। वस्तुतः न माँ संयम आचरण का है और न विद्या की कोई बात ही। राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री तक ने शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन की बात बतायी, सभी ने एक मत से शिक्षा में धर्मशिक्षा व नैतिकता के समावेश की महत्ता को स्वीकार किया, लेकिन विचार, विचारों के रूप में ही रह गये। यहाँ स्थिति वैसी हो गयी, जैसे कि फूल हैं, पर महक नहीं, इन्सान हैं पर इन्सानियत नहीं, शिक्षा है पर सदाचार नहीं। अतः संख्यात्मक दृष्टि से शिक्षा, शिक्षालय, शिक्षार्थी और शिक्षकों की भरमार है। पर गुणात्मक दृष्टि से शून्य ही दिखलायी देती है। विद्यार्थी सृष्टि का शृंगार है। उसमें चरित्र निर्माण हो, ऐसी नैतिक शिक्षा नितान्त आवश्यक है। धर्म को नैतिकता का जनक माना गया है, जिसमें धर्म समन्वित शिक्षा ही नैतिक शिक्षा है। सत्-असत् सूचक शिक्षा विद्यार्थी जीवन में राडार यन्त्र है। सत् शिक्षा ही वह दिव्यौषधि है, जिसके सेवन से विद्यार्थी सन्मार्ग पर चलता है। अतः अध्यापक को चरित्रमाध्यम से सत् शिक्षा को ही बल प्रदान करना चाहिए, जिसमें धार्मिक शिक्षा-तन्त्र को मजबूत बनाना चाहिए, ऐसा करने पर विद्यार्थी प्रगतिशील और उदीयमान प्रकाश की भांति स्वतः ही चमकने लगेगा। क्योंकि विद्यार्थी ही समाज का श्रेष्ठ अंग है। उसका अन्तःकरण स्वच्छदर्पण है। उस पर समाज के दुश्चरित्रों का विधानसभा-लोकसभा के अभद्र क्रिया-कलापों का, अश्लील चलचित्रों का, चमकीली चुस्त वेश-भूषा का, 'सेक्स पुस्तकों' का और छात्रावास की कुसंग व्याधि का प्रभाव स्वतः ही हो जाता है। जिसमें निन्दनीय नेता, व्यसनी आचार्य, अन्ध, गूंगा, बहरा प्रशासन भी उसके अधः पतन का कारण सिद्ध होता है। अतः विद्यालयों में चरित्र निर्माण के माध्यम से शिक्षा प्रदान करते हुए इन बाधक तत्त्वों का मिटाना अत्यावश्यक है। अन्यथा यह भूल जीवन भर के लिए, अभिशाप सिद्ध हो जायेगी। इस सुधार के लिए माता-पिता, गुरू-परिवार, मित्र-मण्डल और प्रशासन तंत्र की

अति स्वच्छता आवश्यक है। एक विद्यार्थी का सुधार केवल इकाई का सुधार नहीं, वह सैंकडों व्यक्तिओं का सुधार है। इस चरित्र माध्यम से शिक्षा प्रदान करने में दस बातें सम्मिलित होती हैं–

1. सुसंस्कृत बालक को ही जीवन में प्रकाश और शक्ति दोनों प्राप्त होते हैं।
2. उनकी प्रारम्भिक शिक्षा योग्य सदाचारी आचार्य द्वारा सम्पन्न हों।
3. विद्यालयों में दार्शनिक महात्माओं को आमन्त्रित कर प्रवचन की व्यवस्था हो।
4. अश्लील साहित्य, चलचित्र, रोमांटिक, जासूसी पुस्तकों पर प्रतिबंध हो।
5. पूर्णमनोयोग के साथ अध्ययन।
6. गुरूजनों का अभिवादन।
7. नित्य का काम नित्य करना।
8. सादा जीवन।
9. ब्रह्मचर्य, व्रत-पालन तथा
10. मादक पदार्थों का त्याग भी परमावश्यक है।[7]

इन उपरोक्त बातों का गुरू, माता-पिता, समाज व प्रशासन अपने चरित्र में समाहित करते हुए, सृष्टि के श्रृंगार बालक को शिक्षा प्रदान करे। क्योंकि आज की शिक्षा पढ़े-लिखे युवकों को तो अत्यधिक संख्या में प्रदान कर रही है। लेकिन चरित्रवानों को नहीं, अतः इस परिप्रेक्ष्य में और भी अधिक चरित्रप्रधान शिक्षा की आवश्यकता बलवली होती है। ऐसा नहीं है कि आज चरित्रवान् लोग नहीं है, परन्तु उनका प्रतिशत घटता जा रहा है। धार्मिक व नैतिक शिक्षा चरित्र-निर्माण में महती भूमिका निभाती है।

अतः चरित्रमाध्यम से शिक्षा प्रदान करने में इस बात की महती आवश्यकता है कि बालकों को धार्मिक व नैतिक शिक्षा से सरोकार किया जावें, इसके लिए सर्वप्रमुख शिक्षक अपने नैतिक आचरणों में उन्हीं प्राचीन (परम्परागत मूल्यों) मूल्यों को पूर्णतः आश्रय प्रदान करेगा, तभी छात्रों का शिक्षा प्रदान की जायेगी।

सन्दर्भ–

1. It would be histoically true to assert that the medieval system of education failed to impart the qualities of leadership and thus ensure the supply of out standing personalities in the different walks of life. - ibid, P.97
2. N.NLaw : Promotion of learning by early european settlers, P. 68
3. आचारः परमोधर्मः श्रुत्युक्तः स्मार्त एव च; तस्मादस्मिन्सदा युक्तो नित्यं स्यादात्मवान्द्विजः।। मनु. 1/108
4. वृत्तं यत्नेन संरक्षेद् वित्तमेति च याति च। अक्षीणो वित्ततः क्षीणो वृत्तस्तु दृतो दृतः।। (महा. उद्योग 36/60)
5. आचारहीनं न पुनन्ति वेदा, यद्यप्य धीताः सह षडभिरगैः। छन्दांस्येन मृत्युकाले त्यज्यन्ति, नीडं शकुता इव जात पक्षाः।।
6. आचार्य, रेवानन्द : कल्याण (चरित्र निर्माणांक) पृ. 17 सन् 1983 वशिष्ठ धर्मसूत्र - पृ. सं. 613
7. वशिष्ठ, के.के., विद्यासंगठन एवं भारतीयशिक्षा की समस्याएँ : पृ. 190-191, सन् 1983 (धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा)

सहायकाचार्य, शिक्षाशास्त्रविभाग,

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर, जयपुर

अभिनवगुप्तपादस्याभिनवोक्तयः

डॉ. पवनव्यासः

विविधवाच्यवाचकरचनाप्रपञ्चचारुणः काव्यस्यात्मतत्त्वमुद्घोषयतः आनन्दवर्धनप्रणीतकाव्यालोकस्य सद्भावेऽपि लोचनं विना पदार्थप्रतिपत्तये प्रवृत्तानां प्रमातॄणां प्रवृत्तिसाफल्यमाकाशकुसुमचयनवत् सुदुर्लभं विद्यते। यथाह स्वयं लोचनकारः

किं लोचनं विनालोको भाति चन्द्रिकयापि हि।
तेनाभिनवगुप्तोऽत्र लोचनोन्मीलनं व्यधात्।।[1]

यथा लोचनं विना लोकः चन्द्रिकया अपि नोद्भास्यते तथैव लोचनटीकां विना आलोकः (काव्यालोकः ध्वन्यालोको वा) चन्द्रिकया टीकया अपि नावबुद्ध्यते। अत एव अभिनवगुप्तपादाचार्यः काव्यालोके विद्यमानं यथार्थमवबोधनाय लोचनोन्मीलनं व्यधादिति स यथार्थमेवाह न गर्वमिति विदितमेव काव्यतत्त्वविदाम्।

संस्कृतसाहित्यजगति श्रीमदभिनवगुप्तपादाचार्यस्य 'महामाहेश्वर' इत्यभिख्यया दार्शनिकत्वेन, लोचनकार इत्यभिख्यया आलङ्कारिकत्वेन सरसकाव्यप्रणयनात् कवित्वेन चापि प्रसिद्धिः विद्यते। डॉ. कान्तिचन्द्रपाण्डेयविरचिते 'अभिनवगुप्त' इत्याख्ये ग्रन्थे अभिनवगुप्तपादेन विरचितानां ग्रन्थानां सङ्ख्या चतुष्चत्वारिंशत् वर्तते। सर्वशास्त्रविशारदेन गुप्तपादेन प्रत्यभिज्ञाशैवदर्शनमवलम्ब्य तन्त्रालोक-तन्त्रसारप्रभृतयः ग्रन्थाः प्रणीताः। नाट्यशास्त्रे तस्य 'अभिनवभारती' टीका विद्वज्जगति सुप्रसिद्धा। अलङ्कारशास्त्रे रससिद्धान्तसन्दर्भे तस्य 'अभिव्यक्तिवादः' सुप्रतिष्ठितः। अलङ्कारशास्त्रपरम्परायामानन्दवर्धनप्रणीते काव्यालोके श्रीमदभिनवगुप्तकलितायाः लोचनटीकायाः अनन्यसाधारणं महत्त्वं विद्यते। अस्मिन्नालेखे लोचनटीकायाः कांश्चन अभिनवोक्तीः सङ्गृह्य यथामति समीक्षणं विहितमस्ति।

श्रीमदभिनवगुप्तोन्मीलिते सहृदयालोकलोचने पदे पदे काश्चन अभिनवोक्तयः विराजन्ते यासामनुशीलनेन न केवलं टीकाकारस्य विविधशास्त्रवैदग्ध्यमुद्भाव्यते अपितु तस्य सहजलोकव्यवहारपटुत्वमपि विज्ञायते। काभिश्चिदुक्तिभिः लोचनकारस्य व्यक्तित्वस्य विविधाः पक्षाः अपि प्रकाशिताः भवन्ति। स्थालीपुलाकन्यायेन केचन सन्दर्भाः अत्र प्रस्तूयन्ते।

अभिनवगुप्तपादस्य विनोदशीलता–

[xxix] Rigveda 10.159.5
[xxx] Taittirīya Saṃhitā 2.2.8.1
[xxxi] Abhedananda,Swami, India And Her People, p. 255 -267
[xxxii] Yajurveda 22.22
[xxxiii] Atharveda 1.14.3
[xxxiv] (Rājataraṅgiṇī 7.200)
[xxxv] http://en.wikipedia.org/wiki/Women_in_India

Reference Books:

- Chandra, Ishwar, *Ṛgveda,*Parimal Publication, New Delhi, 2011.
- Kashyap, R.L., *Taittirīya Samhitā,* Sri Arbindo Kapali Shshtri Institute of Vedic Culture, Banglore, 2005.
- Swami, Satyaprakash, *Śathapathabrāhmaṇa*, Vijaykumar Govindram Hasanand, Delhi, 2018.
- Dutt, M.N. (Edi), *Mahābharata of Vyāsa*, Parimal Publication, New Delhi, 2008.
- Mishra, Mandan, *Kātyāyan Śrout Sūtra,* Shri Lal Bahadur Shashtri Rashtriya Sanskrit Vidyapeeth, New Delhi, 2009

- Pandey, Umesh Chandra, *Āpsthambha Dharma Sūtra,* Chaukhambha Sanskrt Pratisthan, Delhi, 2006.
- Pandey, Umesh Chandra, *Viṣṇu Dharma Sūtra,* Chaukhambha Sanskrt Pratisthan, Delhi,2009
- Pathak, Amal Shib, *Kāma Sūtra of Vātsyāyana*, Choukhambha Publication, Delhi, 2014
- Jolly, Julius, *Viṣṇu Smṛiti,* Asiatic Socity, Calcutta, 1881.
- Jolly, Julius., *Bṛhspati Smṛiti*, Oxfort University Press, New York, 1889
- Swain, Braja Kishor, *Nārada Smṛiti,* Choukhambha Publication, Delhi, 2015
- Vidyachandra, Kashiratna, *Manu Smṛiti*, Rashtriya Sanskrit Sansthan, New Delhi, 2012.
- Bṛhadāraṇyakopaniṣad with Śāṅkarabhāṣya, Geeta Presha, Gorakhpur.
- Tandan, Dr.Kiran, 1994, *Bhāratīya Saṃskṛti*, Eastern Book Linkers, Delhi,2005.
- Bhargava, Rajeev, 2009, *Politics And Ethics Of The Indian Constitution* , Oxford University Press, USA.
- Dutt, Romesh C, *The Civilization of India* p 21-22
- Durant ,Will, *Story of Civilization: Our Oriental Heritage* - MJF Books.1935 p. 401
- Dvivedi, Dr. Kapildev, *Men Samājaśāstra, Arthaśāstra Aur Śikṣāśāstra*, Vishvabharti Anusandhan Parishad, Gyanpur(Bhadohi) U.P., 2002
- Altekar, A.S.,*The Position of Women in Hindu Civilization*, Motilal Banarsidass Publishers, Delhi, 2005
- Mishra, Vidyanivas, *Vedārtha Mñjarī*, Ritvija Prakashan, Delhi, 1995.
- Radhakrishnan, S., Religion and Society, South Asia Books, Delhi,1995.
- *Oxford Advanced Learners Dictionary*, Oxford University Press; 9th Revised edition, 2014.
- *Macmillan Dictionary English Dictionary*, MacMillan/A. & C. Black; 2 Pap/Cdr editions, 2012.

योग दर्शन का विश्वव्यापी स्वरूप

डॉ. नवनीत कुमार

भौतिकता एवं वैज्ञानिकता की दृष्टि से आज मानव अत्यन्त समृद्ध है। किन्तु आध्यात्मिक, नैतिक, धार्मिक आदि दृष्टि से उसका विकास अवरूद्ध हो रहा है। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में तरह तरह की समस्याएँ निर्मित हो रही है। स्वास्थ्य की दृष्टि से देखें तो आज जीवन में कई प्रकार की भयानक शारीरिक, मानसिक, मनोकायिक आदि व्याधियाँ आक्रमण कर रही हैं। ऐसी परिस्थिति में हर व्यक्ति ऐसा बहुप्रभावित समाधान का उपाय ढूंढ रहा है। ऐसे में योग विद्या निर्विकल्प प्रणाली के रूप में प्रयुक्त हो रही है। सारे योग शास्त्र एक मत से इस वास्तविकता को स्वीकार करते हैं। गरूड़ पुराण में कहा गया है -

भवतापेन तप्तानां योगोहि परमौषधम्।[1]

अर्थात् विभिन्न प्रकार के सांसारिक कष्ट पीड़ा तथा दु:खों से ग्रसित व्यक्तियों के लिए योग ही एक मात्र परम औषधि है।

योगदर्शन की महत्ता एवं योगनिर्दिष्ट विधियों का वर्णन श्रुति, स्मृति, पुराणादि धार्मिक ग्रन्थों में पर्याप्त रूप से उपलब्ध होता है। वैदिककाल भारतीय संस्कृति का प्राचीनतम समय माना जाता है। संहिताओं एवं उपनिषदों आदि में योग का विषद वर्णन देखने से उसकी अत्यन्त प्राचीन काल से ही व्यापकता प्रकट होती है। ऋग्वेदीय संहिताओं में योगाभ्यास-सूचक मन्त्र बहुलता से उपलब्ध होते है[2] और उसी प्रकार अथर्ववेद में भी।[3] ब्राह्मण एवं आरण्यकों में भी योग-सम्बद्ध वर्णनों की कमी नही हैं।[4] 'श्वेताश्वतर उपनिषद्' प्राचीन योग-विद्या का ग्रन्थ है। मोहनजोदड़ो की खुदाई में योगमुद्रावस्थित मूर्त्तियों की उपलब्धि से भी उसकी व्यापकता प्रकट होती है।[5] 'महाभारत', 'भागवत', 'विष्णु पुराण', 'याज्ञवल्क्य स्मृति', योगवासिष्ठ' आदि में योग का विस्तृत विवरण मिलता है। शिक्षा ग्रन्थों में भी योगमूलक विषय वर्णित है।[6] समस्त योगसाधना एकमात्र अपौरुषेय वेदों पर ही आधारित है। शैवागम के अन्तर्गत तथा व्याकरण, आगमों में भी वाग्योग अथवा शब्दयोग नामक योग प्रणाली का उल्लेख मिलता है। भर्तृहरि की 'वाक्यपदीय' की व्याख्या के अनुशीलन कर्त्ता वाग्योग से परिचित थे। व्याकृत शब्द की वैखरी दशा से मध्यमा पार कर के पश्यन्ती दशा में आना इस योग का मुख्य उद्देश्य है।[7] निरुक्त में यौगिक विषय स्पष्टत: स्वीकार किये गये हैं।[8] बौद्ध-ग्रन्थों में योग का विशद वर्णन मिलता है। बौद्ध धर्म के मौलिक सिद्धान्त 'धर्म-चक्र प्रवर्तनसूत्र' में है। जिनमें अष्टांगयोग (आर्य अष्टांगिक मार्ग भी है)[9]। जैन-दर्शन-गत योग के भी पाँच यम ही मुख्य साधन है, जिनको अनुव्रत कहते है। महावीर स्वयं प्रसिद्ध योगी थे और उनके जैन-दर्शन में योग का विशिष्ट वर्णन है। जब वेद-बाह्य बौद्ध, जैन सदृश अनार्ष दर्शनों में ही योग का इतना महत्त्वपूर्ण स्थान है, तब भारतीय आर्ष[10] दर्शनों में योग सर्वत्र व्याप्त है - इसमें आश्चर्य ही क्या है ?

जन-साधारण के व्यावहारिक क्षेत्र मे भी योगदर्शन की उपादेयता अतुलनीय है। अन्यान्य दर्शन-

सम्मत दुख:त्रय चाहे जन-सामान्य को बोधगम्य भी न हो, किन्तु योगोक्त पंचक्लेशों की व्यापकता सर्वविदित है। अविद्या, अस्मिता, राग-द्वेषादि क्लेष एवं प्रमाण, विपर्य, निद्रा आदि वृत्तियाँ हमारे व्यावहारिक जीवन के अभिन्न अंग है। योग में इन सबका ग्रहण एवं उनकी वृत्तियों की सुदृढ नींव पर ही योग एवं मनोविज्ञान का विशाल दुर्ग प्रतिष्ठित है। किन्तु पाश्चात्य मनोविज्ञान जहाँ समाप्त होता है, वहाँ से भारतीय मनोविज्ञान का श्रीगणेश होता है।[11]

योग-विद्या के सिद्धान्त चित्त से सम्बद्ध रोगों के अपाकरण में भी अत्यन्त उपयोगी है। अधिकांश रोग मानसिक होते हैं और उनके प्रभाव से शरीर में भी विकार उत्पन्न होते हैं, इस विषय में प्राच्य एवं पाश्चात्य सभी विद्वान् एकमत हैं। स्नायविक रोग तो मन से पूर्णत: सम्बद्ध है। अधिकांश रोग चित्त (मन) से सम्बद्ध है; जैसे कि फ्रायड-सम्प्रदायी मनो विश्लेषण वादी भी मानते है, अत: निराकरण बाह्य शारीरिक चिकित्सा से नही अपितु मानसिक चिकित्सा से ही सम्भव है, आधुनिक मनोविज्ञान के चेतन एवं अचेतन मन, अस्वाभाविक मन, दूरदर्शन, स्पर्शन विषयक सिद्धान्त भी योग के क्षेत्र के अन्तर्गत ही हैं। इस विषय में जी कौस्टर का 'योग एण्ड वेस्टर्न साइकोलोजी स्प्रिंग एण्ड गोज़'[12] का 'योग फोर टुडे' ग्रन्थ द्रष्टव्य है।

डा. के. टी. वेदानन ने 'योग' नामक ग्रन्थ में लिखा है कि योग तथा मनोविश्लेषण दोनों ही मानवीय चिकित्सा पद्धतियाँ है किन्तु उन दोनों में योग उच्चतर है - "Yoga and Psycho-analysis are both therapentic systems. Yoga goes much further then that"

योग-दर्शन के अतिरिक्त अन्य सभी दर्शनों का यत्र-तत्र खंडन मिलता है, किन्तु योग के समक्ष समस्त दर्शन नतमस्तक हो जाते हैं। जीवन के हर क्षेत्र में योग के सिद्धान्तों की महत्ता है। भूमि की माप, संवत्सर के विभाजन, अन्तरिक्ष का मानचित्र, सूर्य, चन्द्र तथा विभिन्न नक्षत्रों के पथ का निर्णय, पदार्थों की रचना का विश्लेषण, पशु-पक्षी आदि की प्रकृति एवं भाषा का विज्ञान, खगोल-शास्त्र इत्यादि अनेक विज्ञानों के बीज योगशास्त्र में विद्यमान हैं। हमारे प्राचीन मनीषियों ने योग द्वारा इन विषयों का साक्षात्कार करके ही तत्-तत् विशिष्ट शास्त्रों का प्रणयन किया था। इसलिए बाह्यविज्ञानों के क्षेत्र में भी भारत की पहुँच अगाध है।

महर्षि पतञ्जलि ने ईसा से 200 वर्ष पूर्व 'योग दर्शन' की रचना की। पतञ्जलि कृत 'योग सूत्र' योग जगत का अद्वितीय ग्रन्थ हैं। जो आज सम्पूर्ण विश्व का मार्गदर्शन कर रहा हैं। योग सूत्र का प्रथम सूत्र है 'अथ योगानुशासनम्'[13] अब योग की शिक्षा देने वाले ग्रन्थ को आरम्भ करते हैं। धरती पर अनेक स्थानों गुरुकुलों में, मठों में, आश्रमों में, विभिन्न योगाचार्यों द्वारा पढाया जा रहा था; भाव यह है माला के मोती बिखरें हुए थे पतञ्जलि ने उसे एक माला में पिरोनें का कार्य किया जो अद्वितीय है। ग्रन्थ चार पादों में विभक्त है और उसमें 195 सूत्रों की यह माला पूर्ण आत्मानुभव से पिरोई हुई है।

योगेन चित्तस्य पदेन वाचां, मलं शरीरस्य च वैद्यकेन।
योऽपाकरोत्तं प्रवरं मुनीनां, पतञ्जलिं प्राञ्जलिरानतोऽस्मि।।[14]

योग से चित्त की शुद्धि, व्याकरण से पद की शुद्धि, वैद्य से रोगी के शरीर की शुद्धि होती है, जो योग के प्रवर्त्तक महर्षि पतञ्जलि को मैं नतमस्तक होता हूँ। यहाँ हमें समझना जरुरी है कि योग मात्र चित्त की शुद्धि करता है न कि शरीर की। चित्त में मन, बुद्धि और अहंकार समाहित है। चित्त मन से भी अत्यन्त सूक्ष्म है।

योग का शरीर पर प्रभाव कैसे पड़ता है ऐसा योग शास्त्रों में कहा गया है कि योगाभ्यास करने वाले का शरीर कभी न तो रोगों से ग्रसित होता है और न ही जल्दी बुढापा आता है इस पक्ष पर प्रकाश डालते हुए श्वेताश्वतर उपनिषद् में लिखा है–

नतस्य रोगो न जरा न मृत्यु। प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम्।। [15]

अर्थात् 'योगाभ्यास करने वाले के शरीर में न तो रोग होता है, न बुढापा आता है। वह योग रूपी अग्नि मय शरीर को प्राप्त करता है।' यही कारण था हमारे ऋषि–मुनि विभिन्न औषधि तथा चिकित्सकीय पद्धति के अभाव में भी सम्पूर्ण रूप से यौवन सम्पन्न और दीर्घ जीवी रहते थे। घेरण्ड संहिता में भी कहा गया है – 'न च रोगों न च क्लेश आरोग्यं च दिने दिने'।।16 अर्थात् योग करने वालों को न कभी रोग सताता है, न किसी प्रकार का मानसिक क्लेश। वह प्रतिदिन आरोग्य की प्राप्ति करता जाता है।

यम–नियम का पालन किये बिना ध्यान और समाधि का सिद्ध होना अत्यन्त कठिन है। यम–नियमों में भी जो पुरुष यमों का पालन न करके केवल नियमों का पालन करना चाहता है, उससे नियमों का पालन भी अच्छी प्रकार नही हो सकता।

यमान् सेवेत सततं न नित्यं नियमान् बुधः।
यमान् पतत्यकुर्वाणो नियमान् केवलान् भजन्।।[17]

'बुद्धिमान् पुरुष नित्य निरन्तर यमों का पालन करता हुआ ही नियमों का पालन करें , केवल नियमों का नहीं; जो यमों का पालन न करके, केवल नियमों का करता है वह साधन पथ से गिर जाता है।' 'यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टावङ्गानि।'[18] 'यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि– ये योग के आठ अंग हैं।' 'अहिंसास्त्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः।'[19] 'अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह इन पाँचों का नाम यम है।' इन पाँचों यमों का सब जाति, सब देश और सब काल में पालन होने से एवं किसी भी निमित्त इनके विपरीत हिंसादि दोषों के न घटने से इनकी संज्ञा 'महाव्रत' हो जाती है। 'जातिदेशकालसमयानवच्छिन्नाः सार्वभौमा महाव्रतम्।'[20]

'जाति, देश, काल और निमित्त अनवच्छिन्न यम का सार्वभौम पालन महाव्रत होता है।' सार्वभौम को विस्तृत से समझें – मनुष्य और मनुष्येतर स्थावर–जङ्गम प्राणी, हिन्दू–मुसलमान, सनातनी–असनातनी आदि भेदों से किसी के साथ भी यमों के पालन में भेद न करना 'जातिगत सार्वभौम' महाव्रत है।

भिन्न–भिन्न खण्डों, देशों, प्रान्तों, ग्रामों, स्थलों एवं तीर्थ–अतीर्थ आदि के भेद से यम के पालन में किसी प्रकार भेद न रखने से वह 'देशगत सार्वभौम' महाव्रत होता है।

वर्ष, मास, पक्ष, सप्ताह, दिवस, मुहूर्त्त, नक्षत्र एवं पर्व-अपर्व आदि के भेदों से यम के पालन में किसी प्रकार भी भेद न रखना 'कालगत सार्वभौम' महाव्रत कहलाता है।

यज्ञ, देव-पूजन, श्राद्ध, दान, विवाह, न्यायालय, क्रय-विक्रय, आजीविका आदि के भेदों से यम के पालन में किसी प्रकार का भेद न रखना 'समय गत सार्वभौम' महाव्रत है। तात्पर्य यह है कि किसी देश अथवा काल में, किसी जीव के साथ, किसी भी निमित्त से, हिंसा, असत्य, चोरी, व्यभिचार, आदि का आचरण न करना तथा परिग्रह आदि न रखना 'सार्वभौम महाव्रत' है।

एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी जैसी अनेक चिकित्सा पद्धतियों में घृणा, द्वेष, ईर्ष्या, वैमनस्य व क्रोध आदि को कम करने का कोई उपाय नही हैं, परन्तु योग एक मात्र ऐसा साधन है जिसके द्वारा इन सभी को निर्मूल (पूर्ण समाप्त) कर सकता है। योग दर्शन केवल भारत में ही नहीं, अपितु विदेशों में भी व्याप्त है। इसकी उदारता, व्यावहारिकता एवं वैज्ञानिकता तथा अलौकिक सिद्धियों ने विदेशों को भी आकर्षित किया और वे भी भारत में आकर योगविद्या का अभ्यास करते हैं।

अमेरिका के साधुओं का ऋषीकेष आदि में आकर योगाभ्यास करना और रूस आदि देशों में, भारत में कतिपय योगियों का बुलाया जाना, योगविद्या की महत्ता एवं व्यापकता का ही परिचायक है। लन्दन, अमरीका आदि में लगभग डेढ सौ योगवेदान्त-केन्द्र हैं। रामकृष्ण मिशन आश्रम, हालीउड का शान्ति आश्रम, सेक्रेमेन्टो-आश्रम केलीफोर्नियाँ आदि सुप्रसिद्ध हैं। ये केन्द्र प्रयोगशालाओं के रूप में खुले हैं तथा इनमें भारतीय योगियों व सन्यासियों के शिष्यत्व में, वहाँ के निवासी भारतीय साधना-पद्धति से आसन, प्राणायाम, ध्यानादि का अभ्यास करते है। योग सार्वभौमिक, सार्वकालिक व सार्वजनीन होने के कारण हम योग के सिद्धान्तों और अंगों को स्वीकार करते हैं। योग को समग्र रूपान्तरण का विज्ञान कहा गया हैं।

सारांश– 'योगीश्वरं याज्ञवल्क्यम्' कहकर जिनका अनुस्मरण ब्रह्मयज्ञ के समय हम करते हैं, उन मुनि याज्ञवल्क्य का आदेश है- 'अयं तु परमो धर्मो यद्योगेनात्मदर्शनम्'। मानवमात्र का परम धर्म यही है कि योगसाधना से आत्म दर्शन करे। श्रुति माता भी कहती है- 'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः।'

'योग दर्शन ने हमेशा से ही विद्वानों, दार्शनिकों को अपने प्रति आकर्षित किया है। यह इसी बात का द्योतक है कि व्यास से लेकर आधुनिक युग के विद्वानों ने योग दर्शन को समझने व समझाने के लिए टीकायें व भाष्य लिखे हैं। यह क्रम अनवरत रूप से आज भी चल रहा है। योग दर्शन और भगवद्गीता का लगभग विश्व की सम्पूर्ण भाषाओं मे अनुवाद हो चुका है। इस ग्रन्थ पर व्यास, शंकराचार्य वाचस्पति मिश्र, विज्ञान भिक्षु व अलग-अलग सम्प्रदायों के विद्वानों ने अपनी-अपनी पुस्तके लिखी है। आधुनिक युग में स्वामी हरिहरानन्द अरण्य, श्री बी.के.एस. आयगर, आचार्य रजनीश, डा. करमबेलकर, श्री जे. एच. बूडस, डा. राजेन्द्र लाल मिश्र, डा. सम्पूर्णानन्द इत्यादि अनेकों नाम हैं जिन्होंने योग दर्शन एवं योग साधना पर कार्य किये हैं।'[22]

अष्टांग योग से पञ्चकोष, अष्टचक्र और अन्तःकरण पर विशेष प्रभाव पड़ता हैं। योग एक मात्र

ऐसा साधन है जिसके द्वारा मानव घृणा, द्वेष, ईर्ष्या, वैमनस्य व क्रोध आदि को निर्मूल (पूर्ण समाप्त) कर सकता है।

संदर्भ :–

1. गरूढ पुराण
2. ऋग्वेद 10/114/4, 1/50/10, 3/52/10, 10/177/1।
3. अथर्ववेद 10/2/31-32, 10/8/43 इत्यादि।
4. ऐतरेय आरण्यक - 2/17, 3/1, 3/4, 3/6, 3/1, 1/3/2, 2/3/4। तैत्तिरीय आरण्यक - 2/2, 2/7, 2/9। शतपथ ब्राह्मण - 1/4/4/7, 14/3/2/3। तैत्तिरीय ब्राह्मण - 3/10/8/6, 1/2/6। टिप्पणी - संहितादि में योग विषयक वर्णनों का विशेष विवरण श्री राम शंकर भट्टाचार्य द्वारा सम्पादित 'पातञ्जल-योग-दर्शन' की भूमिका में है।
5. द्रष्टव्य - भारतीय संस्कृत इतिहास, सत्यकेतु विद्यालंकार - पृष्ट 66।
6. नारदीय शिक्षा - 12।
7. इदमाद्यं पदस्थानं सिद्धिसोपानपर्वणाम्।
   इयं सा मोक्षमाणानामजिह्मा राजपद्धति:।। (वाक्यपदीय 1/17)
8. निरुक्त अध्याय 13-14।
9. द्रष्टव्य - हिन्दू. सं. (पृ. 238) तथा 'पातञ्जल-योग-प्रदीप' (पृ. 353-363)।
10. न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग, मीमांसा एवं वेदान्त ये षड्-दर्शन आर्ष कहलाते हैं।
11. द्रष्टव्य - 'योग एण्ड वेस्टर्न साइकोलाजी' - पृष्ट 88।
12. चैप्टर 1,3,5 तथा लन्दन में स्थित रामकृष्ण वेदान्तकेन्द्र से प्रकाशित Vetant for the East and West के 89 वें सीरीज (मई, जून 1966) के अन्तर्गत डा. एच.एल. शर्मा कृत 'दि सुपर कोन्शेस' लेख द्रष्टव्य हैं।
13. योगदर्शन 1/1
14. विज्ञानभिक्षु, योग वार्तिक
15. श्वेता उ - 2/12
16. घेरण्ड संहिता
17. मनुस्मृति 4/204
18. योगदर्शन 2/29
19. योगदर्शन 2/30
20. योगदर्शन 2/31
21. लन्दन से प्रकाशित Vedanta for the East and West के विभिन्न सीरिज द्रष्टव्य हैं।
22. योगदर्शन, डा. रमाकान्त मिश्र, पृ.6

सहायकाचार्य योग, संविदा

राष्ट्रिय संस्कृत संथान, जयपुर परिसर, जयपुर

गांधीवाद एवं भारत

डॉ. ज्योति गुप्ता

Non-Violence is the greatest force at the disposal of mankind. It is migntier than migntiest weapons of destruction devised by the ingenuity of man.

अहिंसा को सशक्त शस्त्र के रूप में मानने के प्रबल समर्थक महात्मा गांधी के सम्प्रत्ययों एवं प्रयोगों (Concept Practice) का मिश्रण ही गांधीवाद है । दर्शन शास्त्र की दृष्टि से वे कोई शास्त्रीय दार्शनिक नही हैं, तथापि उन्होंने जगत् के महानतम धार्मिक एवं दार्शनिक आचार्यों से सनातन सत्यों को ग्रहण कर, व्यावहारिक जीवन के लिए उपयुक्त एक नवीन दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है।

'हिन्द स्वराज्य', 'दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह,' आत्मकथा-'सत्य के साथ मेरे प्रयोग', 'सर्वोदय', 'सत्याग्रह' तथा 'मेरे समकालीन पुस्तकों के रचनाकार एवं 'यंग इण्डिया' 'नवजीवन', 'इण्डियन ओपिनियन', 'हरिजन सेवक' इत्यादि समाचार पत्रों के सम्पादक रहे। गांधी वस्तुत : जीवन के व्यावहारिक पक्ष के चिन्तक थे। प्रस्तुत लेख में, गांधी के विचारों का भारत के सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं विशेषकर राजनैतिक वातावरण पर पड़े प्रभावों का समासरूप में समीक्षा करने का प्रयास किया गया है।

सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह, सर्वोदय, बुनयादी, शिक्षा, स्वदेशी, ब्रह्मचर्य, अस्तेय, अपरिग्रह, श्रम, सर्वधर्मसमभाव, आत्मपरिवर्तन, हृदय परिवर्तन जैसी अनेक अवधारणांए है, जिनको गाँधी ने मात्र नैतिकता के आधार पर व्यवस्थित किया। इन सभी अवधारणाओं को गांधी ने आत्मसात् किया एवं व्यावहारिक बनाकर देश में एक नूतन विचारधारा का सूर्योदय किया। गांधी ने मद्यपान का निषेध किया, स्त्री-पुरूष समानता पर बल दिया, अस्पृश्यता, स्वच्छता इत्यादि पर उनके विचारों ने उनको जनमानस में क्रान्तिकारी, परिवर्तनकारी नेता घोषित किया।

उनके अनुसार मद्यपान जैसी मादक वस्तु का सेवन पारिवारिक दृष्टिकोण से अनुचित है। इसे वह न केवल नैतिकता की दृष्टि से दुर्बल बनाने वाली वस्तु मानते थे, प्रत्युत वे शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी इसके विरोधी थे। स्त्री विषयक उनके विचार वैदिक काल से प्रेरित थे। स्त्री को पुरूष के समान अधिकारिणी मानते थे। वे मनु के इस विचार को कि स्त्री को पुरूष के अधीन रहना चाहिए, नहीं स्वीकारते थे।

अस्पृश्यता एवं स्वच्छता पर उनके कार्यों ने भारत की सामाजिक एवं धार्मिक मान्यताओं में परिवर्तन किया। इसके अतिरिक्त वे गीतोल्लेखित वर्णव्यवस्था 'चतुर्वर्ण मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः' को ही स्वीकारते थे। उनका भी मानना था कि वर्ण व्यवस्था मूल रूप में समाज के सदस्यों की क्षमताओं

के अनुसार, उनके कर्तव्यों के विभाजन की वैज्ञानिक प्रणाली है, न कि उनके मध्य श्रेष्ठता एवं हीनता की भावना पैदा करना।

गांधी का त्रावणकोर 'वाइकोम सत्याग्रह' हरिजन उद्धार की दृष्टि से भारत के इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना का प्रारम्भ था। अस्पृश्यता के संबंध में उनका कहना था कि आजकल हिन्दू धर्म में अस्पृश्यता देखने मे आती है, वह इसका एक अमिट कलंक है। अस्पृश्यता स्मरणातीत काल से नहीं है, ये हमारे पतन की चरम सीमा का संकेत है। अस्पृश्यता का यह वर्तमान रूप ईश्वर और मनुष्य के खिलाफ किया गया भयंकर अपराध है, एवं विष के समान है, जो हिन्दू धर्म के प्राणों को ही लील लेगा। सभी धर्मो में पायी जाने वाली अस्पृश्यता को उन्होंने स्वच्छता का अंश माना है । वे कहते थे कि अस्पृश्य को अस्पृश्य इसलिए माना जाता है क्योंकि वे जानवरों को मारते हैं, मांस, रक्त, हड़ियाँ और मैला आदि को छूते हैं, इस दृष्टि से हर नर्स, डॉक्टर तथा इन सबको स्पर्श करने वाला प्रत्येक व्यक्ति अस्पृश्य है। जबकि नियम यह है कि चीज गंदी हो गयी या आदमी गंदा हो गया तो उसे छूना नहीं चाहिए, लेकिन ज्यों ही उसका गन्दापन दूर हो जाये त्यों ही उसे छू सकते है। इसलिए सफाई का काम करने वाला या माँ जिसे अपने काम के कोई पैसे नहीं मिलते, तब तक गन्दे और अस्पृश्य माने जायेगें, जब तक वे स्नान कर गन्दगी को दूर नहीं कर देते। इसलिए हरिजनों को हमेशा के लिए अस्पृश्य न माना जाये, बल्कि उसे सबसे बड़ा समाजसेवी मानना चाहिए।[1]

इस प्रकार के उनके समाजसुधारात्मक कार्यों से वास्तविकता में जनता के जीवन जीने के तरीकों में बदलाव आया। गांधी के विचार समाजोत्थान तक ही सीमित नहीं थे, उनकी वृहद् सोच ने विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार एवं स्वदेश में वस्तु एवं कपड़ा निर्माण की सीख दी। गांधी की यही सीख लोगो के स्वरोजगार प्रेरणा की स्त्रोत बनी।

आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने हेतु चरखे के प्रयोग से उन्होंने जनता को लघु एवं कुटीर उद्योग की ओर प्रोत्साहित किया। 150 के लगभग उद्योग आज इस श्रेणी के है। जिनका देश की ऋछ्ह एवं रोजगार की दृष्टि से महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होने चरखे को आध्यात्मिकता से जोड लोगो को स्वावलम्बी बनने की प्रेरणा दी। 'गीता में चरखा'[2] विषय पर उन्होंने विचार व्यक्त किये जो नवजीवन समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ कि जो यज्ञ किए बिना भोजन करता है, वह चोरी करता है। इसमें यदि यज्ञ के अर्थ को समझ लें तो गांधी ने जो अर्थ किया है, उसे समझने में कठिनाई नहीं होगी। यज्ञ से वर्षा होती है जिसका सीधा अर्थ है, यदि व्यक्ति श्रम करेगा तो पेड़ लगेगा और पेड़ वर्षा मे सहायक होगा। लोक कल्याण हेतु किया गया शारीरिक श्रम ही सच्चा यज्ञ है। इस नाश की घड़ी में चरखा ही ऐसा है जो स्थिति सुधार सकता है इसलिए चरखा ही सच्चा यज्ञ है। उनके इस प्रकार के दार्शनिक विचार प्रत्येक व्यक्ति में कर्मनिष्ठता हेतु प्राण फूंकते थे।

हृदय परिवर्तनकारी एवं हृदयग्राही उनके विचार शिक्षा व्यवस्था पर भी चरितार्थ हुए है। उनके अनुसार शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो आत्मनिर्भर बनाए। हृदय, बुद्धि, एवं शरीर का विकास करे।[3]

आज हमारे देश की जो डिग्री प्रदान करने वाली शिक्षा है, वह हृदय परिवर्तनकारी तो है ही नहीं, पूर्णतः आत्मनिर्भर बनाने वाली भी नहीं है। गांधी ने रोजगारोन्मुखी एवं बुनियादी शिक्षा पर बल दिया, जिसे यदि हमारे देश की शिक्षा व्यवस्था पर पूर्णतः लागू किया गया होता तो बेरोजगारी जैसी समस्या कदाचित समाप्त हो गयी होती।

इस प्रकार गांधी के शराबबन्दी, वर्ण-व्यवस्था, अस्पृश्यता, शिक्षा व्यवस्था सम्बन्धी विचार, स्वयं मैला ढोना, एक धोती पहनना, चरखा चलाना, इस प्रकार के सत्य के प्रयोग बल पर दिये गये संदेशों ने देश को विचारों की अमूल्य निधि प्रदान की तथा सर्वधर्म समभाव जैसे उच्च विचारों से देश को अभिभूत किया। 'सादा जीवन उच्च विचार' जैसे आदर्श को वास्तविकता के धरातल पर प्रतिस्थापित किया।

इन विचारों के अतिरिक्त सत्य एवं अहिंसा गांधी दर्शन के मूल एवं सबसे बड़ी शक्ति मानी जाती है। गांधी ने दार्शनिक आचार्यों से सनातन संस्कृति एवं सभ्यता के तत्त्व सत्य एवं अहिंसा को ग्रहण किया एवं नूतन दृष्टिकोण से इनकी व्याख्या कर मानव जीवन में इनको व्यावहारिकता प्रदान की । अहिंसा के बल पर ही उन्होनें सर्वोदय, प्रजातन्त्रात्मक भावना, सर्वधर्मसमभाव तथा सत्य के बल सत्याग्रह, ब्रह्मचर्य, अस्तेय, अपरिग्रह इत्यादि आत्मपरिवर्तन जैसी अवधारणाओं को नैतिकता के आधार पर व्यवस्थित किया । उनका मानना था कि सत्य एवं अहिंसा आसृष्टि समाप्ति तक प्रासंगिक रहेगें।

वस्तुत : गांधी की अहिंसा एक सामाजिक सम्प्रत्यय (Social Concept) है, जिसे वे मानव अस्तित्व, उसके विकास एवं प्रजातन्त्र के लिए सर्वांगपूर्ण अपरिहार्य मानते थे। अहिंसा मानव अस्तित्व के साथ ही अस्तित्व में आ गयी, यदि ऐसा न हुआ होता तो मनुष्य आपस में संहार करके अपने अस्तित्व को समाप्त कर चुका होता । जब वे सत्य को परिभाषित करते है, तो वास्तविकता में एक दार्शनिक दृष्टिगोचर होते है। उनके अनुसार भईश्वर के असंख्य नामों में से यदि एक का चयन किया जाये तो वह सत्य का ही होगा अतः वस्तुतः सत्य ही ईश्वर है।'[4] सत्य गांधी के लिए अनुसंधान हैं और अहिंसा संधान, शायद इसी कारण उन्होंने अन्याय के विरुद्ध सत्याग्रह एक प्रमुख समाधान के रूप में प्रयोग किया। 'सत्याग्रह' गांधी की राजनैतिक दर्शन को सबसे बड़ी देन है। गांधी ने सत्याग्रह के ही सन्दर्भ में 'सविनय अवज्ञा' तथा 'असहयोग' जैसे शब्दों का प्रयोग किया जो सत्याग्रह की विराट अवधारणा के संगी थे। गांधी का सत्याग्रह एक राजनीतिक रणनीति है जिसके तहत समझौता वार्ता, आत्मपीड़न,उपवास, असहयोग, सविनय अवज्ञा, हड़ताल, सामाजिक बहिष्कार धरना तथा स्वैच्छिक प्रवजन (Migration) शामिल है।

मेरे मत में सत्याग्रह एवं अहिंसा के अतिरिक्त गांधी के अधिकांश विचारों का भारत की सामाजिक-आर्थिक एवं धार्मिक स्थितियों में सकारात्मक प्रभाव पड़ा, वस्तुतः इन विचारों ने हमें स्वयं की परतन्त्रता से मुक्ति दिलाई। विद्यालयी दिनों से ही हमारे मस्तिष्क में गहराई से इस बात की जड़े जमा दी गई

कि भारत को आजादी अहिंसा के बल पर मिली इसलिए गांधी के लिए कहा भी जाता है कि 'दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल, साबरमती के सन्त तूने कर दिया कमाल।' सत्याग्रह, भूखहड़ताल जैसे आन्दोलन ने अग्रेजो को थोड़ा परेशान अवश्य किया, पर यह बात आजादी के इतने वर्षों बाद भी विचारणीय है कि क्या वास्तविकता में आजादी अहिंसा के बल पर ही मिली है। मेरे मत में गांधी के अहिंसावादी, शान्तिवाद के सिद्धान्त ने स्वतन्त्रता संग्राम एवं स्वतन्त्रता प्राप्ति में यद्यपि महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की हैं, परन्तु निर्धारक तत्त्व तो लम्बे समय तक चला द्वितीय विश्वयुद्ध रहा, जिसने यूरोप एवं एशिया के बहुत बडे भूखण्ड को तबाह कर दिया तथा जिसमें पूरी दुनिया के 80 मिलियन अर्थात् 4% लोग मारे जा चुके थे। हताश ब्रिटेन द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद इस स्थिति में नहीं था कि वे भारत सहित अपने अन्य उपनिवेशों को यथावत् रख सके। जिन उपनिवेशों ने अग्रेजी सत्ता का विरोध नही किया था, द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद उनको भी स्वतन्त्रता मिल गयी। 'फूट डालो और राज करो' की नीति से ही अंग्रेजो ने भारत पर शासन किया। उनको देश से बाहर निकलना तब ही हुआ जब वे संसार के सबसे समृद्ध राष्ट्र को गरीब बना चुके थे। अर्थशास्त्री उत्स पटनायक के अनुसार 1938 तक अंग्रेज हमारे देश से 44.6 ट्रिलियन डॉलर लूट चुके थे। यही हमारी स्वतन्त्रता का दूसरा बड़ा कारण बना।

भारत को स्वतन्त्रता अहिंसा के दम पर मिली है, यह मिथक जो भारतीयों के द्वारा गाया जाता है वस्तुतः वह शासन के उत्तराधिकारियों द्वारा उत्पन्न किया गया है। 1947 के बाद से अभी तक भारत की स्वतन्त्रता प्राप्ति के अन्य बाह्य एवं आन्तरिक कारणों की तरफ देखा ही नहीं गया। भारत की स्वतन्त्रता केवल आन्तरिक क्रान्ति का नहीं, अपितु विश्व पटल पर हो रही विविध घटनाक्रमों का भी परिणाम है। भारत की स्वतन्त्रता की आशा पहली बार उस समय टिमटिमायी जब 1904-05 में रूस के साथ युद्ध में जापान की विजय हुई। पहली बार किसी यूरोपीय देश को एशियाई देश ने हराया। द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी, जापान, इटली आदि का ब्रिटेन, फ्रांस एवं यू.एस. की सेना से युद्ध करना तथा पश्चिमी देशों के उपनिवेशों को उनसे मुक्त करवाने के उद्देश्य ने हमारी स्वतन्त्रता में एक उत्प्रेरक का काम किया। गांधी ने इस परिस्थितियों के बल पर 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन प्रारम्भ किया।

इसके अतिरिक्त एक और प्रमुख घटना हुई जिसको इतिहास के पन्नों पर नगण्य सा स्थान मिला। 18 फरवरी 1946 के मुम्बई विद्रोह (Bombey Mutiny) के अन्तर्गत I.N.S. तलवार सिगनल्स प्रशिक्षण पोत में खराब खाने की शिकायत को लेकर हड़ताल हुई। उनकी मांगे थी -अच्छा खाना, भारतीय नौसैनिकों के लिए समान वेतन, आजाद हिन्द फौज सहित अन्य राजनीतिक बन्दियों की रिहाई। एडमिरल गाडफ्रे बमबारी को तैयार थे, नौसेना को नष्ट करने की धमकी दी, उसी समय लोगों की भीड़ गेटवे ऑफ इण्डिया पर नौसेनिकों के लिए खाना एवं मदद के लिए उमड़ी एवं वायु सेना ने

भी अंग्रेजो का साथ नहीं दिया। इस घटना से अंग्रेज भयाक्रान्त हो गये तथा भारत से अंग्रेजी सरकार की जड़ें हिलने लगी।

स्वतन्त्रता प्राप्ति में गांधी के योगदान को नकारा नहीं जा सकता, किन्तु पूर्णत : अहिंसा के बल पर ही स्वतन्त्रता मिली इस पक्ष को स्वीकारने में मुझे कदाचित संकोच है। वस्तुतः आवश्यकता इस बात है कि उन नगण्य सेनानियों को पहचानकर उनके प्रति जरूरी कदम उठाना तथा इस ऐतिहासिक स्वतन्त्रता के व्याख्यान को पुर्नसन्तुलित करने की।

सत्ता हस्तान्तरण के साथ भारतीयों के मस्तिष्क में गहराई से बैठाये गये तथा स्वतन्त्रता के कारणभूत माने जाने वाले अहिंसा एवं शान्तिवाद को ही भारत की नीति एवं सिद्धांत माना गया। इस विषय में मेरा मानना है कि 1947 **के बाद भारत यदि भविष्य में होने वाली घटनाओं के प्रति सक्रियता दिखाता, न कि प्रतिक्रिया हेतु उनके घटित होने तक प्रतीक्षारत रहता, जैसा वस्तुतः भारत ने किया है। इसके साथ ही निकट भविष्य में होने वाले सीमा विवादो के विषय में पहले से ही सोचता तो शायद कश्मीर एवं हिमालयी सीमा की समस्या हम कब के सुलझा चुके होते ।** चीन अक्टूबर 1949 तक गहरी अनिश्चितता की स्थिति में था, तब तक भारत के पास पर्याप्त अवसर था, कि वह बलपूर्वक हिमालय की सीमा पर अपना नियन्त्रण स्थापित कर देता। किन्तु भारत ने अपना आधारभूत सिद्धान्त घातक एवं विनाशकारी मिथक शांतिप्रिय देश के रूप में रखा, जो शांति मांग कर शांति प्राप्त करता है बजाय इसके की वह अपनी शांति को बनाये रखने की योग्यता को धारण करे । इसी का परिणाम हमने 1962 के भारत-चीन युद्ध के रूप में भुगता। उस युद्ध के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू का 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' का अति आशावाद एवं शांतिप्रियता का मिथक टूट गया नेहरू की चीन के साथ गांधी प्रेरित शांतिवादी सम्बन्धों को बढ़ावा देने की नीति की, सरकारी अधिकारियों द्वारा आलोचना की गयी।

1950 में भारत के पास सुरक्षा परिषद् की स्थायी सदस्यता का प्रस्ताव आया। सुरक्षा परिषद् की स्थायी सीट पर अमेरिका एवं रूस ताइवान के राष्ट्रवादी चीन को हटाकर भारत को बैठाना चाहते थे। इस हेतु श्रीमती विजयलक्ष्मी पंडित ने अपने भाई नेहरू को पत्र लिखा तो तत्कालीन प्रधानमंत्री का उत्तर था 'संयुक्त राष्ट्र संघ' में हम इस बात का अनुमोदन नही करेंगे। हमारी दृष्टि में ये एक बुरी बात होगी, इससे चीन एवं हमारे बीच एक बिगाड़ भी होगा, हम सुरक्षा परिषद् में चीन की सदस्यता पर ही बल देते रहेंगे। शांतिप्रियता एवं मित्रता की हमारी नीति के बाद भी चीन आज भी हमारा शत्रु है।

एक विरोधाभास की स्थिति और भी है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बंगाल से अनाज सेना के लिए निर्यात किया गया, जिससे वहाँ भीषण अकाल पड़ा और ब्रिटिष शासन काल में वहाँ 30 लाख लोग मारे गये। तथा जब भारत का विभाजन हुआ तब भी बहुत से लोग मारे गये । इन सब का जब चिन्तन होता है तो मन में एक ही बात आती है क्या वास्तव में भारत का गणतन्त्र रक्तपात से उत्पन्न हुआ है?

गांधी परिभाषित अहिंसा का अर्थ किसी भी प्राणी को विचार, शब्दों एवं कार्यों से हानि न पहुँचाना है, यह अर्थ तब ही पूर्ण होता है, जबकि इसके मूल में इस नियम की सकारात्मक प्रेरणा हो। प्राणी मात्र के प्रति निरपवाद प्रेम आवश्यक रूप में विद्यमान हो प्रत्येक व्यक्ति के प्रति जाग्रत प्रेम या करूणा अहिंसा का सटीक मापदण्ड है। अहिंसा का अर्थ शाश्वत प्रेम में समाविष्ट है।

यदि अहिंसा ने ही स्वतन्त्रता में सर्वांगपूर्ण भूमिका अदा की है, तो पाकिस्तान विभाजन के साथ असंख्य सिक्खों एवं हिन्दुओं की हत्या, स्त्रियों के साथ दुर्व्यवहार इत्यादि रक्तपात की घटनायें न होती। गांधी ने असहयोग आन्दोलन के समय कहा कि अगर लोगो पर हम अपनी इच्छा जबरदस्ती थोपेगें तो हमारा जुल्म इस नौकरशाही के अंगभूत मुट्ठी भर अंग्रेजो के जुल्म से भी खराब होगा।[6] बिना जनमत सग्रंह के मुट्ठीभर लोगो की इच्छा के आधार पर भारत के टुकड़े एवं रक्तपात, जाडे एवं बारिश की ठिठुरन में पाकिस्तानी हिन्दुओं को मस्जिदें खाली करने के लिए गांधी का अनशन, गांधी के विचारों के विपरीत मालूम पड़ता है। गांधी जी ने दमनकारी शक्ति को झुकाने के लिए सत्याग्रह, भूख हड़ताल का सहारा लिया था। किन्तु रक्तपात जैसी क्रूरता करने वाले राष्ट्र को 55 करोड़ देने के लिए भी इनका प्रयोग करके अपने सिद्वान्तों के विपरित कार्य किया, ऐसा प्रतीत होता है।

जार्ज तन्हम के अनुसार 'भारत ने एक ऐसा दर्शन, जो धरातल पर व्यावहारिक नहीं था उसका बोझ सहा है। भारत ने रणनीति के अभाव में इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकायी है।'

जब भारत में पुलवामा जैसे आतंककारी हमले हो रहे हैं और भारत को विश्व की महानतम शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा है, तो ऐसे समय में भारत के पास स्पष्ट रणनीति होना अत्यन्त आवश्यक है, तब ही समस्याओं का सटीक समाधान होगा।

यदि किसी एक व्यक्ति के विचार अधिक लोगों को प्रभावित करते हैं तो उसका कसौटी पर सिद्ध होना आवश्यक है । केन्द्रीय विचार को वृहद् रूप तब ही मिल सकता है जब विरोधी विचारों को सुनकर उनको भी समाहित किया जाये। विचारों की वृहद्ता के लिए समालोचना आवश्यक है।

सन्दर्भ–

1. यंग इण्डिया एवं प्रभात मंगल-11 फरवरी 1938 में प्रकाशित।
2. 23 अक्टूबर 1921-नवजीवन समाचार पत्र।
3. हरिजन सेवक 17 अप्रेल 1937
4. 1933 में प्रकाशित- यंग इण्डिया एवं मंगल प्रभात के अनुसार
5. 27.10.1921 यंग इण्डिया में प्रकाशित समाचार के अनुसार

सहायक आचार्या (संस्कृत)
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
देवली (टोंक)

साहित्यकण्ठाभरणे श्लेषालङ्कारविमर्शः

रामजीलाल मीना

डॉ. रामदेवसाहूमहोदयेन विरचिते साहित्यकण्ठाभरणे श्लेषालङ्कारः सामान्यतया उभयालङ्कारश्रेण्यां परिगणितः। तत्र पदश्लेषार्थश्लेषभेदात् श्लेषस्य द्वैविध्यं प्रतिपादितम्। पदश्लेष एव तन्मते शब्दश्लेषः। अपरश्च अर्थश्लेष इति स्पष्टमेव। अनयोः पदश्लेषस्य लक्षणमेवं प्रकारेण प्रतिपादितं वर्तते साहित्यकण्ठाभरणस्य दशमाभरणे–

''पदान्तरप्रतीतौ चेत्पदे ह्यन्यार्थता भवेत्।
पदश्लेषस्तदा भूयादभंगः कीर्तितो बुधैः।।
जायमाने च पदभङ्गात् अपरार्थे द्योतिते त्वयम्।
सभङ्गोऽसौ तदा प्रोक्तः पदश्लेषश्च मन्यते[1]।।''

उक्तलक्षणेन इदं प्रतीयते यत् डॉ. साहूमहोदयः पदस्य अभङ्गावस्थायामर्थान्तरप्रत्ययाकत्वे अभङ्गनामकं प्रथमप्रकारकं पदश्लेषं स्वीकरोति किन्तु यत्र पदस्य द्वयोः भागयोः विभाजनं कृत्वा अर्थान्तरं ज्ञापितं भवेत् तत्र द्वितीयप्रकारकं पदश्लेषं सभङ्गनामकं स्वीकरोति। अनयोः प्रथमम् उदाहरत्येवम् –

''प्राचीमुदेति हरिराक्रमते प्रतीचीं
शुभ्राम्बरे प्लुतिमुपेत्य दिवं प्रयाति।
लोलालकैर्निविदिताननसुन्दरीणां
चेतांसि माद्यति मुहुर्हि दिगङ्गनानाम्[2]।।''

उदाहरणेऽत्र 'हरिः' इति पदं सूर्यस्य वानरस्य च अर्थं प्रतिपादयति। एवमेव 'शुभ्राम्बरे' इति पदं स्वच्छ–आकाशस्य स्वच्छवस्त्रस्य च अर्थं प्रतिपादयति। पदभङ्गं विना पदेऽर्थान्तरस्य प्रतीतिरत्र श्लेषं प्रतिपादयति किन्तु 'आक्रमते' इति पदे यः श्लेषः स पदश्लेषो वर्तते। यतो हि आङ् उपसर्गात् आक्रमणस्यार्थः 'आ' इत्यस्य समन्तात् इत्यर्थे गृह्यमाणे तु पुनः 'क्रमते' इत्यस्य क्रमु पादविक्षेपे धातोर्वाच्यार्थे गृह्यमाणे सर्वत्र स्वरश्मीन् प्रकाशयति शनैः शनैरिति अन्योऽर्थः ज्ञायमानो भवति।

एवमेव द्वितीयमुदाहरति एवम् –

''भानुस्तरङ्गानधिगत्य वातात्
प्रातः प्रसन्नं कमलं करोति।
सायं पुनः सोऽस्तगिरिं प्रयातः
किमन्यथा तन्न पुरस्करोति[3]।।''

उदाहरणेऽस्मिन् 'कमलंकरोति' इत्यस्य 'कम् अलङ्करोति' इति पदभङ्गेन अर्थान्तरं द्योत्यमानं भवति, एवमेव 'पुरस्करोति' इत्यस्य 'अग्रे करोति' 'पुरस्कृतं करोति' चेति अर्थद्वयं 'पुरः करोति' इति पदभङ्गपूर्वकं द्योत्यमानं भवति। अतएव अत्र द्वितीयप्रकारकः सभङ्गः इत्याख्यः पदश्लेषो विद्यते।

अर्थश्लेषनामकस्य द्वितीयभेदस्य लक्षणमेवं प्रकारेण प्रस्तुतं वर्तते तत्रैव साहित्यकण्ठाभरणे –

''पदस्यैकस्य नानार्थाः प्रतीयन्ते प्रसङ्गतः।
ग्राह्यस्तत्रार्थश्लेषः स्यात्पदानामपि वा पुनः।।
धर्ममेकं पुरस्कृत्य नानार्थप्रतिपादने।
भवेदाद्यास्तथैवान्यो नानाधर्मपुरस्कृतः।।
प्रकृतार्थेषु क्वचिद्भूयादर्थेष्वप्रकृतेषु वा।
प्रकृताप्रकृतार्थेषु क्वचिदाभासते स्फुटः[4]**।।''**

उपर्युक्तलक्षणानुसारम् एकस्य पदस्य अनेकेषामर्थानां प्रतीतिः प्रसङ्गभेदात् भवति तत्र अर्थश्लेषो भवति। प्रसङ्गशब्देन अत्र मम विचारेण पक्षान्तरमेव बोध्यम् पूर्वाचार्याणां लक्षणेषु अर्थभेदकतायाः हेतोः उल्लेखो नास्ति। अत्र साहूमहोदयेन अस्य उल्लेखं कृत्वा शब्दार्थश्लेषयोर्मध्ये भेदकता दर्शिता इति प्रतीयते। अनेकेषां पदानाम् अनेकार्थप्रतीतौ अपि प्रसङ्गभेद आवश्यको भवति। तत्र मुख्यतः विषयभेदोऽपि पक्षान्तररूपेण संस्थितो भवेत्।

यत्र एकपदस्य अनेकार्थप्रतीति स्तत्र एकधर्मस्य प्रस्तुतिर्भवति। यत्र च अनेकपदानामनेकार्थप्रतीतिस्तत्र अनेकधर्माणां प्रस्तुतिर्भवति इति विशेषेणात्र स्पष्टीकृतम्। अस्मिन् प्रतिपादने रसगङ्गाधरकर्त्तुः पण्डितराजस्य प्रभावो वर्तते यतो हि एकाधिकधर्माभिसम्बद्धार्थबाहुल्ये सः श्लेषं स्वीकरोति। अयम् अर्थश्लेषः प्रकृतार्थे अप्रकृतार्थे प्रकृताप्रकृतोभयार्थे च तिसृष्वेव अवस्थासु उपलक्ष्यमाणं भवति। इदमपि मतं पण्डितराजस्य मतमनुसृत्यैव प्रतिपादितम्।

अस्य अर्थश्लेषस्य उदाहरणं निम्नानुसारमुल्लिखितम् –

''परीक्षितो भूरि बुधैर्जगत्यां सदानवद्यो विशदः प्रकामम्।
गुणप्रकर्षो ह्यगतप्रभावः अचेतने वाऽथ सचेतनेऽपि।।[5]**''**

अत्र 'अचेतने' इति कथनेन अचेतनेषु गुणप्रकर्षः अगतप्रभावो भवति इत्यत्र गुणशब्दस्य रश्मिरित्यर्थः प्रासङ्गिको वर्तते। एवमेव 'चेतने' इति कथनेन चेतनेषु गुणप्रकर्षः आगतप्रभावो भवति इत्यत्र गुणशब्दस्य सदाचारादिगुणविशेष इत्यर्थः प्रासङ्गिकोऽस्ति। प्रसङ्गभेदादर्थभेदे विद्यमाने अर्थश्लेषोऽत्र मन्तव्यः। अगतप्रभावरूपिणा एकधर्मेणैव उभयोः विद्यमानतया अयं श्लेषालङ्कारपदश्लेषपेक्षया विशिष्टो मन्यते।

सन्दर्भः–

1. साहित्यकण्ठाभरणम् – 10/16, 18
2. कश्मीरगौरवम् – 6/4 (साहिरूकण्ठाभरण 10/16 वृत्तिभागे)
3. कश्मीरगौरवम् – 6/9 (साहिरूकण्ठाभरण 10/17 वृत्तिभागे)
4. साहित्यकण्ठाभरणम् – 10/18-20
5. साहित्यकण्ठाभरणम् – 10/17 वृत्तिभागे

शोधच्छात्रः

केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः, जयपुरपरिसरः, जयपुरम्

उपदेशेऽजनुनासिक इत् सूत्रघटकोपदेशपदार्थविमर्शः

अश्वनी ठाकुरः

यथा अस्माभिर्ज्ञायते यत् आचार्यदीक्षितेन सिद्धान्तकौमुद्याः व्याख्यानभूतः अद्यावधि पठनपाठनपरम्परायां प्रसिद्धः प्रौढ़मनोरमानामकः ग्रन्थः विरचितः। भट्टनागेशेनापि सिद्धान्तकौमुद्याः व्याख्यानभूत एव शेखरनामकः ग्रन्थः रचितः। यद्यपि ग्रन्थद्वये सिद्धान्तकौमुद्याः एव बृहद्व्याख्यानं तथापि उभयोः व्याख्याने नानास्थलेषु मतभेदः समागतः। यद्यपि व्याकरणशास्त्रे यावन्तः ग्रन्थाः सन्ति तावतां सर्वेषां ग्रन्थानां व्याख्यानस्य आधारभूतं महाभाष्यमेव। परञ्च आचार्यैः स्व-स्व रीत्या भाष्य-ग्रन्थस्य व्याख्यानं कृतं येन आचार्याणां मध्ये मतभेदः समागतः। अस्मिन्नेव प्रसङ्गे नागेशदीक्षितयोरपि बहुषु स्थलेष्वस्ति व्याख्याने मतभेदः। तेषु मतभेदस्थलेषु ''उपदेशेऽजनुनासिक इत्'' सूत्रघटकोपदेशशब्दे अस्ति अनयोः वैमत्यं तच्च मया यथाज्ञानं प्रतिपाद्यते।

शब्दशास्त्रे त्रिविधः उपदेशपदार्थः प्रसिद्धः, भावघञन्तोपदेशपदार्थः, कर्मघञन्तोपदेशपदार्थः, करणघाञन्तोपदेशपदार्थश्च। तत्र यदा भावघञन्तोपदेशपदार्थः मन्यते तदा आयत्वमुपपदार्थः आदेच उपदेशेऽशिति इति भाष्यात्।[1] दिशिर् धातोः उच्चारणमर्थः पस्पशाह्निके[2] तथोक्तत्वात्। एवञ्च आद्योच्चारणन्नाम ''अज्ञातस्वस्वरूपज्ञापकोच्चारणम्''[3]। एतदेव परिष्कृत्याह - ''स्ववृत्तिश्रावणप्रत्यक्षविषयतावच्छेदकधर्मावच्छिन्न-विधेयताकबोधतात्पर्यकोच्चारणमुपदेशः''।

समन्वयश्चेत्थम् - ''अग्रेर्ढक्'' इत्यत्र ''स्व'' सूत्रघटकढक्शब्दः, ''तद्वृत्ति - श्रावणप्रत्यक्षविषयतावच्छेदको धर्मः ढक्शब्दत्वरूपः धर्मः, ''तद्धर्मावच्छिन्नविधेयता ढकशब्दे, ''तादृशबोधतात्पर्यकोच्चारणविषयः'' ढक्शब्दः अतः ढक्शब्द उपदेशः अग्निशब्दस्य नोपदेशत्वं तस्य विधेयत्वाभावात्। एतादृशोपदेशपदार्थे तु ''प्रत्यक्षमाख्यानमुपदेशः''[4], ''उद्देशश्च प्रातिपादिकानां नोपदेशः''[5] इत्यादिभाष्यमेव प्रमाणं भविष्यति।

कर्मघञन्तोपदेशे आद्यत्वमुपपदार्थः, ''दिशिर्'' धातोः उच्चारणमर्थः ''घञ्'' प्रत्ययस्य ''विषयः अर्थः'' एवञ्च ''आद्योच्चारणविषयः उपदेशपदार्थः'' फलितः। अयं पक्षः प्रक्रियाकौमुद्याम् इत्थं प्रतिपादितम्-

धातुसूत्रगणोणादिवाक्यलिङ्गानुशासनम्।
आगमप्रत्ययादेशाः उपदेशाः प्रकीर्तिताः।।[6]

इति उपदेशपदार्थे ''उत्तरार्धे'' आगमादिषु पक्षोऽयं स्वीकृतः। भाष्येऽपि ''आदेच उपदेशेऽशिति'' इत्यत्र ''एजन्तं यदुपदेशः'' इत्यत्र तत्रैव कैयटेऽपि उपदेशशब्दस्य कर्मघञन्तत्वमुक्तम्।

करणघञन्तोपदेशे ''उप''-पूर्वक-''दिशिर्''-धातोः ''शासनमर्थः'' ''उपदेशेऽजनुनासिक इत्'' इति सूत्रभाष्यप्रामाण्यात्। तथा च ''शासनकरणमुपदेशः'' तच्च प्रत्यासत्या शब्दसाधुत्वानुशासनकरणत्वेन शास्त्रमेव[7] लभते। पक्षेऽस्मिन् ''उपदेश इति चायं करणसाधनः'' इत्यादि भाष्यं प्रमाणं भवितुमर्हति।

''उपदेशेऽजनुनासिक इत्'' इति सूत्रघटकोपदेशपदार्थः भट्टनागेशेन करणघञन्तः स्वीकृतः तथा दीक्षितेन

भावघञन्तः। इदं परित्यज्य एकाच उपदेशेऽनुदात्तात् ''आदेच उपदेशेऽशिति'' इत्यादिषु सूत्रेषु द्वाभ्याम् आचार्याभ्यां नागेशदीक्षिताभ्यां भावघञन्तमेवोपदेशपदार्थः अभिमतः।

भावघञन्तोपदेशपदार्थविमर्शः

भावघाञन्तोपदेशपदार्थे स्वीकृते अर्थो भवति –

''अज्ञातस्वस्वरूपज्ञापकोच्चारणमुपदेश'' इति। अमुं पक्षमुपस्थापयन् भगवान् भाष्यकारः आह – ''प्रत्यक्षमाख्यानमुपदेशः गुणैः प्रापणमुद्देशः।'' प्रकृते प्रत्यक्षपदेन श्रावणप्रत्यक्षः बोद्धव्यः। इन्द्रियगोचरार्थस्य यद् आख्यानं कथनं स उपदेशः। यद्यपि अनुनासिकत्वमपीन्द्रियग्राह्यं तथापि अनुनासिकशब्दप्रतिपाद्यतावेलायामिन्द्रियाऽगोचरमिति भावः।

अत्र उपदेशपदार्थस्योदाहरणमाह यथा – ''अगोज्ञाय कश्चिद्गां सक्थनि कर्णे वा गृहित्वोपदिशति''[8] – ''अयं गौरिति। स प्रत्यक्षमाख्यानमाह– ''उपदिष्टो मे गौरिति।''

उद्देशपदार्थमुदाहरति यथा – कश्चित्कंचिदाह– देवदत्तं[9] मे भवानुद्दिशतु इति। स इहस्थः पाटलिपुत्रस्थं देवदत्तमुद्दिशति अङ्गदी कुण्डली किरीटी व्यूढोरस्को वृत्तबाहुलहिताक्षस्तुङ्गनासो विचित्राभरण ईदृशो देवदत्तः इति। स गुणैः प्राप्यमाणमाह – ''उद्दिष्टो मे देवदत्तः'' इति। ईदृश उपदेशपदार्थे स्वीकृते ''अभ्र ऑ अपः'' इत्यत्र ''ऑ'' इत्यस्य न इत्सज्ञायाः प्राप्तिः तस्य ''आडोऽनुनासिकश्छन्दसि'' सूत्रेण अनुनासिकत्वरूपेण धर्मेण विधीयमानत्वात् स उद्देशः न तु उपदेश इति। ततः परं तत्रैव भाष्यकारेण तत्र दोषमाह– ''सङ्कीर्णावुद्देशोपदेशौ''[10] इति।

तद् यथा – कश्चित्कंचिदाह – ''अनुवाकं मे भवानुद्दिशतु'' ''इषेत्वकम्'' अधीष्व। स प्रत्यक्षमाख्यातमाह – ''उद्दिष्टो मेऽनुवाकः तमध्येष्ये'' इति। तथा च – [12]कश्चित् कंचिदाह ग्रामान्तरं गमिष्यामि पन्थानं मे भवानुपदिशतु इति। स तस्मै आचष्टे –

''अमुष्मिन्नवकाशे हस्तदक्षिणो ग्रहीतव्योऽमुष्मिन्हस्तवामः इति'' स गुणैः प्राप्यमाणमाह – ''उपदिष्टो मे पन्थाः'' इति। एवमेतौ सङ्कीर्णावुद्देशोपदेशौ इति। एवमुक्त्वा भगवान् भाष्यकारः अन्यस्मिन् पथि आरूढवान्। तथा चास्मिन् सूत्रे भगवता करणघञन्तोपदेशपदार्थः स्वीकृतः। परं तन्न दीक्षिताय अरोचत। यतोहि भगवद्भिः ''कृत्यल्युटो बहुलम्'' सूत्रस्थबहुलग्रहणेन करणार्थे ''घञ्''–प्रत्ययो विहितः तदेव दीक्षितस्यारुचेः मूलम्। यदि कस्यचिद् लक्षणया(सूत्रेण) सिद्धिः सम्भवश्चेत् तत्र अगतिकगतिकल्पनमन्याय्यमिति दीक्षितस्य भावः।

भावघञन्तोपदेशपक्षे उद्देशोपदेशयोः सङ्कीर्णापत्तिरपि लक्षणया[14] वारयितुं शक्यः। ''उपदिष्टो मे पन्थाः'' इत्यादिषु वाक्येषु पथः उपदेशासम्भवात् तत्र मुख्यार्थबाधः।

तस्मिन् सति उपदेशपदार्थस्य उद्देशपदार्थे लक्षणा। एवमुद्दिष्टो मेऽनुवाकः इत्यत्रापि ज्ञातव्यः।

अनेन प्रकारेण सङ्कीर्णापत्तिर्वारिते ''अभ्र ऑ अपः'' इत्यत्र ''ऑ'' इत्यस्य उद्देशत्वात् न इत्सञ्ज्ञापत्तिः।

अयि! भावघञन्तस्वीकारे ''उपदेशपदेन'' ''आद्योच्चारणक्रियोपस्थापयिष्यते''। तथा च क्रियायाः अमूर्तत्वात् तस्मिन् आद्यन्तयोरभावात् कथं तत्र ''हलन्त्यम्'' इत्यादिसूत्राणां प्रवृत्तिरिति चेदत्र शब्दद्वारा तदपि समाधातुं शक्यते। अथवा आद्योच्चारणमित्या बहुव्रीहिसमासेनाऽपि तद्दूरीकर्तुं शक्यते।

एवं सत्यपि ''मनिन्'' इत्यत्र नकारस्य इत्सज्ञालोपाभ्यामपहारेण पुनः ''मनि'' इत्यस्य उपदेशाभावात्

न इकारस्येत्सज्ञा। यदि ''समुदायोपदेशेनान्तरीयकतया अवयवस्यापि उपदेशः'' इति न्यायद्वारा इत्सज्ञा उच्यते चेत् 'णिनि' प्रत्ययेऽपि णकारोत्तरवर्ति इकारस्येत्सज्ञालोपाभ्यामपहारे पुनः नकारस्य इत्सञ्ज्ञापत्तिः तादवस्थ्यमेव इति चेत् अत्र ''यस्योपदेशे ऋषेस्तात्पर्यन्तस्य तदुपदेशप्रयुक्तेत्सञ्ज्ञा'' इति स्वीकारेण ऋषेः समुदायस्यैवोपदेशे तात्पर्यं न तु प्रत्येकम् अवयवस्योपदेशे। ''मनिन्'' इत्यत्र ''उपदेशेऽजनुनासिक इत्'' ''हलन्त्यम्'' उभयोः अपि सूत्रयोः प्रवृत्तौ मिथः अनपेक्षणात् सहैव प्रवृत्तौ इकारनकारयोः सहैव इत्सञ्ज्ञासत्यां सहैव लोपः भविष्यति न तु प्रत्येकम् । पुनश्च 'णिनि' इत्यत्र 'हलन्त्यम्' सूत्रस्य प्रवर्तने 'उपदेशेऽजनुनासिक इत्' सूत्रस्यापेक्षणात् न पूर्वमस्य प्रवृत्तिः तथा च इकारस्य इत्सञ्ज्ञालोपाभ्यामपहारानन्तरं 'णिन्' इत्यस्य अज्ञातस्वस्वरूपज्ञापकाभावात् उपदेशाभावः तस्मात् नेत्सञ्ज्ञापत्तिः।

एवं सति 'लृटः सद्वा' 'निष्ठा' इत्यादिभिः बोधितस्य इत्सञ्ज्ञानापत्तिः इति चेत् तर्हि अत्रापि लोकवत् शास्त्रेऽपि ऋषितात्पर्यानुपपत्तिं मत्वा लक्षणया वारणसम्भवः।

न चैवम् ''अभ्र आँ अपः'' इत्यत्र ''आँ'' इत्यस्यापि लोपापत्तिः। प्रकृते इत्सञ्ज्ञायाः किञ्चित् फलं नास्ति। न हि लोपः फलं तथा सति तद्विधानस्य वैय्यर्थापत्तिः स्यात्। तथा च सिद्धान्तः ''या या सञ्ज्ञा सा सा फलवती भवेत्'' अतः अत्र फलाभावात् नेत्सञ्ज्ञा। न च अनुबन्धानाम् अनेकान्तत्वपक्षे ''आदितश्च'' इति इडभाव फलं स्यात् अनुबन्धविषये एकान्तत्वपक्ष एव सैद्धान्तिकः पक्षः।

चित्रङ् इत्यादिषु प्रातिपदिकेषु अनुबन्धदर्शनेन प्रातिपदिकविषये ऋषितात्पर्यं गृहीत्वा उपदेशपदार्थस्य उद्देशपदार्थे लक्षणया निर्वाहः करणीयः अन्यथा तत्र - तत्र इत्सञ्ज्ञाभावात् प्रातिपदिकेषु अनुबन्धकरणं विफलमेव स्यात्।

करणघञन्तोपदेशपदार्थविमर्शः

'उपदेशेऽजनुनासिक इत्' इति सूत्रे भाष्ये भगवान् भाष्यकारः करणघञन्तपक्षमेवोपस्थापितवान्। तमेव भाष्यम् उररीकृत्य श्रीमान् नागेशः शेखरे अथ च सुधीः दीक्षितोऽपि शब्दकौस्तुभे [16]'बाहुलकात् करणे घञ्। अन्यथा ल्युट् स्यात्' इति वचनम् अमुं पक्षमेव समर्थयामासतुः।

पक्षेऽस्मिन् करणार्थे घविधायकं किमपि सूत्रन्नास्ति। 'पुसिं सज्ञायां घः प्रायेण' इति सूत्रेण तत्र 'घ' प्रत्ययो न भवितुमर्हति। यतोऽहि सूत्रार्थोस्ति 'पुंल्लिङ्गयोः करणाधिकरणयोरभिधेययोः धातोः घः प्रत्ययो भवति समुदायेन चेत् सञ्ज्ञा गम्यते' इति। प्रकृते उपदेश इति काचित् सञ्ज्ञा नास्ति 'न चैषा सञ्ज्ञा' इति भाष्यप्रामाण्यात्। अस्याऽसंज्ञात्वात् एव एतदपवाद 'हलश्च' इति सूत्रेण 'घञ्' प्रत्ययोऽपि न 'उत्सर्गापवादयोः समानविषयकत्वनियमात्'।

न च घप्रत्यये उपाधिभूतस्य 'संज्ञायाम्' पदार्थस्य 'प्रायेण' इति उपाधिम्मत्वा क्वचित् 'असञ्ज्ञायाम्' इत्यर्थलाभः सुलभः। तेन उपदेश इत्यत्र 'हलश्च' इत्यनेन 'घञ्' प्रत्ययोऽपि सुलभः इति वाच्यम्, [17]'नह्युपाधेरुपाधिर्भवति विशेषणस्य वा विशेषणम्' इति भाष्यवचो विरोधात्।

उपाधिविशेषणयोश्च वाच्यत्वावाच्यत्वाभ्यां विशेषः। यथा 'दृतिहरिः' इत्यत्र 'हरतेदृतिनाथयोः पशौ' इति सूत्रेण विधीयमानेन इन्प्रत्ययेन 'पशुःकर्ता' अभिधीयते। अतः 'पशुः' इति उपाधिः। 'गार्गिकया श्लाघत'

इत्यत्र 'गोत्रचरणाद् वुञ्' अनेन सूत्रेण 'विहताण्-प्रत्ययेन' न श्लाघार्थो अभिधीयते इति 'श्लाघा' विशेषणम्। अत एवोक्तम् -

अर्थविशेष उपाधिस्तदन्तवाच्यः समानशब्दो यः।
अनुपाधिरतोऽन्यः स्यात् श्लाघादिविशेषणं यद्वत्।।

एतच्च कैयटोद्योते व्याकरणसिद्धान्तसुधानिधौ च स्पष्टम्।

''अकर्तरि च कारके सञ्ज्ञायाम्'' इति सूत्रे ''सञ्ज्ञायाम्'' इति प्रायिकमस्ति। सूत्रेऽस्मिन् ''चकारः सञ्ज्ञाव्यभिचारार्थः'' इति न्यासकारेणोक्तम्। स च भिन्नक्रमः सञ्ज्ञायामित्यस्यानन्तरं द्रष्टव्यम्। सञ्ज्ञायाश्च इति चार्थं द्योतयन्नसौ सञ्ज्ञाव्यभिचाराय भवति तेन असञ्ज्ञायामपि च भवति। पुनश्च तत्रैव ''सञ्ज्ञायाम्'' इति ग्रहणं ''बाहुल्येन सज्ञायां भवति, असञ्ज्ञायां तु क्वचिदेवेत्यर्थं सूचयितुम्'' इत्युक्तम्। इत्थं प्रकृते कर्तृभिन्ने करणकारके असञ्ज्ञायामपि अनेन सूत्रेण घञ् प्रत्ययो भविष्यति इति नाशङ्कनीयम्। कुतश्चेत् ''करणाधिकरणयोश्च'' सूत्रेण विहितल्युट्-प्रत्ययस्य परत्वात् अस्य बाधकत्वात्। पूर्वविप्रतिषेधेन ल्युटः बाधो न शङ्क्यः तथा भाष्येऽनुक्तत्वात्, ''परत्वाल्युट् प्राप्नोति'' इति भाष्यवचो विरोधाच्च।

''वासरूपोऽस्त्रियाम्'' इति सूत्रेण विकल्पेन 'घञ्' प्रत्ययो भविष्यति। तथा च सूत्रार्थः - ''अस्मिन्धात्वधिकारेऽसरूपोऽपवादप्रत्यय उत्सर्गस्य बाधको वा स्यात् स्व्यधिकारोक्तं विना।''

''क्तल्युट्तुमुन्खलर्थेषु वासरूपविधिर्नास्तीति'' परिभाषायां परं तुमुन्साहचर्येण यदि भावार्थक 'ल्युट्' प्रत्ययमात्रं स्वीक्रियते चेत् ''ईषत्पानः सोमो भवता'' इत्यत्र कर्मणि खल् (ईषदुःसुषुकृच्छ्राकृच्छ्रार्थेषु खल्) न इति भाष्यं न सङ्गच्छेत् अन्यथा ''अतो युच्'' इत्यस्य विकल्पेन विधानात् पक्षे सोऽपि सुलभ एव कुतो नेति। अतः भावार्थकस्य ल्युटः परिभाषायां ग्रहणन्नेति शब्दरत्नकारः।

केचित् तु परिभाषायां क्तल्युटौ नपुंसके भावे विहितावेव गृह्येते परस्परसाहचर्यात्। न तु भूतवर्तमानोक्तौ करणाधिकरणल्युटौ च। अन्यथा 'निष्ठा' इत्यस्य भूतक्तविषये अशयिष्ट इत्यादौ लुङसिद्धः। विधिसामर्थ्यात् समाधाने तु गौरवः स्यात्। तथा च ञीतः क्तः, मतिबुद्धिपूजार्थेभ्यश्च इति वर्तमानक्तविषये क्ष्वेदते, क्ष्विद्यति इत्याद्यसिद्धिः। एवं सति धातुमात्रात्करणाधिकरणयोर्घञाजापत्तिस्तु [19]'अभिधानलक्षणाः कृत्तद्धितसमासाः' इति न्यायात् वारणीयम्। अस्मिन् पक्षे शब्दरत्नकारोक्तदोषोऽपि इत्थमेव निष्कण्टकीकरणीयम्। इत्थं पक्षेऽस्मिन् कथञ्चित् घञ्प्रत्ययोऽपि सुलभ एव।

युक्तायुक्तत्वसमीक्षणम्

दीक्षीतोक्त-मनोरमायां भावघञन्तोपदेशपक्षस्वीकारेण 'लृटः सद्वा' 'निष्ठा' इत्यादौ लक्षणाश्रयणं, 'चित्रङ्' इत्यादि प्रातिपदिकविषयेऽपि लक्षणाश्रयणम्, उपदेशोद्देशयोः सङ्कीर्णापत्तिं वारयितुं तत्र लक्षणाश्रयणं कर्तव्यं भवति। तथा च 'भवतष्ठक्छसौ' इत्यत्र 'उपदेशे' ककारस्य अनन्त्यत्वात् इत्सञ्ज्ञानापत्तिः स्पष्टमेव। उपदेशे 'धातुप्रत्ययान्त्यत्वादि' अर्थे स्वीकृते तु करणघञन्तपक्षमेव आयाति इति भक्षितेऽपि लशुने न व्याधिशान्तिः इत्यापत्तिश्च। 'व्यवसितान्तग्रहणं कर्तव्यम्' इत्यादिभाष्यस्य भावघञन्तपक्षेऽपि आश्रयणात् 'भवतष्ठक्छसौ' इत्यत्रागतदोषस्यापि यथाकथञ्चित् वारणसम्भवः।

करणघञन्तस्वीकारे तु 'कृत्यल्युटो बहुलम्' इत्यत्र बहुलग्रहणेन घञ् विधाने अगतिकगत्याश्रयणं

तु महद्गौरवम्। पुनश्च 'आदेच उपदेशेऽशिति' इत्यादि सूत्रभाष्ये भगवद्भिरपि भावघञन्तपक्ष एव सम्मतः। तत्र सङ्कीर्णापत्तिं वारयितुं तत्रापि लक्षणा स्वीकरणीयमेव स्यात्। तेन भक्षितेऽपि लशुने न व्याधिशान्तिः।

इति दोषः अत्रापि सुस्थिरः। किञ्च 'उपदेशेऽजनुनासिक इत्' सूत्रे 'उपदेश' इति करणघञन्तम्, आदेच उपदेशेऽशिति इत्यादिषु भावघञन्तम् इति अर्धजरतीयन्न युक्तम्।

निष्कर्षः – यद्यपि 'उपदेशेऽजनुनासिक इत्' सूत्रघटकोपदेशस्य करणघञन्तपक्षः भाष्यानुमोदितः, शेखरे नागेशेनाऽपि स्वीकृतः, शब्दकौस्तुभे दीक्षितेनाऽपि तथैव प्रतिपादितः तथाऽपि मनोरमायां दीक्षितस्य प्रतिपादितभावघञन्तपक्षोऽपि प्रशस्य एव। एतत् सर्वं जानन्नेव मन्ये शेखरकारेणऽपि शेखरे अन्त्ये 'सुधियः विभावयन्तु'[20] इत्युक्तम्। इति यथामति अमू पक्षौ उपस्थापितौ।

जयतु संस्कृतम्, जयतु भारतम्

सन्दर्भाः–

1. 'उपदेश' इत्युच्यते, उद्देशश्च प्रतिपादिकानां नोपदेशः। – महाभाष्य (भाग-6), प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ-578
2. 'दिशिरुच्चारणक्रियः'– पापशाह्निक, मोतीलाल बनारसीदास, अनुवादक व विवरणकार– चारुदेव शास्त्री, प्रथम संस्करण, पेज-45
3. वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी- तत्वबोधिनी-बालमनोरमा-शेखर व्याख्यात्रयविराजिता (भाग-1), चौखम्बा सुरभारती ग्रन्थमाला, पृष्ठ-9
4. महाभाष्य-भाग- 1-2, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ-177
5. महाभाष्य-भाग- 6, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ-572
6. प्रौढ़मनोरमा (शब्दरत्न-भैरवी प्रकाशन,) पृष्ठ-17
7. किं पुनरुपदेशनम् (शास्त्रम्) महाभाष्य-भाग- 1-2, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ-179
8. महाकाव्य-1-2, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ-177
9. महाकाव्य-1-2, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ-177
10. महाकाव्य-1-2, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ-178
11. महाकाव्य-1-2, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ-172
12. महाकाव्य-1-2, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ-172
13. महाकाव्य-1-2, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ-181
14. 'संकीणलोकव्यवहारस्य लक्षणयाऽप्युपपव्या'– प्रौढ़मनोरमा (शब्दरत्न-भैरवी-प्रकाशन-विभाऽलङ्कृता), काशी संस्कृत ग्रन्थमाला, 58, चौखम्भा संस्कृत संस्थान (वाराणसी), पृष्ठ- 16
15. प्रौढ़मनोरमा – पृष्ठ-17
16. शब्दकौस्तुभ (द्वितीय भाग), चौखम्बा संस्कृत सीरीज-2, चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस वाराणसी, संपादक- पं. गोपाल शास्त्री नेने, संस्करण तृतीय, पेज-55
17. भाष्य-पेज 180
18. व्याकरणसिद्धान्तसुधानिधिः, राजस्थान पत्रिका, श्यामगढ़ की हवेली, उदयमन्दिर मार्ग, मानजी का हत्था, पावटा 'बी' रोड, जोधपुर-242011 (राजस्थान-भारत), प्रथम संस्करण, 1995, पृष्ठ-263
19. व्याकरणसिद्धान्तसुधानिधि, पृष्ठ-263
20. वैयाकरणसिद्धान्त कौमुदी, पृष्ठ-11

शोधच्छात्रः, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुरम्

ज्योतिश्शास्त्रस्य परिचयः

अमितकुमारझाः

महर्षिनारदानुसारेण अष्टादश ज्योतिश्शास्त्रप्रवर्त्तकाः सन्ति। यथा–

ब्रह्माचार्यो वशिष्टोऽत्रिमुनिः पौलस्त्यशेमशौ।
मरीचिराङ्गिरा व्यासो नारदः शौनको भृगुः।।
च्यवनो यवनो गर्गः कश्यपश्च पराशरः।
अष्टादशैते गम्भीरा ज्योतिः शास्त्रप्रवर्त्तकाः।।[1]

ब्रह्मा–आचार्य–वशिष्ठ–अत्रि–मनु–पौलस्त्य–रोमश–मरीचि–अङ्गिरा–व्यास–नारद–शौनक–भृगु–च्यवन–यवन–गर्ग–कश्यप–पराशराः।

एवमेव ये ज्योतिश्शास्त्रस्य प्रवर्त्तकान् प्रकटयन्ति तदनुसारेण ज्योतिश्शास्त्रस्य प्राचीनत्वं सर्वत्र सुलभतया ज्ञायते।

अनन्तरं सूक्ष्मातिसूक्ष्मरूपेण गणितगणनया ग्रहाणां यन्त्रादिकवेधादीनां च ग्रहनक्षत्रादीनां ज्ञानं विधाय तं विपुलं ज्ञानराशिं प्राणिमात्रस्य सुखसाधनार्थं ''ज्योतिष–शास्त्रम्'' इति नाम्ना प्रथितम्। ज्योतिश्शास्त्रं त्रिस्कन्धात्मकमस्ति।

आचार्यवराहमिहिरेण सूचितम्–

ज्योतिः शास्त्रमनेकभेदविषयं स्कन्धत्रयाधिष्ठितं तत्कात्स्न्योपनयस्य नाम मुनिभिः सङ्कीर्त्यते संहिता। स्कन्धेऽस्मिन् गणितेन या ग्रहगतिस्तन्त्राभिधानस्त्वसौ होरान्योऽङ्गविनिश्चयश्च कथितः स्कन्धस्तृतीयोऽपरः।।[2]

अर्थात् अस्मिन् शास्त्रे ग्रहाणामादित्यादीनां या गतिर्गमनं प्रतिराशौ सञ्चरणं येन ज्ञायते तद् गणितं तस्य च तन्त्रमिति संज्ञा। असौ गणितस्कन्धस्स्वतन्त्राभिधानः। होराऽन्योङ्गविनिश्चयश्च कथितमिति। प्रतिष्ठायात्राविवाहादीनां लग्नग्रहवशेन च शुभाशुभफलं जगति यथा निश्चीयते स होरा। अन्यो द्वितीयोङ्गविनिश्चयः होराख्यः कथितः। अपरस्तृतीयोऽयं स्कन्धो वक्ष्यमाणः शाखाख्य इति। उक्तं यथा–

सिद्धान्तः संहिता होरारूपं स्कन्धत्रयात्मकम।
वेदस्य निर्मलं चक्षुर्ज्योतिः शास्त्रमनुत्तमम्।।[3]

कुत्रचित् ज्योतिश्शास्त्रस्य पञ्चस्कन्धात्मकत्वं अपि दृश्यते। यथा–

पञ्चस्कन्धमिदं शास्त्रं होरागणितसंहिताः।
केरलिः शकुनश्चेति ज्योतिः शास्त्रमुदीरितम्।।

अर्थात् शकुनकेरलिजातकादयः सर्वे इमे संहितान्तर्गता एव सन्ति। अत एव ज्योतिश्शास्त्रस्य स्कन्ध त्रयात्मकत्त्वमेव युक्तियुक्तमस्ति। पञ्चस्कन्धात्मकमिति कथनमसमीचीनमस्ति।

अत्र स्कन्धत्रयात्मके वर्णनमस्ति। यथा–

1. सिद्धान्तस्कन्धः– त्रुट्यादितः प्रलयान्तो यः कालः तस्य कलना परामर्शः। मानानां सौरचान्द्रादीनां प्रकर्षेण भेदः क्षोदः सम्यक् विचारः, व्यक्ताऽव्यक्तात्मकं गणितं द्विधा, उत्तरेण सह वर्त्तमानाः समाधानयुताः प्रश्नाः भूश्चधिष्ण्यानि च ग्रहाश्च तेषां या संस्थितिस्तस्याः निरूपणं कालज्ञानसाधनाभूतानि यन्त्राणि च यत्रोच्यन्ते स बुधैः सिद्धान्त उदाहृतः। इष्टां यत्र गणितबन्धने खेटगतयो विचार्यन्ते स सिद्धान्तेति पर्यवसितो भवति। सिद्धान्तलक्षणम्।[4] बृहत्संहितायां सिद्धान्तलक्षणस्य वर्णनं वर्तते यत् यस्मिन् स्कन्धे युग-वर्ष-ऋतु-अयन-मास-पक्ष-अहोरात्र-याम मुहूर्त्त-नाड़ी-प्राण-त्रुटि-चतुर्णां च मानानां (सौर-सावन-नाक्षत्र-चान्द्राणामधिमास) षष्ट्यष्द-जलयन्त्र-दृक्-ग्रहगति-भूभ्रमण-भगण छाया-करणप्रभृतिषु ज्ञानं सिद्धान्ते एव सन्ति।

अभिशाप के प्रतिकार का भी उपाय होता था। शकुन्तला की सखियों द्वारा अनुनय विनय किये जाने पर अभिशाप के प्रभाव को नष्ट करने का उपाय भी ऋषि द्वारा बता दिया जाता है कि यदि शकुन्तला कोई पहचान का आभूषण अपने प्रिय को दिखा देगी तो शाप निवृत्त हो जायेगा अर्थात् पहचान का आभूषण दिखाये जाने पर शाप का प्रभाव नष्ट हो जायेगा। यथा-

अभिज्ञानभरणदर्शनेन शापो निवर्तिष्यत।

विक्रर्मोवशीयम् नाटक में भी उर्वशी को भरतमुनि के अभिशाप का भाजन बनना पड़ता है। पुरुरवा के प्रेम में डूबी उर्वशी अभिनय करते समय पुरुषोत्तम कहने के स्थान पर पुरुरवा कह बैठती है। इसी पर क्रुद्ध हुए गुरु उसे अभिशाप दे देते हैं कि अब वह स्वर्ग में नहीं रह पायेगी। यथा-

येन ममोपदेशस्त्वया लंघितस्तेन न ते दिव्यं स्थानं
भविष्यति इति उपाध्यायस्य शापः। (विक्रमोर्वशीयम्)

उर्वशी की शाप की अवधि को इन्द्र ने सीमित कर दिया कि जब तक उर्वशी की सन्तान का मुख पुरुरवा नहीं देखेगा तभी तक उसे पृथ्वी पर रहना होगा, तत्पश्चात् वह पुनः स्वर्ग में आ सकेगी। इसके पश्चात् उर्वशी एक बार पुनः शाप का भाजन बनती है। राजा से रूठ कर वह भूल से कार्तिकेय के गन्धमादन पर्वत (वन वाटिका) में प्रवेश कर जाती है। कार्तिकेय ने यह नियम बना दिया था कि यदि कोई स्त्री मेरी वन वाटिका मे प्रवेश करेगी तो वह लता बन जायेगी। कार्तिकेय द्वारा बनाये गये नियमानुसार उर्वशी भी लता बन जाती है। विरह व्याकुल राजा उर्वशी को खोजते हुए उसी वन में प्रवेश करता है जैसे ही राजा उस लता को स्पर्श करता है तो वह लता उर्वशी बन जाती है।

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि कालिदास युगीन समाज शकुन-अपशकुन, व्रत-उपासना, ग्रहों का दुष्प्रभाव तथा अभिशाप आदि में आस्था रखता था। इन लोक-आस्थाओं व लोक मान्यताओं का कोई वैज्ञानिक कारण तथा इसके आविर्भाव का कोई काल निर्धारित नहीं किया जा सकता है। यह तो मानव सभ्यता का एक अभिन्न अंग है। भारतीय समाज में यह परम्पराएँ और आस्थाएँ युगों से चली आ रही हैं, इनका कोई आदि तथा अन्त दिखाई नहीं देता है मानव जीवन को यह आस्थाएँ और मान्यताएँ अत्यन्त प्रभावित करती हैं।

विकास सहायक
हरियाणा-संस्कृत-अकादमी,
पंचकूला

दर्शनाचार : जैनदर्शन के परिप्रेक्ष्य में

डॉ. दर्शना जैन

भारतीय साहित्य में प्रारम्भ में आचार शब्द सदाचार का ही द्योतक है। बाद में आचार के साथ 'सत्' शब्द का प्रयोग इस तथ्य को प्रमाणित करता है कि जब आचार के नाम पर कुछ गलत प्रवृत्तियाँ पनपने लगी। तब श्रेष्ठ आचार को सदाचार और निकृष्ट आचार को दुराचार कहना प्रारम्भ किया गया। इस प्रकार आचार रूपी स्रोत दो धाराओं में प्रवाहित हो गया। उसकी एक धारा ऊर्ध्वमुखी धारा दुराचार है। शाब्दिक व्युत्पत्ति की दृष्टि से सदाचार शब्द सत् आचार-इन दो शब्दों से मिलकर बना है। जो आचरण या प्रवृत्ति पूर्ण रूप से सत् है, शिष्टजन सम्मत है, उचित है, वह सदाचार है। सत् या उचित को ही अंग्रेजी में 'राइट' कहा है, जिसका अर्थ है-नियमानुसार। जो आचरण नियम के अनुसार है, वह सदाचार है और जो आचरण नियम के विरुद्ध है, असत् है, वह दुराचार है। दुराचार को ही अनाचार या कदाचार भी कहते हैं।

व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के अभ्युदय का मूल आधार आचार है। आचार के आधार पर विकसित विचार जीवन का नियामक और आदर्श होता है, अतः विचार की जन्मभूमि आचार ही है।

अतीत काल में आचार शब्द बिना किसी विशेषण के भी श्रेष्ठतम आचरण के लिए व्यवहृत है। शाब्दिक दृष्टि से आचार का अर्थ है– '**आचर्यते इति आचारः**' जो आचरण किया जाए, वह आचार है। यह सदाचार का द्योतक है। भगवान महावीर ने द्वादशांगी में 'आचार' को प्रथम स्थान दिया है। श्रुतकेवली भद्रबाहु ने स्पष्ट शब्दों में कहा है– ''**आचार सभी अंगों का सार है।**''[1]

पं. आशाधर जी ने सागार धर्मामृत में आचार के विषय में कहा है– ''.....**वीर्याच्छुद्रध्येषु तेषु तु**''।[2] अर्थात् अपनी शक्ति के अनुसार निर्मल किये गये सम्यग्दर्शनादि में जो यत्न किया जाता है, उसे आचार कहते हैं।

इसी प्रकार से महाभारत में वेदव्यास ने भी यही कहा है कि सभी आगमों में 'आचार' प्रथम है।[3] ऋषियों ने भी आचार से ही धर्म की उत्पत्ति बताई है– ''आचारप्रभवो धर्मः।''[4] आचार्य पाणिनि[5] ने प्रभव का अर्थ 'प्रथम प्रकाशन' किया है अर्थात् आचार ही धर्म का प्रथम प्रकाशन स्थान है।

विश्व में जितने भी प्राणी हैं, उन सभी प्राणियों में मानव श्रेष्ठ है। सभी मानवों में ज्ञानी श्रेष्ठ है और सभी ज्ञानियों में आचारवान श्रेष्ठ है। आचार मुक्तिमहल में प्रवेश करने का भव्य द्वार है। आचारहीन मानव को वेद भी पवित्र नहीं कर सकते। कहा है– ''**आचारहीनं न पनन्ति वेदाः।**''[6]

आचारहीन विचार-क्रान्ति से विचारों की विशुद्धि नहीं होती, अपितु विकारों की अभिवृद्धि होती है। दूषित वायु के सेवन से स्वास्थ्य की शुद्धि नहीं होती, रोग की वृद्धि होती है। शास्त्रों का गम्भीर अध्ययन करके भी वे लोग मूर्ख रहते हैं, जो शास्त्रों के अनुसार आचरण नहीं करते। ज्ञान से तत्त्व

का स्वरूप समझा जा सकता है, पर तत्त्व की उपलब्धि आचरण से ही होती है। आचरण ही ज्ञान को अनुभूति से मंडित करता है।

जैन संस्कृति में रत्नत्रय को अधिक महत्त्व दिया है, रत्नत्रय का अर्थ सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्र है। साधकमार्ग और मुनिमार्ग का वर्णन मूलाचार आदि साधक के आचरण संबंधी ग्रंथों से प्राप्त होता है। इसी परम्परा में आचार्य वट्टकर जी ने साधुओं के आचरण का व्याख्यान करते हुए मूलाचार नामक ग्रंथ में पंचाचार (पाँच आचारों) का वर्णन किया है। '**दसणणाणचरित्ते तवे विरियाचरम्हि पंचविहे।**'[7] सम्यग्दर्शनाचार, ज्ञानाचार, चारित्ताचार, तपाचार और वीर्याचार– ये पाँच आचार कहे जाते हैं। जैन आचार व्यापक दृष्टिकोण को लिए हुए है। वहाँ केवल पवित्र चरित्र तक ही आचार सीमित नहीं रहा है, उसने केवल कल्पनीय अनन्त गगन में विहरण करने को ज्ञान नहीं माना, अपितु वही ज्ञान श्रेष्ठ है, जिसका सम्बन्ध आचार के साथ है। दर्शन जो तत्त्व श्रद्धा पर अवलम्बित है, वह दर्शन भी यदि आचार के साथ संबंधित नहीं है, तो दर्शन केवल दर्शन तक ही सीमित रहता है, जब दर्शन आचार के साथ सम्पृक्त होता है, तो वह दर्शनाचार के रूप में गौरव को प्राप्त होता है।

सम्यग्दर्शन की प्राथमिकता

चारित्र जीवन का सबसे बड़ा अंग है। आचार को धर्म कहा है। धर्म का क्रियात्मक रूप आचार है। विचार रहित आचार और आचार रहित विचार के कारण ही जैनधर्म में सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र की एकरूपता को धर्म कहा है। सम्यग्दर्शन धर्म का मूल स्तम्भ है। सम्यग्दर्शन के अभाव में न तो ज्ञान सम्यक् होता है और न चारित्र ही। इसीलिए सम्यग्दर्शन को मोक्ष की प्रथम सीढ़ी कहा है।

दर्शनादीन् लक्ष्य लक्षणौ सम्यग्दर्शयति–

तत्रादौ सम्यक्त्वं, समुपाश्रयणीयमखिल प्रयत्नेन।
तस्मिन्सत्येव यतो, भवति ज्ञानं चारित्रं च।। 2।।

Again, one must, by all possible means, first attain right belief, because only on the acquisitions there of knowledge and conduct become right.

उस धर्म स्वरूप कथन में सर्वप्रथम समग्रता से अत्यन्त यत्नपूर्वक सम्यग्दर्शन की सेवा करनी चाहिए अर्थात् उसका सेवन करना चाहिए। उस सम्यक्त्व के होते हुए स्वयमेव आत्मा में, जिसके कारण सम्यग्ज्ञान होता है और ज्ञान से चारित्र होता है, जो कि समस्त पापों से रहित होता है।

इसी तरह चारित्र, तप और वीर्य यानी पुरुषार्थ भी आचार से समन्वित होने से वे ज्ञानाचार, दर्शनाचार, चारित्राचार, तपाचार और वीर्याचार के रूप में विश्रुत हैं।

दर्शनाचार

परमार्थ जीवादि तत्त्वों का श्रद्धान करना और उन्हीं रूप श्रद्धाविषयक अनुष्ठान करना दर्शनाचार है। यहाँ पर दृश् धातु से दर्शन बना है। सम्यग्दर्शन के दर्शनों में दर्शनाचार दृश धातु से ल्युट प्रत्यय लगाकर दर्शन शब्द बना है, जिसमें आचार शब्द जुड़ने से दर्शनाचार की व्युत्पत्ति होती है, जिसका

अर्थ है-दर्शन का आचार। जैनधर्म में दर्शन शब्द को श्रद्धा के लिए प्रयुक्त करते हैं, जिसे सम्यग्दर्शन के अन्तर्गत लिया गया है। सम्यग्दृष्टि जिन नियमों का पालन करता है, उसे दर्शनाचार कहा है।

''यच्चिदानन्दैकस्वभावं शुद्धात्मतत्त्वं तदैव...सर्वप्रकारो पादेयभूतं तस्माच्च यदन्यतद् धेयमित्ति। चलमलि नावगाढर हितत्वेन। निश्चयश्रद्धानबुद्धिः सम्यक्त्वं तन्नाचरणं परिणमनं दर्शनाचारः।''[8] अर्थात् जो चिदानन्दरूप शुद्धात्म तत्त्व है, वही सब प्रकार से आराधने योग्य है। उससे भिन्न जो परवस्तु हैं, वे सब त्याज्य हैं। ऐसी दृढ़ प्रतीति चंचलता रहित निर्मल अवगाढ़ परम श्रद्धा है, उसको सम्यक्त्व कहते हैं, उसका जो आचरण अर्थात् उस स्वरूप परिणमन को दर्शनाचार कहा जाता है।

आचार्य नेमिचन्द्र जी ने द्रव्यसंग्रह में कहा है– ''**परम चैतन्य विलासलक्षणः स्वशुद्धात्मैवोपादेय इति रुचिरूपं सम्यग्दर्शनं, तत्राचरणं परिणमनं निश्चय दर्शनाचारः।**''[9] अर्थात् (समस्त पर द्रव्यों से भिन्न) और परम चैतन्य का विलास रूप लक्षणावली, यह निज शुद्धात्मा ही उपादेय है, ऐसी रुचि रूप सम्यग्दर्शन है, उस सम्यग्दर्शन में जो आचरण अर्थात् परिणमन ही निश्चय दर्शनाचार है।

अन्य आचार्यों ने भी अपने ग्रंथों में सम्यक्त्व के आठ अंग गिनाये हैं। आचार्य समंतभद्र स्वामी ने रत्नकरण्डक श्रावकाचार के प्रथम अधिकार में सम्यग्दर्शन का स्पष्ट वर्णन किया है। वही दर्शन जब आचार रूप में प्रकट होता है तो दर्शनाचार कहलाता है। इसमें प्रसिद्ध होने वाले व्यक्तियों के नाम का व्याख्यान करते हुए कहा है–

तावदञ्जन चौरांगे ततोनन्तमति स्मृता।
उद्दायनस्तृतीयेऽपि तुरीये रेवती मता।।
ततो जिनेन्द्र भक्तोन्यो वारिषेणस्ततः परः।
विष्णुश्च वज्रनामा च शेषयोर्लक्ष्यतां गतौ।।''[10]

अर्थात् प्रथम अंग में अंजन चोर, द्वितीय अंग में अनन्तमती तथा तृतीय अंग में उद्दायन राजा, चतुर्थ अंग में रेवतीसती, पंचम अंग में जिनेन्द्र भक्त सेठ, षष्ट अंग में वरिषेण मुनि, सप्तम अंग में विष्णुकुमार मुनि, अष्टम अंग में वज्रकुमार मुनि प्रसिद्ध हुए।

णिस्संकिद णिक्कंखिद णिव्विदिगिच्छा अमूढदिट्ठीय।
उवगूहण ठिदिकरणं वच्छल्ल पभावणा य ते अट्ठ।।201[11]

अर्थात् निःशंकित, निःकांक्षित, निर्विचिकित्सा, अमूढदृष्टि, उपगूहन स्थितिकरण, वात्सल्य और प्रभावना-ये आठ प्रकार की दर्शन की शुद्धि बताई है। (ये आठ सम्यक्त्व के गुण बताये हैं।)

इसी बात को आचार्य वट्टकेर ने मूलाचार में दर्शनाचार की शुद्धि के रूप में आठ शुद्धियों के रूप में गिनाया है। दर्शनाचार की निर्मलता जिनेन्द्र भगवान ने अष्ट प्रकार की कही है–

दंसणचरणविसुद्धी अट्ठविहा जिणवरेहिं णिहिट्ठा.....।।200।।

प्रवचनसार में भी आचार्य कुन्दकुन्द ने कहा है– ''**अहो निःशंकितत्वनिःकांक्षितत्व निर्विचिकित्सत्वनिर्मूढदृष्टित्वोपबृंहणास्थितिकरणवात्सल्यप्रभावनालक्षणदर्शनाचारः।।**''[12]

अर्थात् अहो! निःशंकितत्व, निःकांक्षितत्व, निर्विचिकित्सत्व, निर्मूढदृष्टित्व, उपबृंहण, स्थितिकरण, वात्सल्य और प्रभावना रूप दर्शनाचार है।

दर्शनाचार के भेद व लक्षण

जीवाऽजीवादीनां तत्त्वार्थानां सदैव कर्त्तव्यम्।
श्रद्धानं विपरीताऽभिनिवेश विविक्तमात्मरूपंतत।।22।।

One should always have firm belief in jiva, ajiva and the other principles, as they are, free from perverse notions. It is the nature of the self.

जीव-अजीव तत्त्वों का श्रद्धान सदैव करना चाहिए। पृथ्वीकायिक आदि जीव, धर्मास्तिकाय आदि अजीव हैं। ऐसे जीव-अजीव तथा आस्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा, मोक्ष का श्रद्धान अर्थात् रुचि करने योग्य हैं। वह सम्यक्त्व आत्मा का स्वरूप है, वह आत्मस्वरूप विपरीत अभिनिवेश से रहित है। विपरीत, एकान्त आदि मिथ्यात्व से रहित होने से सम्यक्त्व विपरीत अभिनिवेश से विविक्त कहा गया है।

आचार का द्वितीय भेद दर्शनाचार है, जिसका अर्थ है-सम्यक्त्व-विषयक आचरण। सम्यग्दर्शन का अर्थ है सत्य के प्रति दृढनिष्ठा। दर्शनाचार के आठ अंग हैं, वे इसप्रकार हैं

1. **निःशंकित अंग का स्वरूप–** शंका का अर्थ संदेह और भय दोनों ही हैं। मूलाचार में आचार्य वट्टकेर ने निःशंकित का अर्थ-जिसमें जिनेन्द्र भगवान के द्वारा कहे गये सात तत्त्वों में श्रद्धान करना, शंका से रहित होकर शुद्ध परिणाम पूर्वक सन्मार्ग का आचरण करने का प्रयत्न करना, निःशंकित शुद्धि कहलाती है। आचार्य कुन्दकुन्द ने समयसार में शंका का अर्थ भय किया है–

सम्मद्दिट्ठी जीवा, णिस्संका होंति णिब्भया तेण।
सत्तभयविप्पमुक्का, जरा तह्मा दु णिस्संका।।[13]
सकलमनेकांतात्मकमिदमुक्तं वस्तुजातमखिलज्ञैः।
किमु सत्यमसत्यं वा न जातु शंकेति कर्त्तव्या।।23।।

One should never entertain any doubt as to whether all these many sided views of things proceeding from the omniscients, are true or untrue.

इस सम्पूर्ण वस्तु-समूह को सर्वज्ञ देव ने अनेकान्तस्वरूप कहा है, क्या सत्य है अथवा असत्य है, कभी इस प्रकार शंका-संदेह नहीं करना चाहिए।

2. **निःकांक्षित–** कर्म के वश से इहलोक तथा परलोक संबंधी सुखों में तथा तत्त्वों में अनास्था का अभाव होना निःकांक्षित शुद्धि कहलाती है। इसमें तत्त्वों के प्रति रुचि होती है तथा सांसारिक सुखों में रुचि नहीं होती है।

इहजन्मनि विभवादीनमुत्र चक्रित्व-केशवव्वादीन्।
एकान्तवाद-दूषित-परसमयानपि न चाऽऽकांक्षेत।।24।।

The true believer should not desire worldly greatness in this life or for the

position of a chakravarti or narayana in the life hereafter, nor should he cling to other faiths, disfigured by the adoption of one sided theories.

3. **निर्विचिकित्सा–** जिसमें जुगुप्सा (ग्लानी) हो, उसे विचिकित्सा कहते हैं। अस्नानव्रत, मलधारण और नग्नत्व इत्यादि में रुचि नहीं होना, इस विचिकित्सा का न होना और उसका भाव निर्विचिकित्सा है। द्रव्य और भाव के द्वारा विकार रूप ग्लानि व निन्दा परिणाम का नहीं होना भी निर्विचिकित्सा कहलाता है।

क्षुत्तृष्णा–शीतोष्ण–प्रभृतिषु नाना–विधेषु भावेषु।
द्रव्येषु पुरीषादिषु विचिकित्सा नैव करणीया।।25।।

He should not exhibit a feeling of disgust at the various conditions caused by hunger, thirst, cold, heat etc. or at the sight of excrement etc. This is termed nirvichkitsita Ananga.

क्षुधा, तृषा, शीत, उष्ण इत्यादि अनेक प्रकार वाले पदार्थों में मल आदि द्रव्यों में घृणा नहीं करनी चाहिए।

4. **अमूढदृष्टि–** जिसकी दृष्टि स्थिर नहीं, ऐसी अन्यत्र जाने वाली दृष्टि रुचि मूढदृष्टि है और जिसकी मूढदृष्टि नहीं है, उसका भाव अमूढदृष्टिता है। अन्य सम्प्रदाय को समय कहते हैं। उसमें मूढबुद्धि होना तथा वेदों में रुचि, यह सभी मूढदृष्टिता है। इनमें रुचि–श्रद्धा नहीं होना ही अमूढदृष्टिता है।

लोकेशास्त्राऽऽभासे, समयाऽऽभासे च देवताऽऽभासे।
नित्यमपि तत्त्वरुचिना, कर्त्तव्यमूढदृष्टित्वम।।26।।

In this world, he who has faith in the tattvas (the seven principles) should never have a supperstitious belief in a fallacious scripture, an unreal doctrine, or a false deity.

लोक में शास्त्राभ्यास में जो शास्त्र तो न हो परन्तु शास्त्र सरीखे मालूम होते हों, उसमें धर्माभास में और देवताभास में सदा ही सम्यग्दृष्टि को मूढ़तारहित श्रद्धान् करना चाहिए।

5. **उपगृहन–** गृहन का अर्थ गोपन होता है अर्थात् साधर्मी के दोषों को छिपाकर उनके गुणों को प्रकट करना उपगूहन नाम की शुद्धि है।

धर्मोऽभिवर्द्धनीयः सदात्मनोमार्दवाऽऽपि भावनया।
परदोष–निगृहनमपि विधेयमुपबृंहणगुणार्थ।।27।।

To evole the virtue of vpavrinhana, one should ever cultivate the true nature of jiva by meditating upon tenderness etc. and should also try to cover the defects of others.

उपवृंहण गुण के लिए अर्थात् उपगूहन अंग की रक्षा के लिए मार्दव, आर्जव, क्षमा, सत्य आदि

भावनाओं के द्वारा निरन्तर आत्मा का धर्म बढ़ाना चाहिए। दूसरे के दोषों का आच्छादन भी करना चाहिए।

6. **स्थितिकरण–** दर्शन से अथवा चारित्र से विचलित साधर्मी को पुनः रत्नत्रय में स्थिर करना स्थितिकरण नाम की शुद्धि कही गई है।

काम–क्रोध–मदादिषु चलयितुमुदितेषु वत्मनोन्यायात्।
श्रुतमात्मनः परस्य च युक्त्या स्थितिकरणमपि कार्यम्।।28।।

In case of deviation from the path of righteousness, under the influence of anger, pride the sexual passion etc. He should strengthen his own knowledge ant that of others by argument.

न्यायमार्ग से चलायमान करने के लिए काम, क्रोध, मद आदि के उदित होने पर शास्त्रानुसार युक्तिपूर्वक अपना और दूसरे का स्थितिकरण भी करना चाहिए।

7. **वात्सल्य–** साधर्मी के समूह में रहने वाले धर्मात्मा के प्रति मायाचारी से रहित तथा यथायोग्य आदर सत्कार करना तथा गोवच्छ के समान प्रीति करना वात्सल्य नाम की शुद्धि है।

अनवरतमहिंसायां शिव–सुख–लक्ष्मी निबंधने धर्मे।
सर्वेष्वपि च सधर्मिषु, परमं वात्सल्यमालम्बव्यम्।।29।।

One should ever cherish feelings of deep affection for religion, which brings about the treasure of spiritual happiness and for the principle of non-injury, and also for co-religionists.

अहिंसा में मोक्ष सुख रूपी लक्ष्मी की प्राप्ति में कारणभूत धर्म में और समस्त समान धर्म वालों में भी उत्कष्ट वात्सल्य भाव पालना चाहिए।

8. **प्रभावना–** संसार के अज्ञान को रोककर मिथ्यादृष्टियों को सच्चे मार्ग में चलने के लिए प्रभावित करना तथा जैनधर्म को दूषण से बचाकर उसकी प्रभावना करना प्रभावना नाम की शुद्धि है।

आत्मा प्रभावनीयो, रत्नत्रय तेजसा सततमेव।
दान–तपो–जिनपूजा–विद्याऽतिशयैश्च जिनधर्मः।।30।।

One should ever make his own self radiant by the light of three jewels, and should add to the glory of Jainism by exceptional charity, custerity, worship of jina, the conqueror and by learning.

सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक् चारित्र-ये ही तीन रत्न कहलाते हैं। इनके प्रताप से निरन्तर ही अपनी आत्मा को प्रभावित करना चाहिए और दान, तप, जिनेन्द्र पूजन और विद्या के अतिशय चमत्कारों से जैनधर्म को प्रभावित करना चाहिए।

आचार्य हरिभद्र ने सिद्ध के स्थान पर अतिशय वृद्धि सम्पन्न और कवि के स्थान में राजाओं के द्वारा सम्मत व्यक्ति को प्रभावक माना है।[14]

दर्शनाचरण में आचरणशुद्धि परमावश्यक है, क्योंकि दर्शनाचार की आठ शुद्धियों में से यदि एक शुद्धि का अभाव भी हो जाता है, तो वह दर्शनाचार निर्मल नहीं माना जा सकता।

दर्शनाचार के ये आठों अंग सत्य की आस्था के द्योतक हैं। कोई भी व्यक्ति जब तक शंका आदि दोषों से मुक्त नहीं होता तब तक वह सत्य की आराधना नहीं कर सकता और न उनके प्रति सही रूप में आस्थावान ही रह सकता है। स्वयं ने जिस धर्म को स्वीकार किया है या साधर्मिकों का उपबृहण, स्थितिकरण, वात्सल्य और प्रभावना बिना किये कोई भी व्यक्ति सत्य की उपासना करने में दूसरों का सहयोगी नहीं हो सकता। इस दृष्टि से इन अंगों का महत्त्व रहा है।

दर्शनाचार के अतिचार–

पंचाचारों का वर्णन करते हुए उनके निर्दोष पालन करने के लिए कृत, कारित, अनुमोदना पूर्वक अतिचारों का व्याख्यान किया है, इसके माध्यम से साधक अतिचारों का त्याग कर आचारों का पालन सहजता के साथ कर सकें, जैसे-सोने की परख के साथ-साथ पारखी पीतल धातु की भी चमक से प्रभावित होकर पीतल में सोने का आभास न हो जाये, उसी प्रकार आचारों का ज्ञान तो आवश्यक है पर अतिचारों का ज्ञान भी आवश्यक है।

दर्शनाचार की विशुद्धि के लिए तथा साधक की उन्नति के लिए दर्शनाचार के अतिचारों की व्याख्या करते हुए कहते हैं- प्रमाद से किये गये अन्यथा (विपरीत आचरण) को अतिचार कहते हैं। पाँच प्रकार के आचारों में स्वयं करने से, और कराने, और करते हुए को अनुमति देने रूप से जो अतिचार होते हैं, वे शंका आदि के भेद से आठ प्रकार के हैं–

निःशंकित शुद्धि के अतिचार– जिनेन्द्र भगवान के द्वारा कहे गये नव पदार्थ का वर्णन संदिग्ध है, ऐसी मन में आशंका हो जाने से दर्शन का घात होता है। यही निःशंकित शुद्धि का अतिचार कहा गया है।

निःकांक्षित शुद्धि के अतिचार- आकांक्षा तीन प्रकार की होती है-1. इहलोक की आकांक्षा, 2. परलोक की आकांक्षा तथा 3. कुधर्म की आकांक्षा। इसप्रकार की आकांक्षा से सहित होकर जीव, हाथी, घोड़े, धन, पशु, पुत्र आदि की आकांक्षा इहलोक में करता है तथा परलोक में भोगों की प्राप्ति के विषय में अभिलाषा करता है तथा रुद्र, पट, चरक, तापसी और परिव्राजक आदि के धर्म में अभिलाषा करना कुध र्म आकांक्षा कहलाता है। इसप्रकार आकांक्षा से सहित होकर नि:कांक्षित शुद्धि का अतिचार कहलाता है।

निर्विचिकित्सा शुद्धि के अतिचार–

विचिकित्सा द्रव्य और भाव की अपेक्षा दो प्रकार की होती है। विचिकित्सा का अर्थ है-ग्लानि। साधुओं के मलमूत्र, नाक का मल, चर्म, हड्डी, पीव, मांस, खून, वमन, पसीने तथा धूल से युक्त मल को देखकर ग्लानि होना द्रव्य विचिकित्सा है। इस प्रकार द्रव्य और भाव विचिकित्सा से सहित साधुओं के निर्विचिकित्सा शुद्धि में अतिचार होता है।

अमूढदृष्टिता– तीन मूढ़ता से सहित होकर सम्यक्त्व से विपरीत आचरण करने वाले को अमूढदृष्टि शुद्धि में अतिचार लगता है।

उपगृहन– सम्यक् चारित्र में दोषों से सहित जीव में पुनः दोषों को आच्छादन करना तथा गुणों को हटाना, इस प्रकार उसके सम्यक् चारित्र का सम्पूर्ण रूप से नष्ट करने का प्रयास करना उपगूहन शुद्धि के अतिचार है।

स्थितिकरण– धर्म से गिरते हुए जीवों को देखकर द्वेष बुद्धि से उन्हें धर्म से विमुख करने का प्रयास करना स्थितिकरण शुद्धि का अतिचार है।

वात्सल्य– चारों गतियों के जीवों में द्वेष बुद्धि रखना तथा अपने परिवार के प्रति ममत्व पूर्वक प्रेम करना। गाय एवं बछड़े से विपरीत प्रेम करने की वात्सल्य शुद्धि का अतिचार है।

प्रभावना– धर्म कथाओं में दोष उत्पन्न करके महापुरुषों के जीवन चरित्र को विपरीत व्याख्यान करके तथा सिद्धान्त तर्क व्याकरण आदि में दोष उत्पन्न करके उनके स्वरूप को धर्म के विपरीत बताकर सुनने वालों के हृदय में धर्म के प्रति अप्रभावना उत्पन्न करना प्रभावना शुद्धि का अतिचार है।

उपसंहार–

जैन संस्कृति में रत्नत्रय को अधिक महत्त्व दिया है। रत्नत्रय का अर्थ सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक् चारित्र है। साधक मार्ग और मुनि मार्ग का वर्णन मूलाचार आदि साधक के आचरण संबंधी ग्रन्थों से प्राप्त होता है। इसी परम्परा में आचार्य वट्टकेरजी ने साधुओं के आचरण का व्याख्यान करते हुए मूलाचार नामक ग्रन्थ में पंचाचार (पाँच आचार) का वर्णन किया है। '**दसणणाणचरित्ते तव विरियाचरहि पंचविहे।**' अर्थात् सम्यग्दर्शनाचार, ज्ञानाचार, चारित्रचार, तपाचार और वीर्याचार-ये पाँच आचार कहे जाते हैं। परमार्थभूत जीवादि तत्त्वों का श्रद्धान् करना और उन्हीं रूप श्रद्धाविषयक अनुष्ठान करना दर्शनाचार है। यहाँ पर दृश् धातु से दर्शन बना है। सम्यग्दर्शन के दर्शनों में दर्शनाचार दृश् धातु से ल्युट् प्रत्यय लगाकर दर्शन शब्द बना है, जिसमें आचार शब्द जुड़ने से दर्शनाचार की व्युत्पत्ति होती है, जिसका अर्थ है– 'दर्शन का आचार'। जैनधर्म में दर्शन शब्द को श्रद्धा के लिए प्रयुक्त करते हैं, जिसे सम्यग्दर्शन के अन्तर्गत लिया गया है। सम्यग्दृष्टि जिन नियमों का पालन करता है, उसे दर्शनाचार कहा है। आचार्य वट्टकर ने मूलाचार में, आचार्य समन्तभद्र स्वामी ने रत्नकरण्डक श्रावकाचार में, आचार्य नेमिचन्द्रजी ने द्रव्यसंग्रह में, योगेन्द्रदेव ने परमात्म-प्रकाश में, श्रीमदमृतचन्द्र सूरि ने पुरुषार्थसिद्धयुपाय में दर्शनाचार का वर्णन विस्तार से किया है। निःशंकित, निःकांक्षित, निर्विचिकित्सा, अमूढदृष्टि, उपगूहन, स्थितिकरण, वात्सल्य और प्रभावना-ये आठ दर्शनाचार के गुण बताये हैं। दर्शनाचार में आचरण शुद्धि परमावश्यक है क्योंकि दर्शनाचार की आठ शुद्धियों में से यदि एक शुद्धि का अभाव भी हो जाता है, तो वह दर्शनाचार निर्मल नहीं माना जा सकता। दर्शनाचार के ये आठों अंग सत्य की आस्था के द्योतक हैं। कोई भी व्यक्ति जब तक शंका आदि दोषों से मुक्त नहीं होता, तब तक वह सत्य की आराधना नहीं कर सकता और न उनके प्रति सही रूप में आस्थावान ही रह सकता है। स्वयं ने जिस धर्म को स्वीकार किया है या

साधर्मिकों का उपगूहन, स्थितिकरण, वात्सल्य और प्रभावना बिना किये कोई भी व्यक्ति सत्य की उपासना करने में दूसरों का सहयोगी नहीं हो सकता। इस दृष्टि से इन अंगों का महत्त्व रहा है।

सन्दर्भ :

1. अंगाणं किं सारो? आयारो! आचारांगनियुक्ति, गाथा-16
2. सागार धर्मामृत, पं. आशाधारकृत, संपा. सिद्धान्ताचार्य, पं. कैलाशचन्द्र शास्त्री, अधिकार सं. 7, श्लोक-35, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली, 1977
3. सर्वागमानामाचारः प्रथमं परिकल्प्यते। -महाभारत, वेदव्यास, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, प्र.सं. 1978
4. हरिभक्ति विलास, 3/10
5. प्रभवति प्रथमं प्रकाशते वा आचारात्। -पाणिनि, 313/19, 57
6. महाभारत, अनुशासन पर्व, अध्याय-149, श्लोक-37, देवी भागवत, भाग-2, अध्याय-11, स्कन्ध-21
7. मूलाचार, आचार्य वट्टकेर स्वामी, संपा. कैलाशचन्द्र, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, बनारस, 1976, गाथा-199
8. परमात्मप्रकाश टीका, संपा., ए. एन. उपाध्ये, अधिकार संख्या-7, गाथा-13, राजेन्द्र ग्रन्थमाला, वि.सं. 2017, पृ. 3
9. बृहद् द्रव्यसंग्रह टीका, श्री नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती, श्री परमश्रुत प्रभावक मण्डल, श्रीमद्राजचन्द्र आश्रम, अगास, गाथा 52, 1953, पृ. 171
10. रत्नकरण्ड श्रावकाचार, श्री स्वामी समन्तभद्र आचार्य, हिन्दी अनु. मन्नुलाल जैन, पं.सदासुख ग्रंथमाला, अजमेर, 1996, श्लोक-19-20, पृ. 36
11. मूलाचार, आचार्य वट्टकेर, गाथा सं. 200, 201, पृ. 164, 165.
12. प्रवचनसार, आचार्य कुन्दकुन्द, संपा. ए.एन. उपाध्ये, श्री परमश्रुत प्रभावक मण्डल, श्रीमद्राजचन्द्र आश्रम, अगास (गुजरात), गाथा-202, पृ. 250
13. समयसार, आचार्य कुन्दकुन्द, संपा. ए. चक्रवर्ती, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली, 1989, पृ. 308, गाथा-228
14. श्रावक धर्मविधि प्रकरण, श्लोक 67

प्राकृत अध्ययन एवं शोधकेन्द्र,
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर,
जयपुर

धर्मशास्त्रीय सिद्धान्त एवं ज्योतिषीय गणनाएँ

शैलेश कुमार जैमन

'धर्मे सर्वं प्रतिष्ठितम्'[1]

अर्थात् धर्म में ही सम्पूर्ण जगत् प्रतिष्ठित है। धर्मशास्त्रीय मतानुसार धर्म किसी सम्प्रदाय विशेष का द्योतक नहीं है, प्रत्युत यह मानव जीवन की वह आचार-संहिता है, जो समाज के किसी अंग विशेष के रूप में मानवीय कर्तव्यों को व्यवस्थापित करता है तथा उसमें सतत् विकास करते हुए उसे उस योग्य बनाता है जिससे मानवीय अस्तित्व के चरम लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

वैशेषिक सूत्र कहता है - **'यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः'**

अर्थात् धर्म वही है जिससे आनन्द एवं निःश्रेयस अर्थात् कल्याण की प्राप्ति हो। अपने लिए जो अनुकूल है, वैसा ही व्यवहार दूसरे प्राणियों के प्रति करना धर्म की दिशा प्रशस्त करता है।

उपनिषदों में विशेषतः छात्रों के लिए धर्म' मानव के विशेषाधिकारों, कर्तव्यों तथा एक विशेष आचार विधि का द्योतक माना गया है, जैसे सत्यं वद धर्म चर स्वाध्यायान्माप्रमदः।[2]

धर्म की सहायता से ही मनुष्य अपने दुस्तर अज्ञानरूपी अहंकार को पार कर लेता है। यदि मनुष्य धर्म के वास्तविक स्वरूप को समझकर अपने आचरण-व्यवहार में उसका समावेश कर लेता है तथा अपने गुणधर्मानुसार यथोचित कर्म को ससम्मान पूर्ण करता है तो उसकी यह धर्मपरायणता उसे समाज में यश प्राप्ति के साथ-साथ जीवन का वास्तविक आनन्द भी दिलवाती है।

सृष्टि निर्माण, प्रकृति-विकृति, वर्णाश्रम, संस्कार, शिक्षा, स्नातक के कर्तव्य, विवाह प्रकार एवं विधि, शौच कर्म, पंच महायज्ञ, दान, शुद्धि, अन्त्येष्टि, श्राद्ध, राजा के कर्तव्य, व्यवहार, प्रायश्चित, कर्मविपाक, आदि विषयों की सम्पूर्ण जानकारी हमें धर्म सूत्रों, स्मृतियों तथा पुराणों में सम्यक् रूप से प्राप्त होती है। अतः स्पष्ट है कि प्राचीनकाल में धर्म के क्षेत्र में व्यापक रूप से अध्ययन एवं विचार-विमर्श किया गया था एवं इससे उत्पन्न हुई धारणाऐं जो धर्म से प्रत्यक्ष सम्बन्ध रखती है, उनका स्पर्श वर्तमान में भी मनुष्य के सम्पूर्ण जीवन को परिष्कृत करता है।

उपर्युक्त विचारधाराओं के आधार पर धर्म विशेष को दो भागों में विभक्त किया गया-

श्रौत धर्म एवं स्मार्त धर्म

एक ओर जहाँ वैदिक संहिताओं एवं ब्राह्मणों से सम्बन्धित सभी कर्तव्यों एवं संस्कारों का समावेशन श्रौत धर्म के अन्तर्गत किया गया, वहीं दूसरी ओर स्मृतियों तथा वर्णाश्रम सम्बन्धी विषयों का समावेशन स्मार्त धर्म के भीतर किया गया। स्पष्टतः वे सभी कृत्य अथवा कर्म जो श्रेष्ठ एवं परिष्कृत मानव जीवन के लिए उत्तरदायी है, उनका पूर्ण मनोयोगेन निर्वहन ही साक्षात् धर्म है।

धर्म की विशद् व्याख्या के अन्तर्गत धर्म-लक्षण, धर्म के उपादानों तथा अङ्गों आदि के विषय में पर्याप्त विमर्श स्मृतियों तथा धर्मशास्त्रीय ग्रन्थों में विशेष रूप से मिलता है। संक्षेपतः महात्मा विदुर

ने धर्म के स्वरूप को यज्ञ-याग, अध्ययन, दान, तप, सत्य,दया, क्षमा और अलोम[3] इन अष्टाङों में प्रतिपादित किया है। अतः स्पष्ट है कि धर्म सूत्रों में कर्म सिद्धान्त पर आधारित धर्म की अवधारणा को विविध परन्तु एकमत रूप से विवेचित किया गया है।

वेदपुरूष का हस्त कल्परूप धर्मशास्त्र तथा नेत्र ज्योतिष सदैव से एक-दूसरे के पूरक रहे हैं। जहां एक ओर हमारे धर्मग्रन्थ धर्मोचित वर्णाश्रम के श्रौत-स्मार्त इन द्विभेदों से वर्णित कृत्यों का विवेचन प्रस्तुत करते हैं तथा आचार-व्यवहार के सभी कर्मों की नियम-विधि को प्रतिपादित करते है। वहीं दूसरी ओर ज्योतिष ग्रन्थों में काल-गणना द्वारा तिथि-मुहूर्तादि निर्धारित करके यज्ञ-यागादि कार्मिक कार्यों का समय निश्चित किया जाता है। अतः ग्रह-नक्षत्र-राशि इत्यादि इन खगोलीय प्रकाशित पिण्डों के माध्यम से सत्य का अवलोकन कर अज्ञान की निवृत्ति करने का लक्ष्य धारण करने वाले ज्योतिष शास्त्र का सदा ही धर्मशास्त्र से एक विशिष्ट सम्बन्ध रहा है।

'यो ज्योतिषं वेद स वेद यज्ञम्।'[4]

अर्थात् जो मनुष्य ज्योतिष शास्त्र को सम्यक् रूप से जानता है वही यज्ञ का यथार्थ रूप से ज्ञान भी रखता है। याग-यजन के लिए समय-शुद्धि बहुत आवश्यक है। इसके लिए उचित समय, वर्ष, मास, तिथि, नक्षत्र, पक्ष, अहोरात्र आदि का सम्यक् आकलन एवं परिमाण ज्योतिष शास्त्र के ज्ञान के बिना कदापि सम्भव नहीं है। ज्योतिषीय कालगणनाओं के अभाव में श्रौत और स्मार्त कर्म सिद्ध नहीं किये जा सकते है। जगत् के हित साधन के लिये विधाता ब्रह्मा ने इसकी सर्वप्रथम रचना की, यथा-

विनैतदखिलं श्रौतस्मातकर्म न सिद्ध्यति।
तस्माज्जगद्धितायेदं ब्रह्मणा रचितं पुरा।।[5]

प्राचीनकाल में अध्यात्म विज्ञान के रूप में प्रसिद्ध रही ज्योतिष विद्या को एक ऐसी पवित्र विद्या माना गया जो पूर्ण रूप से धर्म विज्ञान पर आधारित थी। दिक-देश-काल का सूचक ज्योतिर्विज्ञान व्रत, यज्ञ, तप, दान आदि का मूल है। सत्य रूप से इस प्रामाणिक शास्त्र का प्रमुख उद्देश्य यथोचित काल-निर्धारण, कर्मों के शुभाशुभ फलों का विवेचन, ग्रहण-ज्ञान, ग्रहों की गति का निर्णय, अध्ययनकाल, संक्रान्ति-निर्णय, व्रत-त्यौहार आदि के निर्णय के साथ-साथ षोडश संस्कारों के लिए उचित काल का निर्धारण करना रहा है।

ज्योतिष शास्त्र के अध्ययन में पिण्ड-ब्रह्माण्ड, व्यष्टि समष्टि, आत्मा-परमात्मा के सम्बन्धों को भी सम्मिलित किया जाता है, जिसके उपयोग से ही भाग्यदृष्टा व्यक्ति को मनुष्य जीवन के व्यक्तिगत, पारिवारिक, आर्थिक, व्यावसायिक, धार्मिक इत्यादि सभी क्षेत्रों के विषय में जानने के लिए एक गम्भीर अन्तर्दृष्टि प्राप्त हो जाती है।

भारतीय ज्योतिष शास्त्र के आधार स्वरूप खगोलीय ग्रह-नक्षत्र-राशि इत्यादि का स्वयं का अपना स्वभाव अथवा गुण-धर्म होता है। अपने धर्म पर अटल रहते हुए ज्योतिर्मय पिण्ड जातक विशेष के जीवन पर शुभाशुभ प्रभाव डालते रहते है। इन ग्रह-नक्षत्रों की गतियों, उनका शुभाशुभ फल, प्राणी विशेष के जन्म से मरणपर्यन्त होने वाले विविधपक्षीय प्रभावों का विवेचन भी ज्योतिष शास्त्रीय अध्ययन में

सम्मिलित होता है। इसी प्रकार पुरूषार्थ चतुष्ट्य की प्राप्ति का प्रयोजन भी ज्योतिर्विज्ञान के लक्ष्यों में समाविष्ट रहा है। पुरूषार्थों में सर्वप्रथम परिगणित धर्म को ज्योतिर्विद्या का मुख्य उद्देश्य स्वरूप माना गया है। जिसका धर्म श्रेष्ठ नहीं होता, उसका भाग्य भी क्षीण हो जाता है अर्थात् ज्योतिष कर्मसिद्धान्त की अवधारणा पर बल देते हुए भाग्य को धर्म से जोड़ कर जगत् में धर्म स्थापना की सिद्धि को अपना प्रयोजन मानता है। इसी क्रम में यदि हम जन्म कुण्डली के द्वादश भावों पर विचार करें तो पाएगे कि नवम भाव जिसको श्रेष्ठ त्रिकोण की संज्ञा भी दी गई है, से जातक विशेष के दैव (भाग्य) तथा पुरूषार्थ (धर्म) का विचार किया जाता है, यथा –

'धर्मो गुरुः शुभतपो नव भाग्यमानि'[6]

अर्थात् कुण्डली के नवें भाव से धर्म, गुरू, शुभफल, तपस्या और भाग्य का फलादेश किया जाना चाहिए। भाग्य की वृद्धि में धर्म का उत्थान आवश्यक है, इस उत्कृष्ट अवधारणा के साथ विकास क्रम में नवम स्थान धर्म को प्रदान किया गया है क्योंकि नैतिक तथा आध्यात्मिक उन्नति व्यक्ति की दीर्घायु का हेतु है। कुण्डली का यही नवम भाव प्रभुकृपा, जातक की इच्छाशक्ति, उसका पूजन-कर्म, परोपकार सम्बन्धी विचारों को भी प्रदर्शित करता है। आचार्य सामीप्य अथवा आशीर्वाद, पिता की आर्थिक स्थिति, तप-सत्कर्म तथा उत्तम वंश आदि का भी फलकथन नवम भाव से किया जाता है, जैसा कि फल दीपिका' में वचन मिलता है –

'आचार्य दैवतपितन् शुभपूर्वमाग्य – पूजा तपः सुकृतपौत्रजपार्यवंशान्।'[7]

स्पष्ट है कि धर्म का त्याग व्यक्ति को पतन की ओर अग्रसर करता है तथा उसके जीवन की शुभता को नष्ट कर देता है। धर्म दैव को प्रेरित करता है तथा दैव धर्म की प्रगति का हेतु स्वरूप है, इसी आधार पर प्राचीन भारतीय ज्ञानागारों में पुरूषार्थ और दैव की समान महत्ता उद्धृत की गई है।

अतः कहा गया है–

संसार सागरे घोरे दुःसहे विषमे चले।
धर्मनावं समारूह्य गच्छतां परमां गतिम्।[8]

अर्थात् भयंकर, असह्य, कठिन तथा चंचल संसार रूपी सागर में धर्म रूपी नौका पर सवार होकर परम गति अर्थात मोक्ष को प्राप्त करें।

संदर्भ–

1. नारायणोपनिषद
2. तैत्तिरियोपनिषद – शिक्षा वल्ली – 11वाँ अनुवाक – प्रथम मंत्र।
3. विदुर नीति – वेद व्यास
4. वेदाङ्ग ज्योति –3 अध्याय
5. नारदीय संहिता 1/7
6. जातक पारिजात – राशिशीलाध्यायः – 51वां श्लोक
7. फल दीपिका – प्रथम अध्याय – श्लोक 14
8. आचार्य सकलकीर्ति रचित सुभाषित रत्न

शोधच्छात्र

साहित्य-विभाग, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर

वेदानां भारतीयव्याख्यापद्धतिः

राहुलकुमारझाः

वेदानां व्याख्यापद्धतिः त्रिविधा अस्ति। भारतीयापद्धतिः, पाश्चात्यपद्धतिः, आध्यात्मिकपद्धतिश्च। भारतीयपाश्चात्ययोः पद्धत्योः मध्ये महान् भेदः दृश्यते। भाषावैज्ञानिकपण्डितानां मते आर्यभाषा सेमेटिकभाषयोश्चेति द्वयोरेव भाषयोर्व्यवहर्तारः सभ्यतां संस्कृतिञ्च सृष्टवन्तः। आर्यभाषाऽपि पाश्चात्य पौस्त्यभेदेन द्विविधा। अस्मिन्नार्यभाषायाः पाश्चात्यप्रभेदे युरोपीयदेशस्य प्राचीना आधुनिक्यश्च ग्रीक-लैटिन फ्रेञ्च-जर्मन-आङ्ग्लप्रभृतयो भाषाः समायान्ति। आर्यभाषायाः पौरस्त्यप्रभेदे ईरानी-भाषा संस्कृतभाषा च समागच्छतः। ईरानीभाषा जेन्द-अवेस्ता-नाम्ना व्यवह्रियते, यत्र पारसीकानां धर्मग्रन्थाः निबद्धाः सन्ति। संस्कृतभाषायां भारतीयानां धर्मग्रन्थाः निबद्धाः। कालक्रमेणात्यन्तातीतकाले निर्मितस्य कस्याऽपि ग्रन्थस्य आशयस्य अवबोधः तदुत्तरकालिकसन्ततिक्रमेभ्यः अतीवदुरूहो व्यापारो भवति। यदा प्राक्तमत्वेन सह भावानां गाम्भीर्यं भाषायाश्च काठिन्यमपि समायाति तदा तु समस्येयमतीव विषमा भवति। वेदार्थानुशीलनस्य विषये कथनमिदमक्षरशः समुपयुक्तमस्ति। वेदास्तु प्रथमं तावत् स्वयं कस्यापि दूरालोकगतस्याऽतीतकालस्य कृतयस्सन्ति। तदुपरि भाषायाः वैषम्यं विचारधारायाः गाम्भीर्यश्च तेषामुपरि स्वप्रभुत्वं स्थापितम्। फलतः वेदार्थाऽवबोधनं, गवेषणं, मर्मान्वेषणञ्चैका दुबोधप्रहेलिकाऽभवत्। तथाऽप्यस्याः प्रहेलिकायाः अर्थावबोधनस्य उचितोद्योगः प्राचीनकालादेव समायाति। यास्कमहोदयस्य निरुक्ते अस्योद्योगस्य किञ्चिदाभासोऽपि प्राप्यते -

षड्भावविकारा भवन्तीति वार्ष्यायणिः।
जायतेऽस्ति विपरिणमते वर्धतेऽपक्षीयते विनश्यतीति।।[1]

यास्कस्य कथनानुसारेण प्राचीनऋषयः स्वकीयेन विशिष्टतपोबलेन धर्मस्य साक्षात्कारं कृतवन्तः। किञ्चार्वाचीनाः ऋषयस्तद्बद्धर्मस्य साक्षाद्दर्शनं कर्तुं नाशक्नुवन्। अपरकालिकानामृषीणामीदृशी शक्तिहीनता दृष्ट्वा दयावशेन तैः मन्त्राणामुपदेशः तेभ्यः ग्रन्थतो वाऽर्थत उभयप्रकारेण दत्तः। प्राचीनऋषयस्तु श्रवणं विनैव धर्माणां साक्षाद्दर्शनं कृतवन्तः। अतः धर्मस्य साक्षाद्दर्शनकर्तृत्वेन तेषाषित्वं स्वतः सिद्धमेव आसीत्। किञ्चार्वाचीनाः ऋषयस्तु ग्रन्थरूपेणार्थरूपेण च श्रवणं कृतवन्तस्तत्पश्चात्ते धर्मदर्शने कृतकार्याः अभवन्। अतः श्रवणान्तरदर्शनयोग्यतासम्पादनेन एतेषामृषीणाम् उपयुक्ताभिधा 'श्रुतर्षि' एवाऽभवत्।

अवरेभ्योऽवरकालिकेभ्यः शक्तिहीनेभ्यः श्रुतर्षिभ्यः।
तेषां हि श्रुत्वा तत्पश्चादृषित्वमुपजायते न यथा पूर्वेषां
साक्षात्कृद्धर्माणां श्रवणमन्तरेणैव।।[2]

एते श्रुतर्षय एव लोकहिताय वेदार्थावबोधनस्योपयोगिनः शिक्षा-निरुक्तादि-वेदाङ्गानां रचनां कृतवन्तः। आधुनिकास्तु दुरूहुतायाः दोषारोपणं कृत्वा वेदार्थानां विस्मरणं न कुर्युः, वेदमूलकाचाराद्धर्माद्वा विमुखाः न भवेयुरिति समुन्नतया भावनया प्रेरिताः भूत्वा प्राचीनाः ऋषिगणाः वेदार्थोपदेशाय सन्ततं जागरूकाः आसन्। यास्कमहोदयस्यैते मानवाः शब्दाः दर्शनीयाः सन्ति-

साक्षात्कृद्धर्माण ऋषयो बभूवुः तेऽवरेभ्योऽसाक्षात्कृतधर्मेभ्य
उपदेशेन मन्त्रान् सम्प्रादुः उपदेशाय ग्लायन्तोऽवरे
बिल्मग्रहणाय इमं ग्रन्थं समाम्नाषिषुः वेदश्च वेदाङ्गानि च।।[3]

वेदानां गम्भीरार्थबोधने प्रथमोद्योगः कः? इति कठिनः विषयः। आधुनोपलब्धाद् यास्कविरचितनिरुक्तादपि प्राचीनतरः निघण्टुग्रन्थोऽस्ति, तत्र वैदिकशब्दानां विस्तृतव्याख्याऽस्ति। निघण्टुशब्दस्याप्यर्थो भवति 'शब्दानां सूची' निघण्टुग्रन्थे संहितायाः कठिनाः सन्दिग्धार्थशब्दाश्चैकत्र समाहरणं कृत्वा तेषामर्थस्य तत्र सूचना उल्लिखिता। प्रातिशाख्यानामपि रचना तत्कालिका किं वा तत्पूर्ववर्तिनी नैवासीत्। ग्रन्थेष्वेतेषु वैदिकभाषायाः विचित्रपदानां, स्वराणां, सन्धिपदानाञ्चैव विवेचनमस्ति। साक्षादूपेण पदार्थपर्यालोचनस्यास्मिन् ग्रन्थे नितान्तः अभावः एवाऽस्ति। पुराऽनेकानां निरुक्तग्रन्थानां सत्ताऽऽसीत्। येषां सूचनाऽवान्तरग्रन्थेषु यत्र तत्रोद्धरणरूपेण समुपलब्धा भवन्ति, तदपि वेदार्थविवेचनस्य विस्तृतयोजनायाः योग्यग्रन्थः यास्कविरचितनिरुक्तम् एवाऽस्ति। ग्रन्थरत्नस्यास्य परीक्षणेनानेकविधानां ज्ञातव्यविषयाणां पर्याप्तबोधो भवत्यनायासेनेति। ग्रन्थेऽस्मिन् यत्र तत्र यास्कमहोदयेन आग्रायण-औपमन्यवकात्थक्य-शाकटायन-शाकपूणि-शाकल्यप्रभृतीनां बहूनां निरुक्ताचार्याणां तथैतिहासिकयाज्ञिक-नैदानप्रभृति-व्याख्याकतृणां क्रमशः व्यक्तिगतानां सामूहिकानाञ्च सम्मत्या उल्लेखः समादरेण सह कृतः। अनेन ज्ञातो भवति यद्वेदार्थानुशीलनस्य परम्पराऽतीविप्राचीनकालादेव समायाति इति। यास्कमहोदयेन स्वनिरुक्ते कस्यचित् कौत्सनामकस्य आचार्यमतस्योल्लेखः कृतः।[4] कौत्सनामकः कोऽप्याचार्य अणसीत् वा इति बोधो भवति। वस्तुतः कौत्सोऽयं कोऽप्यैतिहासिकः पुरुषः अणसीदथवा केवलं पूर्वपक्षनिमित्तेन स्थापितः कोऽपि यास्ककल्पनाप्रसूतो जनः। कौत्समहोदयस्य सम्मतिरियमस्ति यन्मन्त्राः निरर्थकाः भवन्ति -

अनर्थका हि मन्त्राः। तदेतेन उपेक्षितव्यम्।
यदि मन्त्रार्थप्रत्याय अनर्थं भवति कौत्सः।।[5]

कथनस्यास्य सम्पुट्यर्थं तत्रानेकविधाः युक्तयः प्रदर्शितास्तेन। कौत्समतमेव परवर्तिनः चार्वाक्-बौद्ध-जैन प्रभृतिवेदनिन्दकाः स्वीकृतवन्तः।

कौत्सस्य पूर्वपक्षः

(क) मन्त्राणां पदं नियतमस्ति, तथैव शब्दक्रमोऽपि नियतः एवाऽस्ति। सामवेदस्यायं प्रथमो मन्त्रः - 'अग्न आयाहि वीतये'।[6] एतानि पदानि समानार्थकशब्देषु परिवर्तनं कृत्वा– 'वह्नः आगच्छ पानाय' इत्यपि कथितुं न शक्यते। अत्रानुपूर्वीयक्रमोऽपि नियतमेवाऽस्ति। पूर्वोक्तमन्त्रे व्यवस्थापितं– 'अग्न आयाहि' इत्यत्र पदक्रमं परिवर्त्य व्यतिक्रमेण– 'आयाह्यग्ने' इत्यपि कथितुं न शक्यते। एतयोः नियतवाचोयुक्त्याः नियतानुपूर्व्याश्च कोऽर्थः? ननु मन्त्राः यदि सार्थकाः भवेयुस्तर्हि, तेषां पदानां पदक्रमस्याऽपि परिवर्तनं सार्थकवाक्यानां शैली इव सर्वथा न्याय्यं भवेत्। तद्यथा - 'नियतवाचोयुक्तयः, नियतानुपूव्याः भवन्ति।।'[7]

(ख) अथ ब्राह्मणवाक्यैः मन्त्राणां विनियोगः विशिष्टानुष्ठानेषु भवति। यथा– 'उरूप्रथस्व'[8] अस्य मन्त्रस्य विनियोगः प्रथनकर्मणि, विस्तारकार्ये च शतपथब्राह्मणं करोति। यदि मन्त्रेष्वर्थद्योतनस्य क्षमता भवति तर्हि स्वतःसिद्धार्थस्य मन्त्रस्य ब्राह्मणग्रन्थेन विनियोगदर्शनस्यापेक्षा कथं भवति? तद्यथा निरुक्ते - 'अथापि ब्राह्मणेन रूपसम्पन्नाः विधीयन्ते।। 'उरूप्रथस्व' इति प्रथयति।। 'प्रोहाणि' इति प्रोहति।''[9]

(ग) मन्त्राणामर्थोऽनुपपन्नो भवति, अर्थादुपपत्त्या युक्त्या वा सिद्धोऽयं भवितुं न शक्यते। यजमानो वदति - 'औषधे ! त्रायस्व एनम्'[10] अर्थात् हे औषधे! त्वमस्य वृक्षस्य रक्षां कुरु। ओषधिस्तु स्वयमेव निर्जीवा भवति। या स्वात्मानमपि रक्षितुमसमर्थाऽस्ति, सा वृक्षस्य रक्षां कर्तुं कथं शक्नोति? यजमानः स्वयं परशुना वृक्षस्योपरि प्रहारं करोति कथयति च - हे परशु! त्वमेनं वृक्षं मा छिन्धि– 'अथापि अनुपपन्नार्थाः भवन्ति।। 'ओषधे त्रायस्व एनम्। स्वधिते मा एनं हिंसीः, इत्याह हिंसन्'। यजमानः स्वयं यस्योपरि प्रहारं करोति तस्यैव रक्षार्थं प्रार्थनामपि करोति। अतोऽनुपपन्नार्थाः मन्त्राः भवन्ति।

(घ) वैदिकमन्त्रेषु परस्परं विरोधोऽपि दृग्गोचरो भवति। रुद्रविषये द्रष्टव्योऽयं मन्त्रः– 'एक एव रुद्रोऽवतस्थे न द्वितीयः'। रुद्रः एक एवाऽस्ति नापरो वेति। अत्रैव द्वितीयो मन्त्रः तस्याऽनेकतायारुद्धोषं करोति'। यथा– 'असंख्याता सहस्राणि ये रुद्रा अधि भूम्याम्'। अर्थादस्यां धरायां संख्यातीताः रुद्राः सन्ति। अनेन प्रकारेण एकताऽनेकतयोः आयासे रुद्रस्य विषये कस्याऽपि तथ्यस्य निर्णयो भवितुं शक्यते? (अथापि विप्रतिषिद्धार्थाः मन्त्राः भवन्ति)

(ङ) वैदिकमन्त्रेष्वर्थज्ञपुरुषाणां कार्यविशेषस्य अनुष्ठानाय सम्प्रेषणं भवति। यथाहोतारं कथयति– 'अग्नये समिध्यमानाय अनुब्रूहि'। अर्थात् प्रज्ज्वलिताग्नयेऽनु ब्रूहि। होता स्वकर्त्तव्यक्रियया स्वयं परिचितो भवत्येव एवं सति तदर्थे सम्प्रेषणस्य इयं मुक्तिः निरर्थकेति।

(च) मन्त्रेष्वेक एव पदार्थोऽनेकरूपेण अभिव्यक्तोऽस्ति। यथा– अदितिरेव समस्तजगदस्ति, अदितिरेवाऽकाशोऽस्ति, अदितिरेवान्तरिक्षोऽस्ति। निरुक्ते यथा- अथाऽपि अहुः - अदितिः सर्वमिति - 'अदितिद्यौरदितिरन्तरिक्षम्'[11] इति। शिशवोऽपि जानन्ति यदाकाशेन सह पृथिव्याः सम्मेलनमसम्भवमस्ति, तथापि अदित्या सह एतयोरुभयोः समानताप्रदर्शनं कियतांशेनोपयुक्तं भवति?

(छ) मन्त्राणां पदस्याप्यर्थः स्पष्टरूपेण प्रतीतो न भवति– अविस्पष्टार्थाः मन्त्राः।। यथा– अम्यक्[12], यावृश्मिन्[13], जारयायि[14], काणुका[15], जर्भरी, तुफरी[16] इत्यादिपदानामर्थः स्पष्टरूपेण प्रतीतो न भवति।

यास्काचार्यस्य पूर्वपक्षखण्डनम्

यास्केन स्वतर्कैः पूर्वपक्षस्य खण्डनं कृतम्। अस्मिन्विषये यास्कस्य प्रमुखसिद्धान्तोऽस्ति - सर्वे शब्दाः अर्थवन्तः भवन्ति। लोकभाषायामपि सर्वत्रायं नियमोऽस्ति यद् वैदिकमन्त्राणामपि शब्दाः लोकभाषाशब्दान्न भिन्ना भवन्ति। सुतरां लौकिकशब्दवदेव वैदिकशब्दानामप्यर्थौ भवितव्यम् (अर्थवन्तः शब्दसामान्यात्)। तदनन्तरं कौत्सकृतपूर्वपक्षस्य खण्डनं कृतं यास्कमहोदयेनेति। यास्कस्य सिद्धान्तपक्षः एवम् अस्ति -

(क) लौकिक भाषायामपि पदानां नियतप्रयोगस्तथा पदक्रमस्य नियतरूपः दिग्गोचरो भवत्येव। यथा - 'इन्द्राग्नी' एवं 'पितापुत्रौ'। एतयोः प्रयोगयोरपि न तु क्रमभङ्गं कर्तुं शक्यते न च शब्दपरिवर्त्तनमेव भवितुमर्हति। एवं नियमाभावेऽपि एतेषां शब्दानां सार्थकता स्वतःसिद्धा एवेति।

(ख) ब्राह्मणग्रन्थेषु मन्त्राणां विनियोगविधानमुदितानुवादमात्रमेवाऽस्ति, अर्थात् मन्त्रेषु यस्यार्थस्य प्रतिपादनमभीष्टं भवति, तस्यैवार्थस्यानुवादो ब्राह्मणग्रन्थेषु वर्त्तते।

(ग) वैदिकमन्त्राणाम् अर्थोऽनुपपन्नो नास्ति। पशुप्रहारकाले यस्याः अहिंसायाः चर्चा वर्त्तते, साऽपि

वेदविहिता एवेति। परशुना वृक्षच्छेदनमापाततः हिंसाद्योतकमवश्यमस्ति, किञ्च वेदेनैव ज्ञातो भवति यत्परशुच्छेदनं हिंसाद्योतकन्न भवति। हिंसायाः अहिंसायाश्च सूक्ष्मविवेचनस्यापि ज्ञानं वेदेनैव भवति। यस्मिन् कर्मणि पुरुषः वेदेन नियुक्तो भवति, तत्कर्म अहिंसात्मको भवति तथा यस्मिन् कर्मणि वेदेन पुरुषो निषिद्धो भवति तदेव हिंसात्मको भवति। औषधि-पशु-मृग-वनस्पतिप्रभृतीनां निषिद्धो भवति। तेन ते परमोत्कर्षं प्राप्नवन्ति। अतः यज्ञे एतेषां विधानमाभ्यदयिकं भवति, न त हिंसात्मकमिति। अनेन प्रकारेण कस्यापि वक्षस्य यज्ञार्थं विधिपर्वकं शाखाच्छेदनमनुग्रहमेवाऽस्ति न तु हिंसेति। इयमहिंसा इयं हिंसा इत्यागमादेतत्, प्रतीयते। प्रतिविशिष्टश्चायमेव वैदिक आम्नाय आगमः। एतत्पूर्वकत्वात् अन्येषामागमनाम्। अनुगृह्णाति यज्ञविनियोगार्थविधानतः छिन्दन्।[17]

(घ) मन्त्रेष्वेवं रुद्रस्यकत्वमनेकत्वस्योल्लेखेऽपि पारस्परिकविरोधो नास्ति, यतो हि देवा महिमाशालिनो भवन्ति। एकत्वेऽपि तेऽनेकविभूतिषु वर्तमानाः भवन्ति। इन्द्रमप्यजातशत्रुस्तथा शत्रु-विजेताकथने न कोऽपि दोषो भवति। वर्णनमिदं रूपकाश्रितकल्पनायामपरि अवलम्बितमस्ति। लोकेऽपि शत्रसम्पन्नत्वेऽपि राजा शत्रुहीनः कथ्यते।

(ङ) यज्ञानुष्ठाने परिचितमपि प्रदत्तसम्प्रेषणाव्यर्थं वक्तुं न शक्यते। यतो विशिष्टातिथेः समागमनोपरि मधुपर्कदानं सर्वविदितमस्ति; तथाऽपि लोकव्यवहारेऽपि विधिज्ञपुरुषात् वारत्रयं मधुपर्कस्य याचना भवत्येव। तद्वदेव ब्राह्मणग्रन्थस्याऽपि सम्प्रेषणा नास्ति निरर्थकेति।

(च) अदितेः सर्वात्मकत्वेन कथनमपि तस्य महत्ता प्रदर्शने एव निहिताऽस्ति। भक्तिभावेन प्रेरितो भूत्वा कस्यचित् भक्तस्यैव कथनमिदमस्ति।

(छ) मन्त्राणामर्थः यदि स्पष्टरूपेण ज्ञातो न भवति, तदा तस्य ज्ञानार्थं यत्नः कर्त्तव्यः। निरुक्तग्रन्थेषु शब्दानां धातुभिः सह सम्बन्ध स्थापयित्वाऽर्थविधानस्य समुचिता व्यवस्था कृतेति। स्वदोषं परशिरस्य अक्षेपणं कियतांशेन युक्तितरं भवति। नैष स्थाणोः अपराधः यदेनम् अन्धो न पश्यति। पुरुषापराधः स भवति। यथा जानपदीषु विद्यातः पुरुषविशेषो भवति। पारोवर्यवित्सु तु खलु वेदितृषु भूयो विद्यः प्रशस्यो भवति।[18] अनेन रूपेणार्थविवेचकस्य ग्रन्थस्याभ्यासः कर्त्तव्यः। उपयोगिनां ग्रन्थानामभ्यासं विना मन्त्राणामुपरि अनर्थकस्य दोषारोपणं नोचितमिति। यथा– 'अम्यक'-शब्दस्यार्थो भवति 'प्राप्नोति', 'यादृश्मिन'-शब्दस्यार्थो भवति 'यादृशः', 'जर्भरी' इत्यस्यार्थो भवति 'भक्तारौ'। तदैव 'तुर्फरी'-शब्दस्यार्थो भवति 'हन्तारौ'। एवं प्रकारेण वेदानां भारतीय व्याख्यापद्धतिः श्रेष्ठा अस्ति।

सन्दर्भाः–

1. निरुक्तम् - 1/20/1
2. निरुक्तम् दुर्गबृतिः
3. निरुक्तम्
4. निरुक्तम्- 1/15
5. निरुक्तम् - 1/05
6. सामवेद - 1/1
7. निरुक्तम् - 1/5/2
8. शु.य.वेद - 1/22
9. निरुक्तम् - 1/5/1 10
10. शु.य.- 3/6 11
11. निरुक्तम्-1/5/1
12. ऋ. 1/169/3
13. ऋ. 5/44/8
14. ऋ.6/12/4
15. ऋ. 8/77/4
16. ऋ.10/106/6
17. निरुक्तम् दुर्गाचार्य- 1/16
18. निरुक्तम् - 1/5

शोधच्छात्रः,

श्री सोमनाथ संस्कृत युनिवर्सिटी, वेरावलम्, (गुजरात)

जम्बुचरियं में भारतीय संस्कृति

डॉ. अमित कुमार

संस्कृति

संस्कृति किसी भी समाज में व्याप्त गुणों के समग्र रूप का नाम है। जो उस समाज को सोचने विचारने, कार्य करने, खाने-पिने, बोलने, गाने, नृत्य, साहित्य, कला, वास्तु आदि में परिलक्षित होती है। संस्कृति शब्द सम् उपसर्ग से (डु) कृ में सुट् आगम करके क्तिन् प्रत्यय करने से बनता है। जिसका शाब्दिक अर्थ परिष्कृत करना है। संस्कृति शब्द का प्रयोग कम से कम दो अर्थों में होता है, एक व्यापक और एक संकीर्ण।

सामान्य परिचय

संस्कृति सामाजिक अंतःकियाओं एवं सामाजिक व्यवहारों के उत्प्रेरक प्रतिमानों का समुच्चय है। इसके अन्तर्गत ज्ञान विज्ञान, आस्था, नैतिक मूल्य एवं प्रथाएँ समाविष्ट होती है।

संस्कृति के पक्ष

संस्कृति के दो पक्ष है- आधिभौतिक संस्कृति एवं भौतिक संस्कृति। सामान्य अर्थ में आधि भौतिक संस्कृति एवं भौतिक संस्कृति को सभ्यता के नाम से अभिहित किया जाता है। संस्कृति के ये दोनों पक्ष एक दूसरे से भिन्न होते हैं। संस्कृति अभ्यन्तर है। इसमें परम्परागम चिन्तन, कलात्मक अनुभूति, विस्तृत ज्ञान एवं धार्मिक आस्था का समावेश होता है। सभ्यता बाह्य वस्तु है, जिसमें मनुष्य की भौतिक प्रगति में सहायक सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और वैज्ञानिक उपलब्धियाँ सम्मिलित होती है। संस्कृति हमारे सामाजिक जीवन प्रवाह की उद्गम सील है और सभ्यता इस प्रवाह में सहायक उपकरण सदृश है। संस्कृति साध्य है और सभ्यता साध न है। संस्कृति सभ्यता की उपयोगिता के मुल्यांकन के लिए प्रतिमान उपस्थित करती है।

जम्बुचरियं विक्रम की 11वीं शती में गुणपाल मुनि के द्वारा रचित ग्रन्थ है। इसमें कुल सोलह उद्देश है। अन्तिम उद्देश का ताड़पत्र जैसलमेर से प्राप्त हुआ है जो अधिकांशतः खण्डित है, अतः सोलहवें दद्देश का संकलन सम्यकतया नहीं हो पाया है। इसमें संस्कृति के अन्तर्गत धर्म, व्यवहार, नीति एवं कला का सम्यक् प्रतिपादन किया गया है।

इसके प्रारम्भ में ही नमस्कार के कम में ही मिथ्यात्वरूपी विष के विनाश करने वाले तीर्थकर को नमस्कार किया है', उक्त स्थान पर आत्मशोधन के रूप में मिथ्यात्व का विनाश परिलक्षीत है।

नैतिक मूल्य (व्यवहार)

सम्पूर्ण जम्बुचरियं व्यवहारोपदेश से ओत-प्रोत है। सिद्धों को नमस्कार करते हुए निर्देशित है, जरा, मरण, रोग क्लेशादी रहित सिद्ध को नमस्कार है', अतः स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि इन

दोषों में एक भी दोष रहने पर वह सिद्ध नहीं होगा। सिद्ध बनने के लिए सभी प्रकार के दोषों का अन्त होना आवश्यक है जो उत्तम व्यवहार संस्कृति को इंगित करता है। आगे नमस्कार के क्रम में अज्ञान, मोह, सम्मोह युक्त भव्य जीवों को उत्तम ज्ञान देने वाली श्रुत देवी को नमस्कार करते हैं।

दुग्राह्य

खणरत्त–खणविरत्तं खणेण मम्माणि तह य मग्गंत।
दुट्ठकलत्तं व खलं विवज्जणीयं सयाकालं।।[3]

क्षण में जुड़ना, क्षण में अलग होना, क्षण में दुष्ट वचन बोलना और चल देना ऐसे दुष्ट पत्नी के समान खल हमेशा के लिए त्याग करने योग्य है। अच्छी प्रकार से बन्धे हुए उन्मत्त हाथी, सर्प, सिंह तथा व्याघ्र जिस प्रकार से दुग्राह्य हैं वैसे ही खल दुग्राह्य होते हैं। बुद्धिमानों के द्वारा सागर के जल का माप शायद लगाया जा सकता है, देव पर्वतों की उच्चाई का भी पता लगाया जा सकता है, लेकिल खल के हृदय को नहीं जाना जा सकता है। ऐसे दुष्टट लोग सामने कुछ ओर बोलते हैं, पिछे कुछ और बोलते हैं ओर हृदय में कुछ और रखते हैं। **सुयणा सहावउ च्चिय परदोस परम्मुहा जेण।**[4] सज्जनों का स्वभव परदोष से विमुख होना है। व्यवहार के आधार पर जम्बुचरियं में पुरुषों को पाँच प्रकार का और जिन सहित छह प्रकार का बतलाया गया है।

1. अधमाधम 2. अधम
3. मध्यम 4. मध्यमोत्तम
5. उत्तम 6. उत्तमोत्तम

अधमाधम

धर्म–अर्थ–काम से रहित पापी मधु, माँस, मद्य में लगे हुए निन्दीत कर्म को करने वाले भिलादि अधमाधम माने गए हैं।

अधम

इह लोक मात्र में प्रसन्न रहने वाले मोक्ष की निन्दा करने वाले जुआड़ी अधम है।[5]

मध्यम

धर्म, अर्थ काम की अविरत सेवा करने वाले ब्राह्मण कुटुम्बादि मध्यम हैं।

मध्योत्तम

धर्मादि में प्रसक्त यथाशक्ति विविध प्रकार के व्रतों का सेवन करते हुए, घर–पुत्र–स्त्री से निरत रहने वाले श्रेष्ठ श्रावक मध्यमोत्तम बतलाये गये हैं।

उत्तम

घर, पुत्र, स्त्री से विरत उत्तम मार्ग पर जानेवाले मोक्ष की गति में लगे हुए साधु उत्तम होते हैं।

उत्तमोत्तम

चौतीस अतिशयों से परिपूर्ण मनुष्यादि से पूजित तीर्थकर उत्तमोत्तम हैं। गुणवन्तों के मार्ग का

अनुसरण करने से गुणसमूह का विकास होता है। सूर्य की संगति से काला आकाश भी निमग्ल हो जाता है, कुटिल स्वभाव वाले इस संसार में गुण किस प्रकार के होते हैं ये मैं नहीं जानता हूँ, क्योंकि कमलिनि अमृत सदृश चन्द्र के किरणों की भी इच्छा नहीं करती है, इसलिए को चाहिये सदैव परोपकार में लगे रहें, जिन शासन में ज्ञान प्रकाशक है, तप शोधक है, संयम गुप्ति का कारक है, तिनों का समान योग जिनशासन में मोक्ष गतलाया गया है।[7] लेकिन जिव संसार रूपी सागर में अनेक कुभावनाओं से प्रभावित होकर पाप रूपी विषय की संगती को नहीं छोड़ता है। वह अभाग्य से किंपाक पुल के समान सुखदायक रस से परिपूण लेकिन अन्त में असम्यक् फल को देने वाले विषयों को नहीं जानता है। अच्छे लोगों के वचन मधु-घृत से सिकत की तरह मधुर लगते हैं। गुणहीन उसी प्रकार शोभा को प्राप्त नहीं करता जिस प्रकार तेल के विना दीप शोभा को प्राप्त नहीं करता है। कोध से होने वाले हानी की तरफ इंगित करके बतलाया गया है कि कोधी व्यक्ति न तो धर्म को जानता है न अधर्म को, न तो कार्य को जानता है न अकार्य को, न अर्थ को जानता है न अनर्थ को, न तो भक्ष्य को जानता है न अभक्ष्य को, न गम्य को जानता है न अगम्य को, न वाच्य को जानता हे न अवाच्य को, न सुगति को जानता हे न दुर्गति को, न पन्थ को जानता है न अपन्थ को इसलिए कोध का सर्वथा त्याग कर देना चाहिये।[7] मायावियों से सबको सावधान रहना चाहिये क्यों कि वे दुसरे को ढगते हैं। मायावी सर्प की तरह होते हैं, सर्प यदि नहीं काटे फिर भी भय कारक होता है। धर्म की सार्थकता के लिए सर्वप्रथम दयादि का पालन करना चाहिये क्योंकि धर्म तभी है यदि दया है, तप है, सन्तोष है, सत्य है, ब्रह्मचर्य है एवं सहनशीलता है। व्रत के रूप में प्राणातिपात से मन-वचन-काय से विरती प्रथम व्रत है। मन वचन-काय से असत्य की विरती दूसरा व्रत है। मन-वचन-काय से अदत्त की विरती तिसरा व्रत है। मन-वचन-काय से मैथुन की विरती चौथा व्रत है। मन-वचन-काय से परिग्रह की विरती पाँचवा व्रत है।[8] कोध-मान-माया-लोभ पर विजय कषायों पर विजय है। मन;वचन-काय से किसी को भी पिछा देना दंड कहा गया है। इन द्रडो से विरत होना चाहिए। जो संयमित आतमा है वह सदा संयम करती है, उसके द्वारा किया गया संयम आत्मा के लिये गुप्ती कहा गया है। ब्रह्मचर्य के लिए नव गुप्तियों का वर्णन प्राप्त होता है। स्त्री-पुरुष-नपुंसक रहित होना यह प्रथम गुप्ती है। रंगशाला की बात, स्त्री कथा का वर्जन करना द्वितीय गुप्ती है। स्त्री आसन का त्याग करना तृतीय गुप्ती है। स्त्री अंगों का अवलोकन न करना चौथी गुप्ती है। आन्तरिक मैथुन संसर्ग का परित्याग पाँचवी गुप्ती है। जो स्त्रियों के साथ पूर्व में रमण किया है, उसको याद न करना छठी गुप्ती है। सातवी गुप्ती अधिक आहार को वर्जित करना है। अधिक माया को धारण नहीं करना आठवी गुप्ती है। नौवीं गुप्ती अलंकार का सर्वदा धारण नहीं करना है।

कला

इस ग्रन्थ में बहुत सारे वाद्य यन्त्रों का वर्णन प्राप्त होता है जैसे- वीणा, मुकुन्द, वापी, भेरी, मृदंग, शंख, घंटा, करताल, काहल(बड़ा ढोल), बाँसुरी, दुर्दुर, दुदुन्भी।

स्त्री वर्णन

राजगृह नगर का वर्णन करते हुए वर्णन आया है, वहाँ की महिलायें सरल स्वरूप, विज्ञान-कला में पारंगत, विनम्र, देव स्त्रियों के समान थी।

पुरुष वर्णन

जहाँ दूसरों के स्त्रियों से विमुख, दूसरे के दोष को न देखने वाले, दुसरे के धन को न ग्रहण करने वाले गुणज्ञ पुरुष निवास करते थे।

प्रस्तुत शोधालेख में जम्बुचरियं के आधार पर यथा सम्भव संस्कृति के समस्त अंगो को प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

संदर्भ–

1. जम्बुचरिय1/2 2. वही 1/5
4. वही 1/18 5. वही 1/28
6. वही 4/82-83 7. वही 5/178-182 8. वहीं 5/262

पी.डी.एफ (प्राकृत)
